CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

हल्द्वानी, शुक्रवार 14 नवम्बर 2025 हल्द्वानी संस्करण: वर्ष 23 अंक 79 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

अधिकतम :27°C
न्यूनतम: 12°C

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष 9 विक्रमी सम्वत् 2082 | 22 जमादिउल उला 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



हर कश्मीरी आतंकी नहीं, कुछ ही लोग भंग कर रहे शांति: उमर अब्दुल्ला पेज 2



भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच दो टेस्ट मैचों की सीरीज आज से खेल टाइम्स



और कितना गिरेंगे टीवी चैनल सम्पादकीय



पाकिस्तान में आर्मी चीफ आसिम मुनीर को मिली तीनों सेनाओं की कमांड पेज 12

## दिल्ली लालकिला ब्लास्ट में बड़ा खुलासा, अहम सुराग मिले

# बाबरी विध्वंस का बदला लेना चाहते थे आतंकी

- देशभर में 32 कारों के जरिये धमाके की रची गई थी साजिश, लालकिले के पास कार ब्लास्ट इसी योजना का हिस्सा था
- आतंकियों ने सेशन एप यूज किया, रजिस्ट्रेशन के लिए फोन नंबर, ईमेल जरूरी नहीं, मैसेज ट्रेसिंग मुश्किल काम
- तुर्की से हुई थी ब्लास्ट की प्लानिंग, सेशन एप से आतंकियों को मिले निर्देश, तुर्की ने आरोपों को नकारा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** लालकिले के पास 10 नवम्बर को हुए धमाके की जांच में गुरुवार को बड़ा खुलासा हुआ है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक आतंकी 6 दिसम्बर, यानी बाबरी मस्जिद ढहाए जाने की बरसी के दिन दिल्ली समेत कई जगह धमाके करना चाहते थे। इसके लिए उन्होंने 32 कारों का इंतजाम किया था। इनमें बम और विस्फोटक सामग्री भरकर धमाके किए जाने थे। इनमें ब्रेजा, स्विफ्ट डिजायर, इकोस्पोर्ट और आई-20 जैसी गाड़ियां शामिल थीं।

जांच एजेंसियों को अब तक चार कारें बरामद हो चुकी हैं। 10 नवम्बर को जिस आई-20 कार में धमाका हुआ था, वह इसी सीरियल रिवेंज अटैक का हिस्सा थी। ब्लास्ट से अब तक 13 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 20 लोग घायल हैं, जिनमें से तीन की हालत नाजुक बताई जा रही है। बताया जा रहा है कि दिल्ली के रेड फोर्ट के पास हुए हमले में शामिल आतंकियों ने एन्क्रिप्टेड एप्स का इस्तेमाल किया था। एन्क्रिप्टेड एप्स यानी मैसेज सिर्फ सेंडर और रिसीवर ही पढ़ सकते हैं। इसमें तीन बड़े एप्स का नाम सामने आया है। टेलीग्राम, सिग्नल और सेशन। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक आरोपी डाक्टर मुजम्मिल ने पूछताछ में कबूल किया कि उन्होंने इन्हीं एप्स की मदद से अपने हैंडलर्स से बात की थी। टीओआई की एक रिपोर्ट के -शेष पृष्ठ दो पर

### डीएनए टेस्ट से डा. उमर के विस्फोटक वाली कार में होने की हुई पुष्टि





**नई दिल्ली।** डीएनए परीक्षण से पुष्टि हो गई है कि लाल किला मेट्रो स्टेशन के पास जिस कार में विस्फोट में हुआ था उसे डा. उमर नबी ही चला रहा था क्योंकि उसके स्टीयरिंग व्हील में मिले पैर के हिस्से और नबी की मां के डीएनए नमूने आपस में मिल रहे हैं। दिल्ली पुलिस के अनुसार नबी की मां के डीएनए नमूने और नबी के पैर के डीएनए आपस में मैच हो रहे हैं। जांचकर्ताओं को यह सफलता तब मिली जब डा. नबी का पैर कार के स्टीयरिंग व्हील और एक्सीलेटर के बीच फंसा हुआ पाया गया। इससे संकेत मिलता है कि विस्फोट के समय वह कार चला रहा था। एक पुलिस अधिकारी ने कहा कि कुल 21 जैविक नमूने जांच के लिए फोरेंसिक साइंस लैबोरेटरी (एफएसएल) भेजे गए थे।

### डा. उमर और मुजम्मिल के कमरों से मिलीं डायरियां

**नई दिल्ली।** कार विस्फोट मामले की जांच कर रही एजेंसियों ने अल फलाह विश्वविद्यालय स्थित डा. उमर नबी और डा. मुजम्मिल के कमरों से उनकी डायरियां बरामद की हैं। सूत्र ने बताया कि ये डायरियां अल फलाह विश्वविद्यालय परिसर के अंदर से बरामद की गईं। इनमें से एक डा. उमर के कमरा नंबर चार से और दूसरी डा. मुजम्मिल के कमरा नंबर 13 से बरामद की गईं। इसके अलावा, पुलिस ने डा. मुजम्मिल द्वारा इस्तेमाल किए गए एक कमरे से एक और डायरी भी जब्त की है। यह वही जगह है जहां से पहले 360 किग्रा विस्फोटक जब्त किया गया था। यह कमरा अल फलाह विश्वविद्यालय से लगभग 300 मीटर की दूरी पर स्थित है। बरामद डायरियों और नोटबुक्स में कोड शब्द हैं, जिनमें आठ नवम्बर से 12 नवम्बर के बीच की तारीखों का जिक्र है। डायरियों में 'ऑपरेशन' शब्द कई बार लिखा है।

### दोषियों को मिलेगी सख्त सजा: शाह

**अहमदाबाद/नई दिल्ली।** गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि विस्फोट के दोषियों को दी जाने वाली सख्त से सख्त सजा दुनिया को यह संदेश देगी कि कोई भी दोबारा ऐसे हमले के बारे में सोचने की हिम्मत न करे। शाह ने गुजरात के मेहसाणा जिले के बोरियावी गांव में मोतीभाई आर चौधरी सागर सैनिक स्कूल और सागर आर्गेनिक प्लांट के उद्घाटन कार्यक्रम को वीडियो लिंक के जरिये संबोधित किया। जिन लोगों ने इस कायराना हरकत को अंजाम दिया है और जो इसके पीछे हैं, उन्हें सख्त से सख्त सजा दी जाएगी।

## पायलट पर नहीं डाली गई हादसे की जिम्मेदारी

शाह टाइम्स ब्यूरो



**सुप्रीम कोर्ट में एयर इंडिया क्रैश मामले की सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार ने अपना पक्ष रखा**

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में एयर इंडिया क्रैश मामले की सुनवाई जारी है। इस बीच केंद्र सरकार ने शीर्ष अदालत में पक्ष रखते हुए कहा कि प्राथमिक जांच रिपोर्ट में एयर इंडिया के पायलट को दुर्घटना के लिए जिम्मेदार नहीं बताया गया है।

नागर विमानन मंत्रालय ने कोर्ट में कहा है कि एयरक्राफ्ट एक्सीडेंट इन्वेस्टिगेशन ब्यूरो (एएआईबी) की जांच टीम को अंतर्राष्ट्रीय चलन के तहत गठित किया गया था। यह जांच अभी भी जारी है। गौरतलब है कि गुजरात के अहमदाबाद में एयर इंडिया का विमान उड़ान भरने के चंद सेकंड बाद दुर्घटना का शिकार हो गया था। इस घटना में 265 लोगों की जान चली गई थी। एएआईबी के अंतर्गत हुई जांच में इस मामले में कई अहम पहलुओं का खुलासा हुआ था। हालांकि, इस रिपोर्ट के सामने आने के बाद विमान को उड़ाने वाले एक पायलट के पिता ने सुप्रीम कोर्ट का रुख कर दिया था। पिछली सुनवाई में सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में केंद्र सरकार और डीजीसीए से जवाब मांगा था। सुप्रीम कोर्ट की जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच के सामने सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो (एएआईबी) की जांच टीम अंतर्राष्ट्रीय नियमों के तहत गठित की गई है और इसका गठन कानूनी प्रावधानों के तहत किया गया है। जस्टिस बागची ने कहा कि एएआईबी की जांच किसी पर दोषारोपण के लिए नहीं होती, बल्कि इसका मकसद दुर्घटना के कारणों का पता लगाना होता है, ताकि भविष्य में -शेष पृष्ठ दो पर

## संक्षिप्त समाचार

### दिल्ली धमाके के बाद बढ़ा धमकियों का सिलसिला

**नई दिल्ली।** दिल्ली धमाके के बाद से ही पूरे देश की एजेंसियां अलर्ट पर हैं। इसके बावजूद पिछले दो दिनों से लगातार एयरपोर्ट से लेकर कई उड़ानों को बम से उड़ाने की धमकी मिल रही हैं। कनाडा के टोरंटो से दिल्ली आ रही उड़ान को बम की धमकी मिली। इसके बाद दिल्ली में विमान की सुरक्षित लैंडिंग कराई गई। विमान में मौजूद सभी यात्रियों और चालक दल के सदस्यों को सुरक्षित उतार लिया गया।

### चैतन्य बघेल की 61 करोड़ रुपये की सम्पत्ति कुर्क

**नई दिल्ली।** ईडी के रायपुर आंचलिक कार्यालय ने छत्तीसगढ़ शराब घोटाले की जारी जांच के सिलसिले में आरोपी और पूर्व सीएम भूपेश बघेल के पुत्र चैतन्य बघेल की 61.20 करोड़ रुपये मूल्य की अचल/चल संपत्तियां अस्थायी रूप से कुर्क की हैं।

# पुणे में 25 गाड़ियां टकराईं नौ की मौत, पांच जिंदा जले

### ट्रक का ब्रेक फेल होने से कार-कंटेनर में लगी आग

पुणे, वार्ता



**पुणे के बाहरी** इलाके में नवले ब्रिज के पास गुरुवार शाम ट्रक का ब्रेक फेल होने से 20 से 25 गाड़ियां आपस में टकरा गईं। ट्रक सबसे पहले एक कार में टकराया। कार आगे जा रहे कंटेनर से भिड़ गई और उसमें आग लग गई। कंटेनर भी जल गया।

हादसे में कार सवार 5 लोग जिंदा जल गए। ट्रक ड्राइवर समेत 9 लोगों की मौत हो गई। हादसे में करीब 20 लोग घायल भी हुए हैं। पुलिस के मुताबिक, हादसा पुणे-नासिक हाईवे पर भोरगांव के पास हुआ। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार बुरी तरह से कंटेनर और ट्रक के बीच दब गई और आग लगने के कुछ सेकंड में ही लपटों में घिर गई। मृतकों की पहचान की जा रही है। हादसे के बाद करीब एक घंटे तक हाईवे पर ट्रैफिक प्रभावित रहा। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस और फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग पर काबू पाया। हादसे में घायल हुए सभी लोगों को पास के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया जा रहा है कि सतारा से पुणे की ओर आ रहे दोनों ट्रकों के बीच कार फंस गई थी। हादसे के कारण नवले ब्रिज पर लंबा जाम लग गया है। इसके अलावा ट्रक में भी आग लग गई इससे ड्राइवर बाहर नहीं निकल सका। उसकी भी मौत हो गई। पीछे एक यात्री वाहन था, वह भी आग की चपेट में आ गया। उसमें 17-18 लोग सवार थे। सभी घायल हुए हैं। इसके अलावा कुछ कारें और अन्य वाहन भी आपस में टकरा गए। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडनवीस ने हादसे पर गहरा दुख जताया। उन्होंने मृतकों के परिवार को 5-5 लाख रुपये की मदद देने का ऐलान किया है।

# 1962 के युद्ध के बाद बंद न्योमा एयरबेस फिर शुरू

शाह टाइम्स ब्यूरो



**चीन बॉर्डर के पास लद्दाख में 13000 फीट ऊंचाई पर बना, एयरफोर्स चीफ ने लैंड किया एयरक्राफ्ट**

**नई दिल्ली।** पूर्वी लद्दाख में चीन की सीमा के पास न्योमा एयरबेस को बुधवार को फिर से शुरू किया गया। भारतीय वायुसेना प्रमुख चीफ मार्शल एपी सिंह ने इसका उद्घाटन किया। उन्होंने गाजियाबाद के हिंडन एयरबेस से सी-130जे ट्रांसपोर्ट एयरक्रॉफ्ट उड़ाकर न्योमा एयरबेस में लैंडिंग की। उनके साथ पश्चिमी वायु कमान के प्रमुख एयर मार्शल जितेंद्र मिश्रा भी थे।

न्योमा एयरबेस 13,710 फीट की ऊंचाई पर है और यह दुनिया के सबसे ऊंचे एयरबेस में से एक है। यह चीन की सीमा एलएसी से करीब 25 किलोमीटर दूर है और इसमें 2.7 किलोमीटर लंबा रनवे है। यह एयरबेस 1962 में शुरू हुआ था, लेकिन भारत-चीन युद्ध के बाद बंद कर दिया गया था। 2023 में इसे फिर से आधुनिक एयरबेस बनाने का काम शुरू हुआ और अब 12 नवम्बर को इसे दोबारा खोला गया है। वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने मुध-न्योमा एयरबेस का उद्घाटन किया। यहां से लड़ाकू विमान, ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट और हलीकॉप्टर उड़ान भर सकते हैं। इसे करीब 218 करोड़ की लागत से बनाया गया है। यहां से सैनिकों और हथियारों को तेजी से एक जगह से दूसरे जगह पहुंचाने में मदद मिलेगी। मुध-न्योमा नाम बेस के पास स्थित मुध गांव से लिया गया है। न्योमा लद्दाख में वायुसेना का चौथा बेस है। अन्य 3 एयरबेस लेह, कारगिल और थोईस में स्थित हैं। इनमें कारगिल एयरबेस लगभग 10,500 फीट पर स्थित है। इसके अलावा भारतीय वायुसेना स्पेशल ऑपरेशन एयरक्रॉफ्ट और हेलीकॉप्टरों के लिए उत्तरी लद्दाख में शिथ्थि दौलत बेग ओल्डी में मिट्टी से बने रनवे का इस्तेमाल करती है। यह 16,700 फीट की ऊंचाई पर स्थित विश्व का सबसे ऊंचा एयरफील्ड है। रक्षा मंत्रालय एलएसी से सटे सभी हवाई ठिकानों और एडवांस्ड लैंडिंग ग्राउंड्स (एएलजी) का आधुनिकीकरण कर रहा है। इसी कड़ी में दौलत बेग ओल्डी एएलजी में भी आधारभूत ढांचा मजबूत किया जा रहा है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सितम्बर 2023 में न्योमा एयरबेस प्रोजेक्ट का शिलान्यास किया था। इसे बॉर्डर रोड्स ऑर्गेनाइजेशन (बीआरओ) ने पूरा किया।



## संक्षिप्त समाचार

### मां ने दुधमुंहे पुत्र को चुल्हे में जलाया फिर लगाई फांसी

**सोनभद्र।** उत्तर प्रदेश में सोनभद्र जिले के बभनी थाना क्षेत्र में एक महिला ने रात में सोते समय अपने दस माह के पुत्र को चुल्हे की आग में डालकर जला दिया और फिर फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। पुलिस सूत्रों ने गुरुवार को बताया कि आसनडीह ग्राम पंचायत के जोबेदह गांव में पतिराज की 28 वर्षीय पत्नी राजपति बुधवार शाम अपने मायके से अपने घर ससुराल आई थी। रात्रि में सभी लोग खाना खाकर सोने चले गए थे। रात्रि में पत्नी राजपति भी अपने 10 माह के बेटे को लेकर एक कमरे में सोने चली गई जबकी बघ बेटा अपने मामा के साथ सोने चला गया था। सभी लोगों के सोने के बाद वह अपने छोटे बेटे को जलते चूल्हे में डालकर जला दिया और खुद घर के अंदर बड़ेर में साड़ी का फंदा बनाकर फांसी लगा ली। गुरूवार की सुबह जब परिजन सो कर उठे, तो घटना देखकर स्तब्ध रह गए। राजपति का शव फांसी के फंदे पर लटक रहा था, जबकि दस वर्षीय बालक का शव चूल्हे में पड़ा हुआ था। परिजनों ने घटना की जानकारी पुलिस को दिया।

### कश्मीर में तापमान में गिरावट जारी

**श्रीनगर।** कश्मीर में बुधवार रात का तापमान शून्य से नीचे गिर गया जो इस मौसम की अब तक की सबसे ठंडी रातों में से एक थी। मौसम विभाग ने यह जानकारी दी है। मौसम विभाग के अनुसार, श्रीनगर में न्यूनतम तापमान शून्य से 2.1 डिग्री कम दर्ज किया गया, जो इस मौसम की सबसे ठंडी रात रही। श्रीनगर में तापमान साल के इस समय के सामान्य तापमान से 3.4 डिग्री कम रहा। जम्मू में कल अधि. कतम तापमान 17 डिग्री दर्ज किया गया।

### पांच राज्यों की समीक्षा बैठक में बोली बसपा प्रमुख मायावती

# सरकार की नीतियों से श्रमिक संकट में

लखनऊ, वार्ता



■ दिल्ली, राजस्थान, एमपी, छत्तीसगढ़ और गुजरात राज्यों की समीक्षा बैठक में दिया मार्गदर्शन

बहुजन समाज पार्टी अध्यक्ष मायावती ने गुरुवार को कहा कि सरकार की गलत नीतियों के कारण श्रमिक वर्ग का जीवन संकट में है, जबकि उनके कल्याण के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाए जा रहे हैं।

सुश्री मायावती ने दिल्ली, राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और गुजरात राज्यों की समीक्षा बैठक में पार्टी संगठन की तैयारियों और आगामी राजनीतिक गतिविधियों को लेकर विस्तृत मार्गदर्शन दिया। बैठक में बूथ स्तर पर संगठन को सशक्त बनाने, जनसंपर्क को अधिक व्यापक बनाने तथा जनहित के मुद्दों पर पार्टी की सक्रियता को तेज करने पर विशेष जोर दिया गया। उन्होंने कहा कि इन राज्यों में बढ़ती गरीबी, बेरोजगारी और महंगाई के कारण लोगों का जीवन स्तर बुरी तरह प्रभावित हुआ है। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र व राज्य सरकारें जनहित के वास्तविक मुद्दों से हटकर राजनीति में उलझी हुई हैं, जिसके कारण आम लोगों की समस्याएं अनसुलझी हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली की तरह बाकी राज्यों की स्थिति भी चिता. जनक है और इस वजह से जनता में गहरा असंतोष है। मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में कानून-व्यवस्था की बिगड़ी स्थिति का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि अपराध, भ्रष्टाचार और प्रशासनिक लापरवाही के कारण जनता बेहद परेशान है। इन राज्यों में सामाजिक एवं जातिगत तनाव और घटनाओं पर उन्होंने सरकारों को कठोर कार्रवाई करने की नसीहत दी। बसपा अध्यक्ष ने पार्टी पदाधिकारियों से कहा कि वे जन-आंदोलन को और मजबूत करें तथा बहुजन समाज को राजनीतिक रूप से जागरूक करने के लिए प्रभावी अभियान चलाएं। उन्होंने पार्टी के 'जनहित सर्वोपरि' सिद्धांत को लागू करने पर जोर देते हुए कहा कि बसपा ही वह विकल्प है जो जनता को सम्मान, सुरक्षा और समान अवसर दिलाने में सक्षम है। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि आगामी 6 दिसम्बर को परमपूज्य बाबा साहेब डा. भीमराव अंबेडकर का परिनिर्वाण (महापरिनिर्वाण) दिवस दिल्ली, राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और गुजरात में व्यापक स्तर पर मनाया जाएगा। यह आयोजन पार्टी के मिशनरी स्वरूप के अनुरूप होगा, जिसमें किसी प्रकार का राजनीतिक दिखावा नहीं बल्कि सामाजिक समर्पण मुख्य केंद्र में रहेगा। इस दौरान पार्टी ने सभी राज्यों के कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में 'बहुजन समाज' को मजबूत करने और शोषित वर्ग को राजनी. तिक शक्ति दिलाने के प्रयासों को तेज करें।

### लालकिला के पास हमले को किस प्रकार ले रही है सरकार: कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि पहलगाम के बाद 'ऑपरेशन सिदूर' के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उनकी सरकार ने कहा था कि किसी भी आतंकी हमले को 'एक्ट ऑफ वॉर' माना जाएगा इसलिए देश जानना चाहता है कि लालकिला के पास हुए हमले को वह किस तरह से ले रही है। कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने गुरुवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि उसने आपरेशन सिंदूर के दौरान इस तरह के हमलों को 'एक्ट ऑफ वॉर' मानने की बात कही थी ।अब वह इस हमले को लेकर क्या कर रही है, यह बात सरकार को देश के लोगों को बतानी चाहिए। उन्होंने कहा ष्हम यह जानना चाहते हैं कि सरकार इस हमले को किस तरह से देख रही है, क्योंकि इस हमले को बाहरी ताकतों के द्वारा समर्थन, शक्ति और प्रेरणा मिल रही है।

# अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेले में यूपी के 343 ओडीओपी स्टॉल लगेंगे

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ 2750 प्रतिभागी लेंगे मेले में भाग

**लखनऊ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' की थीम पर आधारित 44वें अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेले 2025 का आयोजन भारत मंडपम, नई दिल्ली में 14 से 27 नवम्बर तक किया जा रहा है।

उत्तर प्रदेश 44वें अतंर्राष्ट्रीय व्यापार मेले में अपनी 'लोकल टू ग्लोबल' की आर्थिक रणनीति को वैश्विक स्तर पर प्रदर्शित करेगा। जिसका मुख्य उद्देश्य उत्तर प्रदेश को एक वैश्विक व्यापर के केंद्र के तौर पर विक. सित करना, साथ ही प्रदेश के स्थानीय उत्पादों की पहुंच वैश्विक बाजार तक स्थापित करना है।

इसके अतिरिक्त उत्तर प्रदेश सरकार की मंशा इस मेले को राज्य की 'वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट' (ओडीओपी) योजना, युवा स्टार्टअप्स और बढ़ती हुई महिला उद्यमिता को प्रदर्शित करने के लिए भी की जाएगी। भारत अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेला 2025 में उत्तर प्रदेश एक साझीदार राज्य के रूप में शामिल हो रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की 'लोकल टू ग्लोबल' की मुहीम को अंतर्राष्ट्रीय मंच पर प्रदर्शित करने के उद्देश्य से राज्य के 2,750 से अधिक प्रदर्शक भागीदारी करेंगे। साथ ही इस मेले में 343 स्टॉल ओडीओपी योजना के अंतर्गत स्थापित किए जाएंगे। व्यापार मेले में राज्य की ओर से लगाए जा रहे ओडीओपी स्टॉल्स में आगरा का पेठा, बनारसी हस्तशिल्प, भदोही की कार्पेट, मेरठ के खेल सामान, कानपुर के चमड़े के उत्पाद, फिरोजाबाद के ग्लासवेयर और सहारनपुर की लकड़ी की कलाकृतियों जैसे उत्पादों को अंतर्राष्ट्रीय खरीदारों के सामने प्रदर्शित किया जाएगा।

# समय से उपलब्ध कराएं विसरा रिपोर्ट

प्रयागराज, वार्ता



■ हाईकोर्ट ने सीएस व डीजीपी को दिए निर्देश

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने मुख्य सचिव, डीजीपी और प्रमुख सचिव चिकित्सा स्वास्थ्य को विसरा की फोरेंसिक जांच रिपोर्ट समय से उपलब्ध कराने की व्यवस्था करने के निर्देश दिए हैं। कोर्ट ने कहा कि विवेचना अधिकारियों को समय पर विसरा रिपोर्ट मिलनी चाहिए। विसरा रिपोर्ट के बिना चार्जशीट दाखिल करने पर कहा कि अध. ूरी विवेचना करके मौत का कारण जाने बिना चार्जशीट दाखिल करना सही नहीं है।

यह आदेश न्यायमूर्ति समित गोपाल ने दहेज हत्या के मामले में आरोपी रामरतन निवासी फर्रुखाबाद की जमानत अर्जी खारिज करते हुए दिया है। कोर्ट ने फॉरेंसिक विज्ञान प्रयोगशालाओं से विसरा रिपोर्ट जांच एजेंसियों तक पहुंचने में हो रही देरी को चिंताजनक बताया।

साथ ही मुख्य सचिव, डीजीपी और महानिदेशक चिकित्सा स्वास्थ्य को स्थिति की जांच करने और यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि विसरा रिपोर्ट समय की बर्बादी किए बिना जल्द उपलब्ध कराई जाए, ताकि जांच के दौरान पूर्ण, उचित और प्रभावी मूल्यांकन संभव हो सके। कोर्ट ने कहा कि मृतक का विसरा फरवरी 2024 में झांसी स्थित प्रयोगशाला भेजा गया था। सितंबर 2024 में तैयार किया गया, लेकिन रिपोर्ट पहली फरवरी 2025 तक जांच अधिक. ारी को नहीं मिली। इसके बाद ही केस डायरी में संलग्न की गई, जबकि आरोप पत्र 13 सितंबर 2024 को ही दाखिल किया जा चुका था। विसरा रिपोर्ट मिलने से पहले 11 नवंबर 2024 को मामले का संज्ञान ले लिया गया था। आरोप-पत्र दाखिल कर दिया गया, इससे स्पष्ट होता है कि जहां तक मृत्यु के कारण का प्रश्न है, वह निर्णायक नहीं था। इस देरी से यह भी पता चलता है कि जांच किसी न किसी रूप में अधूरी थी। कोर्ट ने इस बात पर जोर दिया कि ऐसे महत्वपूर्ण साक्ष्य समय रहते जांच एजेंसी के पास होना चाहिए।

# हर कश्मीरी आतंकी नहीं, कुछ लोग भंग कर रहे शांति



जम्मू, वार्ता

कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने दिल्ली में लाल किले के पास हुए बम विस्फोट की कड़ी निंदा करते हुए कहा है कि यह घटना मानवता, शांति और भाईचारे पर एक बर्बर हमला है। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर के सभी लोगों को आतंकवादी कहना अनुचित है, क्योंकि कुछ गुमराह लोग ही राज्य की शांति को नुकसान पहुंचा रहे हैं।

अब्दुल्ला ने गुरुवार को यहां पत्राकारों से बातचीत में कहा कि यह विस्फोट बेहद निंदनीय है। किसी भी धर्म में निर्दोष लोगों की हत्या की इजाजत नहीं है। घटना की जांच होनी चाहिए, लेकिन हमें यह भी याद रखना होगा कि हर कश्मीरी आतंकवादी नहीं है और केवल कुछ ही लोग हैं जो शांति और भाईचारा खराब कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि ऐसी दुखद घटनाओं के बाद जब हर कश्मीरी मुसलमान को संदेह की दृष्टि से देखा जाता है, तो यह न केवल अन्याय है, बल्कि सामा. जिक सद्भाव को भी प्रभावित करता है। मुख्यमंत्री ने विस्फोट के लिए जिम्मेदार लोगों को कड़ी सजा देने की मांग की, लेकिन इस बात पर जोर दिया कि निर्दोष लोगों को परेशान नहीं किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि इसमें शामिल लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए।

### शाहीन सईद का अतीत टटोलने प्रयागराज पहुंची सुरक्षा एजेंसियां

**प्रयागराज।** दिल्ली बम ब्लास्ट के मामले में सुरक्षा एजेंसियों ने बुधवार शाम प्रयागराज के मोती लाल नेहरू राजकीय मेडिकल कॉलेज में आकर संदिग्ध आतंकी शाहीन सईद से संबंधित दस्तावेज खंगाले। बम ब्लास्ट के बाद गिरफ्तार की गई डॉक्टर शाहीन सईद का प्रयागराज मेडिकल कॉलेज से भी नाता रहा है। बताया जा रहा है की वर्ष 1996 में डॉक्टर शाहीन सईद ने एमबीबीएस में प्रवेश लिया था और मेडिकल कॉलेज के गर्ल्स हॉस्टल में रहते हुए 2002 में एमबीबीएस की पढ़ाई पूरी की थी।

### जम्मू-कश्मीर में सीआईके की 13 स्थानों पर छापेमारी

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर पुलिस की काउंटर इंटेलिजेंस कश्मीर द्धसीआईकेत्रः शाखा गुरुवार को दिल्ली बम विस्फोट मामले की जांच के सिलसिले में घाटी में लगभग 13 स्थानों पर एक साथ छापेमारी कर रही है। अधिकारियों ने बताया कि सीआईके और आपराधिक जांच विभाग (सीआईडी) संयुक्त रूप से यह छापेमारी अभियान चला रहे हैं, ताकि बड़ी साजिश का पता लगाया जा सके। उन्होंने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य विस्फोट की साजिश से जुड़े संदिग्ध व्यक्तियों और जैश-ए-मुहम्मद की संलिप्तता का पता लगाना है।



सेंसेक्स 84478.67
निफ्टी 25879.15



सोना रु. 127000
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 159000
प्रति किलो



# शेयर बाजार: सपाट बंद हुए प्रमुख सूचकांक

## बिकवाली हावी रहने से रहा उतार-चढ़ाव, सेंसेक्स और निफ्टी हरे निशान पर बंद हुए

मुंबई, वार्ता




घरेलू शेयर बाजारों में गुरुवार को कुल मिलाकर बिकवाली हावी रही, हालांकि प्रमुख सूचकांक दिन भर के उतार-चढ़ाव के बाद अंत में लगभग सपाट बंद हुए। बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 12.16 अंक (0.01 प्रतिशत) की मामूली बढ़त से 84,478.67 अंक पर पहुंच गया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी.50 सूचकांक भी 3.35 अंक यानी 0. 01 फीसदी चढ़कर 25,879.15 अंक पर बंद हुआ। दोनों सूचकांक लगातार चौथे दिन हरे निशान में बंद हुए हैं। मझौली और छोटी कंपनियों में बिकवाली देखी गई। निफ्टी में मिडकैप और स्मॉलकैप के सभी सूचकांक लाल निशान में बंद हुए। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.34 प्रतिशत और स्मॉलकैप.100 सूचकांक 0.37 प्रतिशत लुढ़क गया। बैंकिंग, एफएमसीजी, आईटी और ऑटो सेक्टरों ने बाजार पर ज्यादा दबाव बनाया। वहीं धातु, फार्मा और रियलिटी सेक्टरों में आज तेजी देखी गई। एनएसई में जिन 3,187 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, उनमें से 1,732 के शेयर टूट गए, जबकि 1,367 में तेजी रही। शेष 62 कंपनियों के शेयर अंततः अपरिवर्तित बंद हुए। सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से 18 के शेयर लाल निशान में और शेष 12 के हरे निशान में बंद हुए। एशियन पेंट्स का शेयर सबसे अधिक 3.81 प्रतिशत उछला। आईसीआईसीआई बैंक में 1.99 प्रतिशत और पावर ग्रिड तथा एलएंडटी दोनों में 1.16 प्रतिशत की तेजी रही। बजाज फिनसर्व, भारती एयरटेल, सन फार्मा, मारुति सुजुकी, अल्ट्राटेक सीमेंट, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, एक्सिस बैंक और एनटीपीसी के शेयर भी बढ़त में बंद हुए। इटरनल में सबसे अधिक 3.63 प्रतिशत की गिरावट रही। टाटा मोटर्स कमर्शियल व्हीकल्स का शेयर 2.26 फीसदी, महिंद्रा एंड महिंद्रा का 1.45, ट्रेंट का 1.19, टाटा स्टील का 1.15, बीईएल का 1.10 और टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स का 1.06 प्रतिशत टूट गया। इनके अलावा टीसीएस, हिंदुस्तान यूनीलिवर, बजाज फाइनेंस, इंफोसिस, अडानी पोर्ट्स, टाइटन, टेक महिंद्रा, आईटीसी, भारतीय स्टेट बैंक, एचडीएफसी बैंक और कोटक महिंद्रा बैंक के शेयरों में भी गिरावट रही। एशियाई बाजारों में चीन का शंघाई कंपोजिट 0.73 प्रतिशत, हांगकांग का हैंगसेंग 0.56 प्रतिशत और जापान का निक्केई 0.43 प्रतिशत चढ़ा।

### सोने और चांदी की कीमतों में फिर तूफानी तेजी

**नई दिल्ली।** गुरुवार को सोने की कीमतें फिर से 1.27 लाख प्रति 10 ग्राम के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई। एक्सपर्ट्स का मानना है कि साल के अंत तक सोना +4,300 से +4,600 प्रति औंस तक जा सकता है। घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में निवेशकों की मजबूत खरीदारी देखने को मिली। यह बढ़त अमेरिका में ब्याज दरों में कटौती की उम्मीदों और भू-राजनीतिक तनाव के कारण आई है। भारत में गुरुवार दोपहर 2.26 बजे तक एमसीएक्स पर सोना 0.95 प्रतिशत की बढ़त के साथ 1,27,666 पर कारोबार कर रहा था। ज्वेलरी बाजार में एक किलो चांदी की बिक्री 159,000 रूपये प्रति किलो है। इस तरह एक किलो हॉल मार्क वाले चांदी के आभूषणों बिक्री 157,000 रूपये प्रति किलो हो रही है।

# चावल, गेहूं, खाद्य तेलों में नरमी, दालों में घट-बढ़



**नई दिल्ली।** घरेलू थोक जिंस बाजारों में गुरुवार को चावल की औसत कीमत घट गई। चावल के साथ गेहूं और खाद्य तेलों में भी नरमी रही। चीनी में कमोबेश टिकाव देखा गया जबकि दालों में उतार-चढ़ाव रहा। विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का जनवरी वायदा दो रिंगिट चढ़कर 4,126 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। अमेरिकी सोया तेल का दिसम्बर वायदा भी 0.67 प्रतिशत के मजबूती के साथ 50.96 डॉलर के भाव बोला गया।

घरेलू थोक जिंस बाजारों में चावल की औसत कीमत तीन रुपये घटकर 3,839.05 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गई। गेहूं भी 14 रुपये टूटकर 2,853.53 रुपये प्रति क्विंटल के भाव बिका। आटे की कीमत में छह रुपये की गिरावट रही और यह 3,303.64 रुपये प्रति क्विंटल पर रहा। खाद्य तेलों में आज नरमी देखी गई। मूंगफली तेल की औसत कीमत 19 रुपये प्रति क्विंटल घट गई। सरसों तेल सात रुपये सस्ता हुआ। सोया तेल के दाम 45 रुपये प्रति क्विंटल गिर गए। पाम ऑयल 33 रुपये प्रति क्विंटल फिसल गया। वनस्पति भी 61 रुपये और सूरजमुखी तेल 25 रुपये प्रति क्विंटल सस्ता हुआ। दाल.दलहनों में उतार-चढ़ाव रहा। मूंग दाल आठ रुपये प्रति क्विंटल सस्ती हुई। मसूर दाल की कीमत नौ रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। चना दाल सात रुपये और उड़द दाल 13 रुपये प्रति क्विंटल टूट गई। तुअर दाल के दाम लगभग गत दिवस के स्तर पर ही रहे। गुड़-चीनी: मीठे के बाजार में आज गुड़ की औसत कीमत 11 रुपये प्रति क्विंटल घट गई। वहीं चीनी में कमोबेश टिकाव देखा गया। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे . दाल-दलहन: दाल चना 7890.56 रुपये, मसूर काली 8161.11 रुपये, मूंग दाल 10092.93 रुपये, उड़द दाल 10379.58 रुपये, तुअर दाल 10592.74 रुपये प्रति क्विंटल। अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2853.53 रुपये और चावल 3839.05 रुपये प्रति क्विंटल। चीनी-गुड़: चीनी एस 4326. 75 रुपये और गुड़ 5010.47 रुपये प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल: सरसों तेल 17683.07 रुपये, मूंगफली तेल 17675.59 रुपये, सूरजमुखी तेल 15633.72 रुपये, सोया तेल 13703.51 रुपये, पाम ऑयल 12457.93 रुपये और वनस्पति 14421.96 रुपये प्रति क्विंटल के स्तर पर रहा।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**बाबरी विध्वंस....**

मुताबिक जैश-ए-मोहम्मद और अंसार गजवात-उल-हिंद जैसे टेरर ग्रुप्स से जुड़े 4 आतंकी 2022 में तुर्की गए थे। वो यहां उकासा कोडनेम वाले हैंडलर से मिले। शुरुआती बातचीत टेलीग्राम पर हुई, लेकिन ग्रुप ने स्ट्रैटेजिकली कोऑर्डिनेशन को ज्यादा सिक्योर सिग्नल और सेशन एप्स पर शिफ्ट कर दिया, ताकि कोई भी उन्हें ट्रेस न कर पाए। सेशन एक प्राइवेट मैसेंजर एप है, जो पूरी तरह डिसेंट्रलाइज्ड है। ये एंड-टू-एंड एन्क्रिप्शन यूज करता है। एन्क्रिप्टेड मैसेजिंग एप्स मूल रूप से यूजर्स की प्राइवेसी के लिए बनाए गए थे, लेकिन पिछले कुछ सालों में आतंकी ग्रुप्स, रेडिकल संगठन और अपरा. धियों की पहली पसंद बन गए हैं। इसी बीच दिल्ली ब्लास्ट की जांच कर रही एजेंसियों को एक बड़ा सुराग मिला है। एक एजेंसी ने पुलिस सूत्रों के हवाले से बताया है कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों का तुर्की की राजधानी अंकारा में बैठे एक विदेशी हैंडलर से सीधा संपर्क था। जांच में पता चला है कि वह अंकारा से ही आरोपियों की एक्टिविटी, फंडिंग और कट्टरपंथी विचारधारा फैलाने से जुड़ी पूरी कार्रवाई संभाल रहा था। प्लानिंग के लिए सेशन एप का इस्तेमाल किया जा रहा था। अधिकारियों ने बताया कि इस हैंडलर की पहचान कोडनेम 'उकासा' से हुई है। उकासा अरबी भाषा का शब्द है। इसका मतलब मकड़ी होता है। संभव है कि यह उसका असली नाम नहीं बल्कि पहचान छिपाने के लिए इस्तेमाल किया गया है। हालांकि तुर्की ने इसे दुष्प्रचार बताया है। तुर्की ने दिल्ली धमाके के आतंकियों और तुर्की के हैंडलर से कनेक्शन की खबरों को झूठा बताया है। तुर्की सरकार ने कहा कि इस तरह की झूठी रिपोर्टों का मकसद दोनों देशों के आपसी रिश्तों को नुकसान पहुंचाना है।

**पायलट पर....**

ऐसी घटना दोबारा न हो। एक एनजीओ की तरफ से पेश वकील प्रशांत भूषण ने कहा कि इतने बड़े पैमाने की दुर्घटना की जांच कोर्ट ऑफ इंक्वायरी की तरह की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि पायलट संघ ने भी चिंता व्यक्त की है कि इन विमानों पर भरोसा नहीं किया जा सकता और इनमें यात्रा करने वाले लोगों के जान को बड़ा खतरा है। उधर जस्टिस सूर्यकांत ने टिप्पणी की कि इन कार्यवाहियों को एक एयरलाइन बनाम दूसरी एयरलाइन की लड़ाई नहीं बनना चाहिए और सॉलिसिटर जनरल से मृतक के पिता की ओर से दाखिल याचिका पर जवाब दायर करने को कहा। पीठ ने मामले की अगली सुनवाई दो सप्ताह बाद के लिए स्थगित कर दी।

# भारत की स्वाधीनता के पक्षधर थे भगवान बिरसा मुंडा: सीएम योगी

लखनऊ, वार्ता



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि धरती आबा बिरसा मुंडा भारत की स्वाधीनता के पक्षधर थे। इसके लिए उन्होंने अभियान चलाया, जिस पर तत्कालीन ब्रिटिश सरकार ने उन्हें गिरफ्तार किया। मात्र 25 वर्ष की आयु में उन्होंने रांची की जेल में अंतिम सांस ली। उन्होंने जनजाति समुदाय को नारा दिया कि अपना देश-अपना राज। देश हमारा है, तो राज भी हमारा ही होना चाहिए, विद. ेशी हुकूमत भारत में राज न करे।

धरती आबा को श्रद्धांजलि देते हुए पीएम मोदी ने 15 नवम्बर को जनजाति दिवस के रूप में आयोजित करने की प्रेरणा दी। योगी ने इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में गुरुवार को ढोल-नगाड़ों की थाप से जनजाति भागीदारी उत्सव का शुभारंभ किया और यहां लगी प्रदर्शनी का अवलोकन किया। मुख्यमंत्री ने बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस दौरान मेजबान उत्तर प्रदेश, अरुणाचल प्रदेश, उड़ीसा, छत्तीसगढ़ आदि राज्यों के जनजाति कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति भी दी। सीएम योगी ने इस वर्ष की विशेषता बताते हुए इसे महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि पहली से 15 नवम्बर तक देश में जनजाति गौरव पखवाड़ा आयोजित किया जा रहा है। सरकार द्वारा जनजाति समुदाय को समाज व राष्ट्र की मुख्य धारा से जोड़ने व सम्मान के साथ आगे बढ़ने के लिए बेहतर प्लेटफॉर्म उपलब्ध कराया जा रहा है। योगी ने कहा कि सांस्कृतिक समागम में 22 राज्यों के कलाकारों को जुड़ने का अवसर प्राप्त हो रहा है। कलाकार सहभागिता की दृष्टि से अरुणाचल प्रदेश पार्टनर स्टेट है। गुजरात, जम्मू-कश्मीर, महाराष्ट्र, सिक्किम, उड़ीसा, राजस्थान, छत्तीसगढ़, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, बिहार, उत्तराखंड, मिजोरम, गोवा, केरल, पश्चिम बंगाल, असम, हिमाचल प्रदेश, असम, त्रिपुरा, झारखंड व पंजाब के कलाकार उत्तर प्रदेश में आकर जनजाति भागीदारी उत्सव में सहभागी बन रहे हैं। यहां हस्तशिल्प व कला प्रदर्शनी, व्यंजन मेला और जनजाति साहित्य को समर्पित साहित्यिक व विकास मंच भी है।

उन्होंने कहा कि जनजातीय समुदाय की आबादी यूपी में कम है। पहले सरकारी नौकरी के विज्ञापन निकालते थे, तो अनुसूचित जाति की पूरी सीटें नहीं भरी पाती थीं।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहजमी, जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहे फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# सीएम ने चंपावत को दी 88.11 करोड़ की विकास की सौगात

❑सीएम धामी ने टनकपुर सहकारिता मेले का किया शुभारंभ
❑ ग्रामीण उद्यमिता को मिला नया प्रोत्साहन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**चंपावत।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी गुरुवार को टनकपुर पहुँचे, जहाँ उन्होंने 'अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025' के उपलक्ष्य में सहकारिता विभाग उत्तराखंड द्वारा आयोजित हसहकारिता मेलाह का विधिवत शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने गांधी मैदान, टनकपुर में फीता काटकर मेले का उद्घाटन किया और विभिन्न विभागीय स्टॉलों का अवलोकन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सहकारिता केवल आर्थिक व्यवस्था नहीं, बल्कि आपसी सहयोग, सामाजिक समरसता और सामूहिक विकास का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि सहकारिता आंदोलन राज्य की आर्थिक प्रगति की रीढ़ है, जिससे किसान, युवा और महिलाएँ आत्मनिर्भर बन सकते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन सहकारिता की भावना को ग्राम्य जीवन से लेकर शहरी समाज तक पहुँचाने की दिशा में



अत्यंत सराहनीय पहल हैं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री धामी ने सहकारिता विभाग द्वारा ग्रामीण क्षेत्र के ख्रषकों को प्रोत्साहन स्वरूप चार कास्तकारों को प्रत्येक को 1-1 लाख के चेक वितरित किए। दूधारू पशु पालन हेतु यह प्रोत्साहन राशि पान सिंह, किशन सिंह, संदीप सिंह सहित चार लाभार्थियों को प्रदान की गई। मुख्यमंत्री ने उन्हें आगे बढ़कर अन्य किसानों के लिए उदाहरण बनने का आहवान किया।

कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री धामी ने जनपद चंपावत को 8810.90 लाख (लगभग 88.11 करोड़) की कुल 08 विकास योजनाओं की सौगात दी जिनमें 03 योजनाओं का लोकार्पण और 05 योजनाओं का शिलान्यास शामिल है।

इस अवसर पर दर्जा राज्य मंत्री श्याम नारायण पांडे, जिला पंचायत अध्यक्ष आनंद सिंह अधिकारी, नगर पालिका अध्यक्ष विपिन कुमार, ब्लॉक प्रमुख अंचला बोहरा, भाजपा जिला अध्यक्ष गोविंद सामंत, भाजपा प्रदेश महामंत्री निर्मल महरा, जिला महामंत्री मुकेश कलखुड़िया, प्रकाश तिवारी, दीपक रजवार, पूरन महरा, हिमेश कलखुड़िया, शिवराज कठायत, गुंजन सुखेजा, सतीश पांडे, पुष्पा विश्वकर्मा, केदार बृजवाल, विकास शाह सहित जिलाधिकारी मनीष कुमार, पुलिस अधीक्षक अजय गणपति, मुख्य विकास अधिकारी डा. जीएस खाती, मंगला त्रिपाठी संयुक्त निदेशक सहकारिता विभाग साहित जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

# मानव तस्करी में शामिल एक एजेंट गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** भारत सरकार द्वारा साईबर अपराध के लिये मानव तस्करी कर भारतवर्ष के विभिन्न राज्यों से ले जाए गये नवयुवकों को म्यामार (बर्मा) से मुक्त कराकर भारतवर्ष वापस लाया गया जिसमें करीब 21 उत्तराखण्ड के निवासियों को साईबर क्राईम पुलिस एसटीएफ की टीम द्वारा पुलिस महानिरीक्षक साईबर क्राईम एसटीएफ नीलेश आन्नद भरणे के आदेश पर सहायक पुलिस अधीक्षक कुश मिश्र के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा 14सी सेण्टर गृह मंत्रालय भारत सरकार से संपर्क कर उत्तराखण्ड के निवासियो को वापस उत्तराखण्ड लाकर उनके परिजनों के सुपुर्द किया गया। साईबर क्राईम पुलिस स्टेशन कुमाऊँ परिक्षेत्र, रूद्रपुर पर निरीक्षक अरुण कुमार के नेतृत्व में टीम द्वारा पूछताछ करने पर पीडित नवयुवकों द्वारा रोजगार का झासा देकर बैंकाक थाईलैण्ड के बीजा पर दिल्ली से बैंकाक थाईलैण्ड ले जाया जाना तथा बैंकाक थाईलैण्ड से अवैध रूप से म्यामार वर्मा के केके पार्क शहर मायावड्डी म्यामार वर्मा ले जाया जाना तथा वहा साईबर दास बनाकर जबरन साईबर अपराध हेतु कोलिग व अन्य कार्य कराया जाना बताया गया। केके पार्क में काफी बडी संख्या में भारत से नवयुवकों को रोजगार के नाम पर बंधक बनाकर साईबर अपराध कराया जाना बताया गया। पूछताछ के आधार पर साईबर क्राईम पुलिस द्वारा उत्तराखण्ड से दो एजेण्ट चिन्हित किये गये जिनके द्वारा जनपद उधमसिंहनगर से नवयुवकों को बैंकाक थाईलेण्ड में नौवनी के नाम पर भेजा जा रहा है तथा इन नवयुवकों को बकबक थाईलैण्ड से अवैध रूप से जंगल व नदियों के रास्ते से केके पार्क म्यामार बना ले जाया जा रहा है। जहां जबरन नययुवकों को बंधक बनाकर उनसे साईबर अपराध के कार्य कराये जा रहे हैं। साईबर क्राईम पुलिस एसटीएफ द्वारा उत्तराखण्ड से नवयुवकों को रोजगार के नाम पर विदेश भेजकर साईबर अपराध कारित कराने के सम्बन्ध में चिन्हित किये गये एजेन्टों में से 21 एजेण्ट को गुरुवार को उधम सिंह नगर पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया तथा उसके विरुद्ध सुरागत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया।

# स्टार क्रिकेटर स्नेहा राणा ने की महेंद्र भट्ट से मुलाकात



❑भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने महिला क्रिकेट विश्व कप में शानदार प्रदर्शन के लिए दी बधाई

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून ।** विश्व विजेता महिला भारतीय क्रिकेट टीम खिलाड़ी और उत्तराखंड का गौरव स्नेह राणा ने प्रदेशाध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट से भेंट की । पार्टी मुख्यालय में हुई इस मुलाकात में प्रदेशाध्यक्ष ने शानदार प्रदर्शन से देश और प्रदेश का नाम रोशन करने पर उन्हें हार्दिक बधाई और शुभकामनाएँ दीं। साथ ही महिला वर्ल्ड कप जीतने का रिकॉर्ड कायम करने वाले अन्य सभी टीम सदस्यों को भी बधाई दी। भट्ट ने स्नेह राणा के समर्पण, अनुशासन और निरंतर उत्कृष्टता को खेल जगत की सभी उभरती महिला खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बताया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि स्नेहा की सफलता ने उत्तराखंड की बेटियों को यह विश्वास दिया है कि दृढ़ निश्चय और मेहनत से हर लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। इस अवसर पर प्रदेश महामंत्री संगठन अजेय कुमार, प्रदेश महामंत्री कुंदन परिहार एवं तरुण बंसल मौजूद रहे।

# उत्तराखंड: स्वास्थ्य विभाग को मिलेंगे 287 और नए चिकित्सक

❑चिकित्सा सेवा चयन बोर्ड ने जारी की भर्ती विज्ञप्ति

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग को 287 और नये चिकित्सक मिलेंगे। राज्य चिकित्सा सेवा चयन बोर्ड ने चिकित्सा अधिकारियों की सीधी भर्ती के लिये अभ्यर्थियों से आवेदन मांगे हैं। चयन बोर्ड ने उक्त भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 10 दिसम्बर 2025 निर्धारित की है। उक्त पदों हेतु अभ्यर्थियों के लिये न्यूनतम आयु सीमा 21 वर्ष व अधिकतम 42 वर्ष सुनिश्चित की है।

सूबे के चिकित्सा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री डा. धन सिंह रावत के निर्देश के उपरांत स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रांतीय चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवा संवर्ग के अंतर्गत साधारण ग्रेड चिकित्सा अधिकारियों के रिक्त 287 पदों सीधी भर्ती हेतु राज्य चिकित्सा सेवा चयन बोर्ड को अधियाचन भेजा गया था, जिसमें 231 पद सीधी भर्ती और 56 बैकलॉग के पद शामिल हैं। उक्त के क्रम चयन बोर्ड ने आज चिकित्सा अधिकारियों रिक्त पदों को सीधी भर्ती से भरने के लिए भर्ती विज्ञप्ति जारी कर अभ्यर्थियों से आवेदन मांगे हैं। चयन बोर्ड द्वारा जारी भर्ती विज्ञप्ति में चिकित्सा अधिकारियों के इन पदों में



राज्य सरकार का उद्देश्य प्रदेश के प्रत्येक अस्पताल में बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराना है, ताकि आम जनता को स्थानीय स्तर पर ही गुणवत्तापूर्ण उपचार मिल सके। इसी दिशा में सरकार लगातार चिकित्सकों व पैरामेडिकल स्टाफ की तैनाती कर रही है। 287 नये चिकित्सकों की नियुक्ति भी इसी प्रयास का हिस्सा है, जिससे सुदूरवर्ती क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को और मजबूती मिलेगी।

**डा. धन सिंह रावत, स्वास्थ्य मंत्री, उत्तराखंड।**

अनारक्षित श्रेणी के कुल 141, अनुसूचित जाति 70, अनुसूचित जनजाति 11, अन्य पिछड़ा वर्ग 38, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के तहत 27 पद शामिल हैं। जिसके लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया आगामी 20 नवम्बर से शुरू हो जायेगी, जबकि आवेदन की अंतिम तिथि आगामी 10 दिसम्बर को निर्धारित की गई है। चयन बोर्ड से चिकित्सकों के चयन के बाद उन्हें प्रदेश के दूरस्थ चिकित्सालयों में प्रथम तैनाती दी जायेगी, ताकि सुदूरवर्ती क्षेत्रों में आम लोगों को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं मिले सकेगी।

# उपनल कर्मियों के मामले में कैबिनेट की उप समिति गठित

❑उपनल कर्मियों को विश्वास का वातावरण सृजित करना चाहिए जल्दी ही उनके हित में होने वाला है निर्णय: चौहान



**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रमुख मनवीर सिंह चौहान ने कहा कि सरकार की उपनल कर्मियों के मामले मे नीयत साफ है और जल्दी ही इस पर सकारात्मक निर्णय लिया जायेगा। उन्होंने कहा कि विगत दिवस कैबिनेट की बैठक में इस पर चर्चा हुई और मंत्रीमंडल की सब कमेटी बनाने का निर्णय लिया गया है। चौहान ने कहा कि उच्च न्यायालय के आदेश के अनुसार उपनल कार्मिकों को न्यूनतम वेतन एवं महंगाई भत्ता देने के संबंध में सरकार सहानुभूति पूर्वक गहनता से विचार कर रही है। उनके हक मे उचित और न्यायसंगत निर्णय लिया जायेगा। इससे जुड़े सभी मुद्दों पर विचार विमर्श करने के लिए तथा संबंधित हितधारकों से वार्ता की जायेगी। इस पर निर्णय निर्णय लेने के लिए कैबिनेट ने केबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल की उप समिति गठित करने का निर्णय लिया। समिति में कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा व वित्त सचिव भी हैं । इस उप समिति द्वारा 2 महीने की समय सीमा के भीतर इस कार्यवाही को सम्पन्न किया जाएगा। उन्होंने सभी उपनल कर्मियों को धैर्य और अनुशासन बनाये रखने की मांग करते हुए कहा कि उन्हे आन्दोलन के बजाय वार्ता का रास्ता अपनाने को कहा है। उन्होंने कहा कि युवा मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी उपनल कर्मियों के नियमितीकरण की पहले भी घोषणा कर चुके हैं। उनकी मांगों पर पहले भी निर्णय लिए गए। जिनमे दुर्घटना मे 50 लाख तथा सामान्य निधन पर डेढ लाख का प्रावधान किया गया है। सीएम धामी ने कर्मियों, महिलाओं और युवाओं के हित मे कई निर्णय लिये है। उन्होंने अपने वायदे से सरकार की प्रतिबद्धता को साबित किया है। चौहान ने कहा कि उपनल कर्मियों को विश्वास का वातावरण सृजित करना चाहिए और जल्दी ही उनके हित मे निर्णय होने वाला है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस कार्यकाल मे ही उपनल कर्मियों के मामले को उलझाया गया, लेकिन भाजपा हर कड़ी को सुलझाकर उनके साथ न्याय करने को प्रतिबद्ध है।

# देवभूमि परिवार योजना स्वागत योग्य: भट्ट

❑कल्याणकारी निर्णय में सीएम धामी का एक और ऐतिहासिक कदम

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून ।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट ने देवभूमि परिवार योजना का स्वागत करते हुए इसे जन हित यह योजना राज्यवासियों के हित मे फलीभूत साबित होगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह व्यवस्था राज्य के सभी पात्र गरीब परिवारों को सरकारी योजनाओं का शत प्रतिशत लाभ दिलाने के लिए है। लिहाजा जो इसको सर से जोड़कर भ्रम फैला रहे हैं, उनमें अधिकांश डेमोग्राफी बदलने की साजिश करने वालों के हिमायती हैं।



पार्टी मुख्यालय में मीडिया से बातचीत करते हुए प्रदेशाध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद भट्ट ने कहा कि प्रदेश सरकार, केंद्र की मदद से गरीब और जरूरतमंद परिवारों की मदद के लिए अनेकों जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित कर रही हैं। जिनका लाभ प्रदेशवासियों को प्राप्त भी हो रहा है। ऐसी तमाम योजनाओं के सही प्रबन्धन और अधिकाधिक सदुपयोग के लिए देवभूमि परिवार योजना मील का पत्थर साबित होने वाला बताया है। उन्होंने इस एक और ऐतिहासिक कदम के लिए प्रदेशवासियों की तरफ से मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी का आभार व्यक्त किया है। वहीं कुछ लोगों द्वारा इसे SIR से जोड़ने पर स्पष्ट किया कि इस योजना का उद्देश्य राज्य के सभी गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों को सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। सभी पात्र व्यक्तियों को सरकार की सभी योजनाओं की जानकारी एक पटल पर मिले, विभागों को भी जानकारी हो कि और क्या बेहतर लाभार्थियों के लिए किया जा सकता है। इसमें लाभार्थी परिवारों का पूरा रिकॉर्ड होगा, जहां आवश्यकता महसूस होगी, सरकार अपनी तरफ से भी पहल कर सकती है। उन्होंने कहा कि इस योजना के लागू होने से गरीबों को उनका हक मिलेगा और अपात्र और बाहर से आकर राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ लेने की प्रवृत्ति पर रोक लगेगी। अब इसमें किसी को विरोध कैसे हो सकता है, सिवाय उनके जिनकी वोट बैंक की राजनीति इससे प्रभावित होती हो। जो लोग डेमोग्राफी बदलने की साजिशों के खिलाफ कार्रवाई पर आपत्ति करते थे, वहीं आज इसको लेकर भ्रम फैला रहे हैं। लेकिन ये भाजपा की धामी सरकार है और किसी को मुगालते में नहीं रहना चाहिए। प्रदेश हित से किसी तरह का समझौता नहीं क्या जायेगा और यूसीसी, दंगरोधी, धर्मांतरण और नकल कानून की तरह यह योजना भी सफलता से लागू की जाएगी।

# केप: यूपीईएस का 23वां दीक्षांत समारोह सम्पन्न

❑छात्रों ने मनाया ज्ञान, नवाचार व सफलता का उत्सव
❑आचार्य बालकृष्ण व सुनील सेठी को मानद डॉक्टरेट की उपाधि से नवाजा

**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

**देहरादून।** ऊर्जा, तकनीक, डिज़ाइन और विधि शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी यूनिवर्सिटी यूपीईएस ने अपना 23वां दीक्षांत समारोह बड़े ही उत्साह और गरिमा के साथ सम्पन्न किया। पांच दिनों (9 से 13 नवम्बर) तक चले इस बहु-दिवसीय समारोह ने न केवल हजारों स्नातकों की उपलब्धियों का उत्सव मनाया, बल्कि विश्व विद्यालय की शोध- उत्कृष्टता, उद्योग सहयोग और नवाचार के प्रति प्रतिबद्धता को भी रेखांकित किया। यूपीईएस के सातों स्कूलों और के छात्रों के लिए अलग-अलग सत्र आयोजित किए गए, जिनमें छात्रों को पदक और प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस बार विश्वविद्यालय ने कुल 107 पुरस्कार प्रदान किए, जिनमें 13 गोल्ड मेडल, 71 सिल्वर मेडल और 23 लेटर ऑफ एप्रिसिएशन शामिल रहे। इस मौके पर रजिस्ट्रार मनीष मदान, डायरेक्टर, वीसी. एआई अनुपम महेश्वरी, ग्लोबल साइबर सिक्योरिटी लीडर लिंस लॉरेंस आदि मौजूद रहे।

# क्षतिग्रस्त निर्माण व सुदृढ़ीकरण के कार्य समय से करें पूर्ण: जोशी

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।**प्रदेश के कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने विधानसभा स्थित सभागार कक्ष में जल संस्थान, पेयजल निगम, लोक निर्माण विभाग व सिंचाई आदि विभागों के अधिकारियों के साथ अपने विधानसभा क्षेत्र मसूरी के अन्तर्गत आपदा से क्षतिग्रस्त पेयजल योजनाओं , पेयजल लाईनों, सड़क मार्गों, पैदल मार्गों, पुलिया आदि के निर्माण व सुख्रढ़ीकरण कार्यों के सम्बन्ध में समीक्षा बैठक की। बैठक में विधानसभा क्षेत्र मसूरी के क्षेत्र पंचायतों, ग्रामों व वार्डों के जनप्रतिनिधि भी उपस्थित रहे। जिन्होंने अपने-अपने क्षेत्रान्तर्गत लम्बित कार्यों के बारे में सम्बन्धित अधिकारियों को अवगत कराया



तथा लम्बित कार्यों को शीघ्र पूर्ण किये जाने की मांग की। बैठक में मंत्री ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिये कि आपदा के कारण क्षतिग्रस्त निर्माण व सुदृढ़ीकरण के जो कार्य अभी तक लम्बित पड़े हैं उनके निर्माण व सुदृढ़ीकरण में तेजी लाते हुए कार्यों को ससमय पूर्ण कर लिया जाय ताकि स्थानीय जनता को परेशानियों का सामना न करना पड़े। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि लम्बित पड़े कार्यों के सम्बन्ध में संबंधित क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों से समन्वय अवश्य स्थापित किया जाय ताकि कार्यों को पूर्ण करने में सुविधा रहे। मंत्री ने कुछ योजनाओं को प्राथमिकता से लेने के निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिये। जिनमें मसूरी पेयजल योजना जो यमुना नदी में सिल्ट आने के कारण प्रभावित हुई है के सम्बन्ध में मंत्री ने अपर सचिव पेयजल को निर्देश दिये कि सम्बधित योजना के दुरुस्त संचालन के लिए तत्काल कार्यवाही सुनिश्चित की जाय। वहीं पथरियापीठ नीलकंठ विहार सीवर योजना के सम्बन्ध में मंत्री द्वारा सम्बन्घित अधिकारियों से जानकारी लिए जाने पर सम्बन्धित अधिकारियों द्वारा बताया गया कि इस योजना की स्वीकृति के सम्बन्ध में प्रक्रिया गतिमान है तथा स्वीकृति एक माह के भीतर हो जायेगी। वहीं चन्द्रोटी की आन्तिरक सड़कों व अनारवाला-मालसी मार्ग के सम्बन्ध में मंत्री द्वारा जानकारी मांगें जाने पर सम्बन्धित अधिकारियों ने बताया कि इन योजनाओं के टेण्डर हो चुकें हैं। शीघ्र ही शिलान्यास की कार्यवाही की जायेगी। बैठक के अन्त में मंत्री ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि मसूरी विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत स्थित वार्डों में क्षतिग्रस्त सड़क मार्गों को भी प्राथमिकता के आधार पर दुरुस्त किया जाय। उन्होंनें सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिये कि निर्माण कार्यों में समय के साथ ही गुणवत्ता का भी विशेष ध्यान रखा जाय। बैठक में अपर सचिव पेयजल अपूर्वा, जल संस्थान से मुख्य महाप्रबन्धक डीके सिंह, जल निगम से अधीक्षण अभियन्ता मिसा सिन्हा, लोक निर्माण विभाग से राजेश कुमार तथा मसूरी विधान सभा क्षेत्र से संबंधित जनप्रतिनिधिगण व अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# 36 लाख की हेरोइन के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री के ड्रग्स फ्री देवभूमि मिशन अभियान के तहत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एसटीएफ द्वारा ड्रग्स के खिलफ कार्यवाही करने के लिये एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स को उत्तराखण्ड के समस्त जनपदों में कड़ी निगरानी रखने के निर्देश दिए गए थे। जिसके बाद एसटीएफ की एण्टी नारकोटिक्स टास्क फोर्स द्वारा थाना नेहरू कॉलोनी देहरादून पुलिस के साथ संयुक्त अभियान चला कर विगत वहां से दो नशे के सौदा करो को गिरफ्तार कर लिया जिनके पास से करीब 36 लख रुपए की हीरोइन बरामद की गई। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एसटीएफ नवनीत सिंह भुल्लर ने अपने कार्यालय में जानकारी देते हुए बताया कि विगत काफी समय से उन्हें इस बात की जानकारी मिल रही थी कि नेहरू कॉलोनी क्षेत्र में नशा तस्कर सक्रिय हैं उन्होंने बताया कि इस बात की पुष्टि करने के लिए उन्होंने एसटीएफ टीम को लगाया था जिसके बाद उगता जानकारी प्राप्त होने के बाद नशे के सौदागरों पर छापा मार कार्रवाई की गई।

नवनीत सिंह भुल्लर ने बताया नेहरू कॉलोनी पुलिस के साथ आप संयुक्त अभियान चलाते हुए एसटीएफ टीम ने नशे के दो बड़े तस्करों को अपनी गिरफ्त में ले लिया थाने लाकर पूछताछ करने पर पकड़े गए दोनों नशा तस्करों ने अपने नाम अब्बास पुत्र मो. ईशाक निवासी एमडीए कॉलोनी त्यागी रोड़ हाल पता आज़ाद कॉलोनी देहरादून और. मोहम्मद सावेज पुत्र शाहिद निवासी 5/5 मुस्लिम कॉलोनी भंडारी बाग कोतवाली नगर देहरादून बताएंस एसटीएफ के वर्ष पुलिस अधीक्षक ने बताया कि पकड़े गए दोनों नशा तस्करों ने पूछताछ के दौरान बताया कि वह हीरोइन को उत्तर प्रदेश के जनपद बरेली से लेकर आते हैं पकड़े गए दोनों ने सतीश करो के पास से पुलिस ने भारी मात्रा में हीरोइन बरामद की उन्होंने बताया कि बरामद की गई हीरोइन की कीमत करीब 36 लख रुपए है। नवनीत सिंह भुल्लर ने बताया कि पकड़े गए दोनों नशा तस्करों से जब कड़ाई से पूछताछ की गई तो उन्होंने बताया कि वह यह हेरोइन बरेली के जाकिर नामक व्यक्ति से लेकर आए थे जिसे हम दोनो देहरादून के आसपास के क्षेत्र में कॉलेज स्कूलों और इंस्टिट्यूट में अध्यनरत छात्रों और में से का कारोबार करने वाले व्यक्तियों को बेचते थे।

## हमारा लक्ष्य देहरादून को स्वच्छ, सुंदर और नियोजित शहर के रूप में विकसित करन: बंशीधर तिवारी

# सहस्त्रधारा रोड, विधौली और कंडोली क्षेत्र में अवैध भवन सील

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** मसूरी-देहरादून विकास प्राधिकरण ने एक बार फिर अवैध निर्माणों के खिलाफ बड़ा अभियान चलाते हुए राजधानी देहरादून के विभिन्न क्षेत्रों में सीलिंग की कार्रवाई की है। प्राधिकरण की टीम ने सहस्त्रधारा रोड, विधौली और कंडोली क्षेत्र में चल रहे कई अवैध व्यवसायिक और आवासीय निर्माणों पर शिकंजा कसते हुए उन्हें सील कर दिया। प्राधिकरण की टीम ने 13 नवम्बर को विभिन्न स्थानों पर छापेमारी कर निम्नलिखित अवैध निर्माणों को



सील किया। स्वरजीत सिंह द्वारा साईं मंदिर, विधौली रोड के निकट किए जा रहे अवैध व्यवसायिक निर्माण को संयुक्त सचिव गौरव चटवाल के आदेश पर सील किया गया। सिकन्दर द्वारा विधौली रोड साईं मंदिर के पास किए गए अवैध निर्माण पर सीलिंग की कार्रवाई की गई। अली / भू-स्वामी द्वारा कंडोली रोड, लिवेश लिविंग हॉस्टल के समीप किए जा रहे अवैध निर्माण को सील किया गया। तसलीम द्वारा कंडोली अढा में किए जा रहे अवैध निर्माण पर कार्रवाई करते हुए भवन सील किया गया। विवेक नोडियाल द्वारा कंडोली मंदिर के निकट किए जा रहे अवैध निर्माण पर भी सीलिंग की कार्रवाई की गई। इन कार्यवाहियों में सहायक अभियंता निशान्त कुकरेती, अवर अभियंता मनवीर पंवार तथा सुपरवाइजर मौके पर मौजूद रहे। इसके अतिरिक्त, प्राधिकरण की एक अन्य टीम ने सहस्त्रधारा रोड क्षेत्र में बड़े स्तर पर कार्रवाई की, मयंक गुप्ता द्वारा पैसिफिक गोल्फ के निकट किए जा रहे बहुमंजिला अवैध निर्माण को सील किया गया। विक्रांत कुमार द्वारा हेलीपैड, सहस्त्रधारा रोड के पास किए गए बहुमंजिला अवैध निर्माण पर भी कार्रवाई की गई। नितिन मुदगल द्वारा सहस्त्रधारा रोड पर किए जा रहे अवैध व्यवसायिक निर्माण को सील किया गया। इस कार्रवाई में सहायक अभियंता शैलेन्द्र सिंह रावत, अवर अभियंता विदिता कुमारी, उमेश कुमार और सुपरवाइजर मौजूद रहे।

**अवैध निर्माणों को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं: तिवारी**

एमडीडीए उपाध्यक्ष बंशीधर तिवारी ने कहा कि राज्य की राजधानी में अनियमित और अवैध निर्माणों को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यह अभियान निरंतर जारी रहेगा। प्राधिकरण का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि शहर का विकास नियोजन के अनुरूप, पारदर्शी और सुरक्षित तरीके से हो। जो भी व्यक्ति बिना स्वीकृति या मानचित्र स्वीकृति के निर्माण करेगा, उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि एमडीडीए के क्षेत्राधिकार में किसी भी प्रकार की मनमानी निर्माण गतिविधि शहर की सुंदरता, सुरक्षा और नियोजित विकास के लिए गंभीर खतरा है, इसलिए ऐसे मामलों में कोई समझौता नहीं किया जाएगा। एमडीडीए उपाध्यक्ष बंशीधर तिवारी ने कहा हमारा लक्ष्य देहरादून को स्वच्छ, सुंदर और नियोजित शहर के रूप में विकसित करना है। इसके लिए आवश्यक है कि सभी नागरिक नियमों का पालन करें और शहर के विकास में सहयोग दें।

**स्वीकृत मानचित्र के अनुरूप ही काम करें: बर्निया**

एमडीडीए सचिव मोहन सिंह बर्निया ने बताया कि प्राधिकरण द्वारा नियमित रूप से निरीक्षण किया जा रहा है और जहां भी बिना अनुमति या स्वीकृति के निर्माण कार्य पाए जा रहे हैं, वहां तत्काल सीलिंग और ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि जनता से भी अपेक्षा है कि वे वैध निर्माण की प्रक्रिया पूरी करें और स्वीकृत मानचित्र के अनुरूप ही कार्य करें।

# अलका पाल की नियुक्ति पर कांग्रेस में घमासान

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**काशीपुर।** कांग्रेस महानगर अध्यक्ष पद पर अलका पाल की नियुक्ति के बाद यहां एकाएक विरोध के स्वर बुलंद करते हुए तमाम कार्यकर्ताओं ने बैठक कर इस्तीफे की धमकी दे डाली है। अलका पाल की नियुक्ति से स्तब्ध वे कांग्रेसी जो कभी आमने-सामने थे, अब एकजुट होकर इस नियुक्ति के खिलाफ खड़े नजर आ रहे हैं। बताते चलें कि बीते कुछ वर्षों से कांग्रेस की स्थिति यहां लगातार गिरावट में रही है। इस वर्ष हुए निकाय चुनाव में हुई पराजय के बाद से ही काशीपुर कांग्रेस में असंतोष का वातावरण बना हुआ है, जो अब खुलकर सामने आया है।

बुधवार सायं हुई बैठक में पूर्व अध्यक्ष संदीप सहगल ने कैमरे के सामने जिस तरह से अपनी ही पार्टी के कुछ नेताओं का नाम लेकर हार का ठीकरा फोड़ा, उसने पूरे राजनीतिक परिदृश्य को हिला कर रख दिया। दीपिका गुड़िया ने भी बैठक में अलका पाल की नियुक्ति का विरोध किया। उनका विरोध पदभार ग्रहण करने के बाद अलका पाल द्वारा वरिष्ठजनों का आशीर्वाद न लिये जाने से शुरू हुआ। यही बात अन्य कांग्रेसियों को भी नागवार गुज़र रही है। कुल मिलाकर कांग्रेस में यह निजी नाराज़गी एक बड़े राजनीतिक विवाद में तब्दील हो चुकी है। राजनीति के जानकारों का कहना है कि आपसी कलह से सबसे बड़ा नुकसान कांग्रेस पार्टी की साख को हो रहा है। कांग्रेस का इतिहास बताता है कि जब-जब संगठन के भीतर मतभेद गहराए हैं, तब-तब पार्टी ने हार का स्वाद चखा है। यदि स्थिति पर शीघ्र नियंत्रण नहीं पाया गया, तो आने वाले समय में कांग्रेस के लिए यहां अपनी ज़मीन वापस पाना मुश्किल हो जाएगा।

# तथ्यपरक जानकारी ही जनता के साथ साझा करें कार्यकर्ता: महेश नयाल

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**अल्मोड़ा।** भाजपा की जिला सोशल मीडिया एवं आईटी संयोजकों की गुरुवार को पातालदेवी स्थित जिला कार्यालय में बैठक आयोजित की गई। बैठक का शुभारंभ जिलाध्यक्ष महेश नयाल ने किया। मौके पर वक्ताओं ने कहा कि कार्यकर्ता सोशल मीडिया में नकारात्मक प्रचार से बचें और सकारात्मक और तथ्यपरक जानकारी ही जनता के साथ साझा करें। आईटी सेल के प्रदेश संयोजक प्रवीण लेखवार ने कहा कि सूचना और संचार दोनों आज बड़ी शक्ति के रूप में उभरकर सामने आए हैं। आईटी का प्रमुख उद्देश्य सही और सटीक जानकारी जनता तक पहुंचाना है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से डिजिटल वालंटियर के रूप में संगठन को और अधिक सशक्त बनाने का आग्रह किया। मुख्य




वक्ता हिमांशु संगतानी ने सोशल मीडिया की भूमिका और उपयोगिता की जानकारी दी। कहा कि आज के समय में सोशल मीडिया जनसंपर्क और जनजागरण का सबसे सशक्त माध्यम बन चुका है। जिलाध्यक्ष महेश नयाल ने कहा कि आज के समाज में सोशल मीडिया और आईटी का बहुत बड़ा महत्व है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा ने देशभर में सूचना तकनीक के माध्यम से जनसंपर्क को नई दिशा दी है। उन्होंने कहा कि आगामी चुनाव में भी सोशल मीडिया और आईटी की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी, जिसके माध्यम से मतदाताओं को भाजपा की नीतियों, योजनाओं और उपलब्धियों से अवगत कराया जाएगा। यहां जिला महामंत्री दर्शन रावत, प्रकाश भट्ट, गंधार अग्रवाल, गोविंद मेटला, नगर अध्यक्ष विनीत बिष्ट, रवि रौतेला, कृपाल बिष्ट, मदन बिष्ट, गौरव कांडपाल, गोकुल सिंह, भारत फर्त्याल, अशोक भोज, भगवत सिंह, दीवान नेगी, रवि जोशी, प्रेम सिंह, दीपक भंडारी, ललित मोहन, मोहन बोरा, आशीष गुरुरानी, हर्षित बजेठा, ललित कुमार, रोहित कुमार, सुरेश तिवारी, मनीष जोशी, कैलाश गुरुरानी, संदीप श्रीवास्तव आदि थे।

## एक नजर

### नवजात शिशु के उपचार और प्रबंधन के सीखे गुर

**अल्मोड़ा।** मेडिकल कॉलेज में स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं का चल रहा दो दिवसीय प्रशिक्षण गुरुवार को संपन्न हुआ। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों ने नवजात शिशु के उपचार और प्रबंधन के गुर सीखें। सोबन सिंह जीना राजकीय आयुर्विज्ञान व शोध संस्थान के बाल रोग विभाग में हुए प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिलेभर के तीस प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। इनमें चिकित्सा अधिकारी, नर्सिंग अधिकारी और बेसिक हेल्थ वर्कर शामिल रहे। शिशु व बाल रोग विभाग के विभागाध्यक्ष और चिकित्सा अधीक्षक डा. अमित कुमार सिंह ने बताया कि इस दो दिवसीय कार्यशाला में प्रतिभागियों को नवजात शिशु के उपचार में बरती जाने वाली सावधानियां बताई गई। साथ ही प्रबंधन के गुर भी सिखाए। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि प्राथमिक स्तर पर स्वास्थ्य सेवा प्रदाता नवजात शिशुओं का बेहतर स्वास्थ्य प्रबंधन कर सकें। प्रतिभागियों को व्यवहारिक प्रशिक्षण भी दिया गया। यहां प्राचार्य डा. चंद्र प्रकाश भैसोड़ा, सीएमओ डा. नवीन चंद्र तिवारी, डा. शुभम, डा. गौरव, डा. पीयूष, डा. गौरव पांडे, डा. हर्ष गुप्ता, पूजा, प्रियंका बहुगुणा, समाज कल्याण अधिकारी अतुल कांत, संदीप, मनोज मेहरा आदि रहे।

### समस्याओं का निदान नहीं होने से बढ़ा रोष

**अल्मोड़ा।** मांगों का लंबे समय से निराकरण नहीं होने से उपनल कर्मचारियों में रोष बना हुआ है। वहीं, वन विभाग के उपनल कर्मचारी अनिश्चितकालीन कार्यबहिष्कार पर गए हुए हैं। गुरुवार को कर्मचारियों ने विरोध-प्रदर्शन कर समस्याओं के जल्द निदान की मांग की। अल्मोड़ा वन प्रभाग व सिविल सोयम के उपनल कर्मचारियों ने गुरुवार को कार्यबहिष्कार किया। कार्यालय परिसर में प्रदर्शन कर विरोध जताया। कहा कि लंबे समय से मांग के बावजूद अब तक कर्मचारियों का विनियमितीकरण नहीं हो सका है। कर्मचारियों को समान कार्य के लिए समान वेतन का लाभ नहीं दिया जा रहा है। लंबे समय से कर्मचारी समस्याओं के निदान की मांग कर रहे हैं, लेकिन फिर भी उस पर कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। कर्मचारियों ने विनियमितीकरण, समान कार्य समान वेतन और जीएसटी चार्ज नहीं करने की मांग की। कहा कि जब तक मांगें पूरी नहीं होंगी वह कार्यबहिष्कार पर डटे रहेंगे। यहां अमित बोरा, राजेश पांडे, मनोज भट्ट, अवनी साह, ममता वर्मा, दिनेश परिहार, ललित कुमार, अंकित दुम्का, भुवन परिहार, संदीप भट्ट, अशोक सिंह बोरा, प्रियंका जीना बिष्ट आदि रहे।

### प्रशिक्षण में हैंड्स ऑन एक्टिविटीज पर दिया जोर

**अल्मोड़ा।** डायट में आइसर पुणे व एससीईआरटी उत्तराखंड की ओर से गणित विज्ञान कार्यशाला का शुभारंभ हो गया है। प्रशिक्षकों ने शिक्षण में तकनीक के उपयोग पर जोर दिया। कहा कि गणित व विज्ञान के शिक्षण में तकनीक के उपयोग को तैयार रहना होगा। गुरुवार को तीन दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ डायट प्राचार्य ललित मोहन पांडे ने किया। उन्होंने बताया की वर्तमान समय में गणित और विज्ञान शिक्षण मुख्य रूप से तकनीक और गतिविधियों पर आधारित हो रहा है। इसके लिए हम सभी को तैयार होने की जरूरत है। डाइट प्रवक्ता डा. कमलेश सिराड़ी ने कार्यशाला के महत्व, आईसर पुणे के प्रशिक्षण कार्यक्रम व प्रोजेक्ट की जानकारी दी। अंकित जोशी, निम्मी बिष्ट, देवेश तिवारी व गिरीश मठपाल ने विज्ञान व गणित शिक्षण में रोचक गतिविधियों व नवीन तकनीकों को प्रयुक्त कर विभिन्न प्रकार की हैंड्स ऑन एक्टिविटीज पर जोर दिया। बताया कि कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य स्टेम एजुकेशन को बढ़ावा देना और विज्ञान व गणित में विद्यार्थियों की रुचि का विकास करना हैं।

### दवा लगे बिस्कुट खाने से बिगड़ी छात्रा की तबीयत

**बागेश्वर।** कमरे में चूहों को मारने के लिए दवा लगाकर रखे बिस्किट धोखे से 12 में पढ़ने वाली छात्रा ने खा लिए। दो दिन बाद छात्रा की तबियत खराब होने पर भाई उसे लेकर जिला अस्पताल पहुंचा। यहां फिजिशियन डा. प्रीति यादव की देखरेख में छात्रा का उपचार चल रहा है। जो खतरे से बाहर बताई जा रही है। जिला अस्पताल से मिली जानकारी के अनुसार कपकोट के शामा निवासी 16 वर्षीय कोमल कोरंगा पुत्री दिवान सिंह कोरंगा अपने भाई के साथ जिला मुख्यालय में डिग्री कॉलेज रोड़ में किराए के कमरे में रहते है। दोनों भाई बहना यहां पढ़ाई करते है। मंगलवार को कमरे में आ रहे चूहों को मारने के लिए बिस्किट में दवा लगाकर कमरे में रखे थे। लेकिन दिखे से कोमल ने बिस्किट खा लिए। छात्रा कोमल ने बताया कि जैसे ही उसको बिस्कुट के टेस्ट में कुछ अंतर लगा उसने उसे फेंक दिया। इस दौरान एक टुकड़ा उसके पेट में चला गया। दूसरे दिन सुबह जब कोमल के नाख से अचानक खून आने लगा तब वह डर गई। जिसके बाद उसका भाई उसे तत्काल जिला अस्पताल लाया। यहां कोमल का उपचार चल रहा है।

### गायत्री शक्ति पीठ के संस्थापक का निधन

**काशीपुर।** गायत्री शक्ति पीठ काशीपुर के संस्थापक एवं संयोजक दिनेश शर्मा का निधन हो गया है। शांति कुंज हरिद्वार द्वारा संचालित काशीपुर गायत्री शक्तिपीठ के संस्थापक एवं संयोजक, कुंडेश्वरी निवासी दिनेश कुमार शर्मा का बीमारी के चलते 11 नवम्बर को निधन हो गया था। शक्ति पीठ के ट्रस्टी अरुण कुमार शर्मा ने बताया कि 76 वर्षीय श्री शर्मा हंसमुख प्रवृति के होने के साथ शांतिकुंज हरिद्वार के समर्पित कार्यकर्ता थे तथा उन्होंने अपने निर्देशन में सभी के सहयोग से बाजपुर रोड पर रामपुरम में शांति कुंज हरिद्वार के तत्वाधान में गायत्री शक्तिपीठ की स्थापना की थी। उनके अंतिम संस्कार में भारी मात्रा में स्थानीय एवं बाहर से आए लोगों के साथ ही भारी संख्या में शांतिकुंज के सदस्य शामिल हुए।

## कार-बाइक की टक्कर में एक की मौत, दो घायल

**काशीपुर।** कार-बाइक की टक्कर में दो व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए तथा एक व्यक्ति की मृत्यु हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना कुंडा क्षेत्र के गांव जगतपुर पटी निवासी अनमोल, सौरभ, नवाब आज करीब 12 बजे अपनी बाइक से काशीपुर आ रहे थे कि मिस्सरवाला के पास उनकी बाइक एक कार से टकरा गई, जिससे नवाब, सौरभ अनमोल बुरी तरह घायल हो गए। तीनों को 108 की मदद से अस्पताल लाया गया जहां डाक्टरों ने अनमोल को मृत घोषित कर दिया। सूत्रों से पता चला कि अनमोल की शादी अभी कुछ दिन पहले 2 नवंबर को हुई थी। पुलिस ने अनमोल के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया तथा घायल नवाब व सौरभ का इलाज एक प्राइवेट अस्पताल में चल रहा है।

# जनपद में मॉकड्रिल 15 को

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**बागेश्वर।** आपदा प्रबंधन को क्रियाशील और प्रभावी बनाए जाने के लिए 15 नवम्बर को जिले में मॉक ड्रिल अभ्यास किया जाएगा। इसके संबंध में जिलाधिकारी ने की मॉकड्रिल की तैयारियों की समीक्षा बैठक ली।

बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि आपदा प्रबंधन केवल खाना पूर्ति तक सीमित न रहे, बल्कि इसे रचनात्मक संभावनाओं से जोड़ा जाए ताकि किसी भी आपदा की स्थिति में त्वरित और प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी विभाग आवश्यक उपकरणों व संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करें और मॉक ड्रिल को यथार्थ परिस्थितियों के अनुरूप योजनाबद्ध ढंग से आयोजित करें। उन्होंने कहा कि ऐसे अभ्यास वास्तविक परिस्थितियों में कार्य दक्षता को बढ़ाते हैं। बैठक के दौरान अधिकारियों को वायरलेस संचार प्रणाली के उपयोग का प्रशिक्षण भी दिया गया, ताकि आपदा की स्थिति में सूचना आदान-प्रदान निर्बाध रूप से हो सके। आपदा प्रबंधन अधिकारी शिखा सुयाल ने बताया कि 15 नवम्बर को जिले के विभिन्न स्थानों महर्षि विद्या मंदिर बिलोना, जिला चिकित्सालय और बागनाथ मंदिर (बागेश्वर), यूपीसीएल सब स्टेशन (कपकोट), गागरिगोल (गरुड़) तथा कांडा तहसील परिसर में मॉक ड्रिल का आयोजन किया जाएगा। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी आरसी तिवारी, अपर जिलाधिकारी एनएस नबियाल उपस्थित रहे।

# भ्रमण पर विधायक ने सुनी समस्याएं

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**बागेश्वर।** विधायक गढ़िया एन दिनोनापने विधान सभा ग्रामीण क्षेत्रों में भ्रमण पर हैं। वे विधान सभा के प्रत्येक गांव तोक में पहुंचकर ग्रामीणों की समस्या सुन रहे हैं। ग्रामीणों द्वारा बताई जा रही समस्या का फोन से जिला स्तरीय अधिकारियों से वार्ता कर समाधान करने के प्रयासों में जुटे हैं। विधायक कपकोट सुरेश गढ़िया विधान सभा सत्र से लौटकर सीधे अपने विधानसभा क्षेत्र भ्रमण पर है। विधायक ने जन सेवा जनहित सर्वोपरि के संकल्प के साथ पहले दिन विधान सभा के सरयू घाटी में लाहुर, मिखिला खलपट्टा, खलझूनी, झूनी में जन संपर्क एवं ग्रामीणों के साथ संवाद किया। इस दौरान ग्रामीणों ने बिजली, पानी, सड़क, स्वाथ्य, पेंशन आदि से



संबंधित समस्याएं विधायक को बताई। जिसमें से अधिकांश समस्याओं का विद्यायक ने फोन में अधिकारियों के साथ वार्ता कर समाधान किया गया। जबकि कुछ गंभीर समस्याओं को लेकर विभाग से नियमानुसार 15 दिनों। के अंतर्गत पूर्ण करने के निर्देश दिए। विधायक गढ़िया ने गांव में रह रहे बुजुर्ग लोगों से भी आशीर्वाद दिया। इसके अलावा उन्होंने राज्य एवं केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं के बारे में ग्रामीणों को बताया। उन्होंने ग्रामीणों से सरकार की योजनाओं का लाभ उठाने को कहा। इस दौरान मंडल अध्यक्ष प्रकाश जोशी, मनोहर राम, बलबीर टाकुली, ग्राम प्रधान पार्वती देवी, उत्तम सिंह, चंद्र सिंह, प्रताप कठायत सहित दर्जनों ग्रामीणों मौजूद थे।

# जिला खाद्य सुरक्षा विभाग ने दुकानों पर की छापेमारी

**बागेश्वर।** जिला खाद्य सुरक्षा विभाग ने दुकानों में छापेमारी करते हुए खाद्य सामग्री के सैंपल लिया। एडम्स दौरान कई दुकानदारों द्वारा खाद्य सामग्री को खुले में बेचते हुए पकड़ा। जिसके बाद उन्हें कड़ी फटकार लगाते हुए कई खाद्य सामग्री के सैंपल टेस्ट के लिए भेजे गए। नगर में आए दिन खुले में खाद्य सामग्री बेचने एवं उन्हें ढक न रखने की शिकायतें विभाग को मिल रही थी। गुरुवार को विभागीय टीम ने गोमती पुल, महंत बगीचे के पास फड़ व्यापारियों एवं दुकानों में छापेमारी की गई। इस दौरान कर्मचारियों ने खुले मसालों की गुणवत्ता जांचने के लिए सैंपल लिए। जिला अभिहित अधिकारी ललित मोहन पाण्डे और खाद्य सुरक्षा अधिकारी विपिन कुमार ने बताया कि लोगों की लगातार शिकायत आ रही है कि कई दुकानदार खुले में खाद्य सामग्री रख कर बेच रहे है। लोगों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए टीम द्वारा छापेमारी की गई। टीम ने खुले में बिक रहे मसालों के लिये सेंपल लिए है। जिन्हें जाँच के लिये भेजा जाएगा। इसके अलावा टीम ने तहसील रोड स्थित मॉल से भी नमूने लिए। साथ ही टीम ने दुकानदारों को कड़े निर्देश दिए हैं।


## कार्यालय अधिशासीअभियन्ता पी०एम०जी०एस०वाई० खण्ड, लो०नि०वि०
दूरभाष नं0/ फैक्स नं0 :- 05946-266211 काठगोदाम (नैनीताल)

प्रत्रांक:-998/निविदा — दिनांक :12.11. 2025

### अल्पकालीन निविदा सूचना

महामहिम राज्यपाल, उत्तराखण्ड की ओर से अधिशासी अभियन्ता, पी0एम0जी0एस0वाई0 खण्ड लो0नि0वि0, काठगोदाम द्वारा निम्नलिखित कार्यो की सील्ड निविदा दिनांक 21.11.2025 को आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र दिनांक 13.11.2025 से 20.11.2025 तक निर्धारित निविदा शुल्क नकद जमा कर किसी भी कार्य दिवस में निम्न कार्यालयों से प्राप्त किये जा सकते हैं तथा दिनांक 21.11.2025 को अपरान्ह 1:00 बजे तक इन्ही कार्यालय में डाले जा सकते हैं।
1-कार्यालय का नाम- अधीक्षण अभियन्ता, पी0एम0जी0एस0वाई0 वृत्त लो0नि0वि0, ज्योलीकोट।
2-कार्यालय का नाम-अधिशासीअ भियन्ता, पी0एम0जी0एस0वाई0 खण्ड लो0नि0वि0 काठगोदाम।
3 कार्यालय का नाम अधिशासी अभियन्ता, पी0एम0जी0एस0वाई0, सिंचाई खण्ड ज्योलीकोट।

| क्र0सं0 | कार्य का नाम | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू0) | धरोहर धनराशि (रू0) | कार्य पूर्ण करने हेतु समय | निविदा की वैधता | ठेकेदार की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | विकास खण्ड ओखलकाण्डा एवं रामगढ़ में विभिन्न मोटर मार्गों में डी0पी0आर0 गठन का कार्य। 1.ढोली गांव मल्ला काण्डा से तल्ला काण्डा मोटर मार्ग। स्टेज-2 2.साला से मटकीना मोटर मार्ग। स्टेज-2 3. कोडार से कोडाईजर मोटर मार्ग। स्टेज-2 4. पश्यागांव-हैड़ाखा-छीड़ा मोटर मार्ग। स्टेज-2 5. करायल से टकुरा मोटर मार्ग। स्टेज-1 6. नाई से बरमधार उडियारी मोटर मार्ग। स्टेज 1 7. खनस्यू करायल बैण्ड मोटर मार्ग के किमी0 4.00 से भद्रकोट मोटर मार्ग। स्टेज-1 8. पाटा से तल्ला रामगढ़ मोटर मार्ग। स्टेज-1 9. बडैज से जाजर मोटर म ार्ग। स्टेज-1 | 2500.00+18%जी0एस0टी0 | 61000.00 | 1माह | 45दिन | यू0आर0आर0डी0ए0 देहरादून द्वारा सूचीबद्ध। |

निविदायें दिनांक 21.11.2025 को अपराह्न 3:30 बजे उपस्थित निविदादाताओं अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष अधिशासी अभियन्ता (P.I.U) पी0एम0जी0एस0वाई0 खण्ड लोक निर्माण विभाग काठगोदाम के कार्यालय में गठित समिति द्वारा खोली जायेंगी।

**निविदा की शर्तें :-**

1. किसी भी निविदा को स्वीकृत /अस्वीकृत करने का अधिकार निविदा समिति के पास होगा।
2. निविदा केवल लोक निर्माण विभाग/यू0आर0आर0डी0ए0 देहरादून द्वारा सूचीबद्ध (सर्वे कार्य एवं डी0पी0आर0 गठन हेतु) पंजीकृत ठेकेदारों को ही विक्रय की जायेंगी।
3. निविदा लेने से पूर्व 2% धरोहर राशि जो एन0एस0सी0/किसी राष्ट्रीय कृत बैंक द्वारा निर्गत टी0डी0आर0/एफ0डी0आर0 हो, को प्रतिभूति के रूप में जो अधिशासी अभियन्ता, पी0एम0जी0एस0वाई0 खण्ड लो0नि0वि0, काठगोदाम के पद नाम से बन्धक कर कार्यालय में जमा करना अनिवार्य होगा।
4. पंजीयन की सामान्य जमानती राशि निविदा हेतु मान्य नहीं होगी। इसकेअतिरिक्त निविदा प्रपत्र के साथ रू0 100.00 के जुडिशियल स्टाम्प पेपर पर रू0 1.00 का रसीदी टिकट लगा कर वैधता की शर्तों के साथ ठेकेदार द्वारा हस्ताक्षर कर संलग्न करना अनिवार्य है।
5. निविदा की अन्य शर्तें जी0पी0 डब्लू 9 जी0पी0डब्लू 8, निविदा सूचना प्रपत्र एन0एफ0 69/70 एवं शासनादेश संख्या 2611/111(2)/07-75 सामान्य दिनांक 26.10.2007 के अनुसार लागू होंगी।
6. अधोस्ताक्षरी को किसी भी निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित होगा।
7. निविदा के साथ पंजीकरण प्रमाण पत्र की छाया प्रति लगाया जाना अनिवार्य है अन्यथा निविदा मान्य नहीं होगी।
8. सशर्त निविदायें मान्य नहीं होगी।
9. समस्त कार्य लोक निर्माण विभाग की विस्तृत विशिष्टियों के अनुरूप करने होगें तथा समय-समय पर विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा दिये गये निर्देशों/आदेशों के अनुसार कार्य करना होगा।
10. ठेकेदार को पूर्ण पत्राचार का पता एवं सम्पर्क (मोबाइल) नम्बर अंकित करना होगा। पते व सम्पर्क नम्बर में परिवर्तन की सूचना विभाग को तुरन्त देना अनिवार्य होगा।
11. कार्य के दौरान किसी सार्वजनिक सम्पत्ति/ निजी सम्पत्ति आदि की क्षति होने पर ठेकेदार उसके लिए स्वयं उत्तरदायी रहेगा। इस संबंध में विभाग की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

अधिशासीअभियन्ता
पी०एम०जी०एस०वाई०,खण्ड लो०नि०वि० काठगोदाम


# विवाद में गंडासे से हमला कर हाथ की उंगली काटी

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**काशीपुर।** कार निकालने को लेकर हुए विवाद में एक व्यक्ति ने युवक पर गंडासे से हमला कर उसके हाथ की उंगलियां काट दी। पिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया है। जसपुर खुर्द स्थित रॉयल सिटी निवासी अजय अग्रवाल पुत्र स्व. एसके अग्रवाल ने आईटीआई थाना पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह उसका पुत्र उत्कर्ष अग्रवाल अपनी कार से रॉयल सिटी कालोनी के गेट से अन्दर की तरफ आ रहा था, तभी अन्दर से सामने आ रही कार के कारण उसने अपनी कार अपनी साईड लगाकर उक्त कार चालक को निकलने को कहा, तभी उक्त कार का चालक हरजीत सिंह निवासी बिला नं0-25, रॉयल सिटी कार से उतर का आया और उसके पुत्र को गालियां देते हुए कहने लगा कि तुझे आज जान से मार दूंगा और अपनी कार से गंडासा निकालकर उसके पुत्र पर जान से मारने की नियत से वार कर दिया जिससे उसके पुत्र के दाये हाथ की मध्य अंगुली कटकर अलग होकर लटक गयी। शोर शराबा होने पर उसकी उर्वशी अग्रवाल, छोटा पुत्र आयु अग्रवाल, सुधा आदि लोग मौके पर आकर पुत्र को बचाने की कोशिश की तो हरजीत ने इन लोगों के साथ भी मारपीट की। बाद में आरोपी उसके पुत्र उत्कर्ष को जान से मारने की धमकी देते हुए चला गया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

## महिला सप्त शक्ति संगम कार्यक्रम का आयोजन

**काशीपुर।** विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान द्वारा आयोजित महिला सप्तशक्ति संगम चतुर्थ कार्यक्रम का आयोजन आज तुलाराम राजाराम सरस्वती विद्या मन्दिर इंटर कॉलेज में किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रीमती राजलक्ष्मी रहीं, जिन्होंने परिवार के बारे में गरिमामयी उद्‌बोधन से सभी अभिभावकों को विस्तृत जानकारी दी। वक्ता के रूप में श्रीमती रिंकू रहीं। उन्होंने नारी के सात गुणों को विस्तृत रूप से सबके समक्ष रखा। अध्यक्षा के रूप में योगेन्द्र कुमारी रहीं। कार्यक्रम का संयोजन रेखा शर्मा द्वारा किया गया। कार्यक्रम का समापन विशिष्ट माताओं को सम्मानित कर किया गया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन समिति, प्रधानाचार्य एवं समस्त विद्यालय परिवार की आचार्या उपस्थित रहीं।

# डिप्लोमा इंजीनियर्स संघ का गठन

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**अल्मोड़ा।** उत्तराखण्ड डिप्लोमा इंजीनियर्स लोनिवि संघ अल्मोडा का जनपदीय अधिवेशन शकित सदन अल्मोड़ा में आयोजित किया गया। अधिवेशन की अध्यक्षता सहायक अभियंता ई. पुनीता रानी द्वारा की गई। कार्यक्रम का संचालन ई. प्रदीप कुमार जोशी ने किया गया। इस दौरान जिला कार्यकारिणी का भी गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से गणेश चंद्र जोशी को जिलाध्यक्ष चुना गया। इसके अलावा ई. कमल शाह को सचिव, ई. पंकज कुमार को उपाध्यक्ष, ई तनुजा राणा को कोषाध्यक्ष, ई. फैजान मलिक को खंडीय अध्यक्ष निर्माण खंड, ई. हर्षिता सुयाल को सचिव, ई. अंकित सिंह को खंडीय



अध्यक्ष प्रांतीय खंड, ई. वरुण पंत सचिव चुनाव गया। वहीं, राष्ट्रीय राजमार्ग खंड रानीखेत से ई. एलएम अंगारी खंडीय अध्यक्ष व ई. पायल जोशी को सचिव चुना गया। सभी पदाधिकारियों का निर्विरोध निर्वाचन किया गया। कार्यकारिणी गठन के बाद सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारी ने पद और गोपनीयता की शपथ ली। अभियंता के हितों के लिए संघर्ष करने का संकल्प लिया। यहां संगठन सचिव कुमाऊं ई. राजेंद्र गिरी, मंडल अध्यक्ष ई. अजय टम्टा, उपाध्यक्ष ई. एलएम शर्मा, मंडल सचिव ई. हिमाशु जोशी, मंडल मंत्री वित्त रवि दानी आदि मौजूद रहे।

# विज्ञान प्रदर्शनी में अदनान व अजय को मिला दूसरा स्थान

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**अल्मोड़ा।** उत्तराखंड राज्य युवा महोत्सव के दौरान आयोजित जनपद स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में जिले के विभिन्न विद्यालयों के छात्र छात्राओं ने मल्ला महल अल्मोड़ा में प्रतिभाग किया। नवाचार आधारित विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी में महर्षि विद्या मंदिर पपरशैली के छात्र अदनान हुसैन व अजय बिष्ट ने जिला स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता के अगले चरण में राज्य स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी प्रतियोगिता में इन दोनों छात्रों ने राजधानी देहरादून में अपने मॉडल मल्टीपर्पस आटोमेटिक एग्रीकल्चर मशीन कक्षप्रदर्शन किया। राज्य स्तर पर भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए द्वितीय स्थान प्राप्त करके राज्य एवं जिले का गौरव बढ़ाया। दोनों छात्रों की उपलब्धि पर विधायक मनोज तिवारी, सीईओ अत्रेश सयाना, बीईओ, प्रधानाचार्य बीबी भट्ट ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।



# पंत विवि में 'बैटल ऑफ बैंड्स'

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**पंतनगर।** गोविंद बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में स्थापना दिवस सप्ताह के अंतर्गत अधिष्ठाता छात्र कल्याण विभाग एवं एल्यूमिनी एल्मामेटर एडवांसमेंट एसोसिएशन (4ए) के संयुक्त तत्वावधान में 'बैटल ऑफ बैंड्स' शो का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्‌घाटन मुख्य अतिथि कुलसचिव डा. दीपा विनय द्वारा किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को प्रोत्साहित करना था। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के विभिन्न महाविद्यालयों की कुल आठ प्रतिभाशाली बैंड टीमों ने अपनी मनमोहक संगीत प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। अतिथियों ने प्रतिभागियों के उत्साह और प्रतिभा की सराहना करते हुए



कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम न केवल विद्यार्थियों की रचनात्मकता को बढ़ावा देते हैं, बल्कि विश्वविद्यालय की सांस्कृतिक पहचान को भी सशकत बनाते हैं। निर्णायक मंडल में डा. भावना, बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना, डा. सलिल तिवारी, कृषि महाविद्यालय तथा अंजना श्रीवास्तव उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन एवं धन्यवाद प्रस्ताव डा. किरन राणा द्वारा प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डा. सुभाष चंद्रा, सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय की अधिष्ठात्री डा. अल्का गोयल, अधिष्ठाता छात्र कल्याण डा. आनंद सिंह जीना, सह-अधिष्ठाता छात्र कल्याण डा. राजीव रंजन, डा. छाया शुक्ला, डा. श्वेता राय, मुख्य संयोजक एवं सचिव डा. अनिल कुमार, छात्रावास अभिरक्षकगण, अभिरक्षिकाएं तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## पिनाथ के जंगल में अचानक धधकी आग

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**अल्मोड़ा।** जिले में ठंड के मौसम में भी वनाग्नि की घटनाएं सामने आने लगी है। मिली जानकारी के अनुसार जिले के पिनाथ के जंगल में अचानक आग लग गई। आग ने तेजी से जंगल को अपने आगोश में ले लिया। स्थानीय ग्रामीणों द्वारा आग लगने की सूचना वन विभाग को दी गई। आग लगने की सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम तथा हंस फाउंडेशन के फायर फाइटर और कार्यकर्ता तत्काल मौके पर पहुंचे। घंटों की मशक्कत के बाद किसी तरह आग पर काबू पाया जा सका। आग बुझाने में हंस फाउंडेशन के फायर फाइटर रेखा आर्या, ममता देवी, झरना देवी, प्रेमा देवी, फायर वाचर शंकर गिरी, वन विभाग के राजू बिष्ट, रवि भंडारी और हंस फाउंडेशन के कमल सिंह मौजूद रहे।

# शत प्रतिशत हो टीकाकरण



**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**बागेश्वर।** मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय सभागार में गुरुवार को टीका निवार्य कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में अधिकारियों ने डाक्टरों, एनम, सीएचओ, ब्लाक प्रोग्राम मैनेजर को शत प्रतिशत टीकाकरण करने के निर्देश दिए। मुख्य चिकित्साधिकारी डा. कुमार आदित्य की अध्यक्षता में आयोजित कार्यशाला में डा. कुमार आदित्य ने कहा कि टीका अनिवार्य रूप से लगना जरूरी है। ताकि जिला मुख्यालय सहित जिले के प्रत्येक गांव को बैक्टीरिया एवं वायरस से होने वाले रोगों से मुक्ति दिलाई जा सके। उन्होंने जिले के आयुष्मान आरोग्य मंदिर, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, जिला अस्पताल में तैनात चिकित्सक, एवं अन्य कर्मचारी पूरी जिम्मेदारी के साथ टीका कारण करना सुनिश्चित करे। कार्यशाला में बच्चों में होने वाले रोगों बुखार, चकत्ते, गलघोंटू, काली खांसी, आदि पर चर्चा करते हुए उन्हें लक्षणों पर भी चर्चा की गई। कार्यशाला में अपर मुख्य चिकित्साधिकारी अमित, जिला प्रतिक्षण अधिकारी डा. प्रमोद जंगपांगी, डा. आकाश कुमार, हेमलता सहित अन्य मौजूद थे।

# सीएससी सेंटर में बन रहे थे फर्जी दस्तावेज़

## शिकायत मिलने पर कुमाऊं कमिश्नर ने बनभूलपुरा में अरायजनबीस के घर मारा छापा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** महानगर में फर्जी दस्तावेज़ व प्रमाण पत्र बनाने का मामला बेहद सख्ती के बावजूद बदस्तूर जारी है। ऐसा ही एक और मामला कुमाऊं कमिश्नर ने पकड़ा है। तहसील में अरायजनबीस द्वारा घर से व सीएससी से फर्जी दस्तावेज के आधार पर प्रमाण पत्र तैयार करने की शिकायत प्राप्त होने पर आयुक्त कुमाऊं व सचिव मुख्यमंत्री दीपक रावत ने तत्काल संज्ञान लिया।



देर शाम हल्द्वानी के बनभूलपुरा निवासी अरायजनबीस (दस्तावेज लेखक) फैजान मिकरानी के घर पर पंहुचकर फर्जी दस्तावेज पकड़े। इस दौरान दूसरा सीईएससी सेंटर जो भी बनभूलपुरा में था, बंद पाया गया। इस दौरान कुमाऊं आयुक्त ने अवगत कराया कि उनके जनता दरबार में सीएससी सेंटर बनभूलपुरा में नकली दस्तावेज के आधार पर विभिन्न प्रमाण पत्र बनाए जाने की एक शिकायत बरेली निवासी रईस अहमद द्वारा की गई थी। शिकायत में बताया गया कि उनके नाम से किसी और व्यक्ति का स्थायी निवास प्रमाण पत्र तैयार कर लिया गया है। जांच में पाया गया कि यह फर्जी प्रमाण पत्र फैजान मिकरानी द्वारा बनाया गया था।

इस दौरान कुमाऊँ आयुक्त ने कैम्प कार्यालय में फर्जी प्रमाण पत्र बनाने वाले संबंधित सीएससी संचालन फैजान मिकरानी, संबंधित शिकायत कर्ता रईस अहमद तथा जिस व्यक्ति के नाम की आई डी बनाकर उपयोग किया जा रहा था (देवेन्द्र पाण्डे व उनकी पत्नी नंदी पाण्डे) तथा जलीस व रईस अहमद जिनके स्थाई निवास प्रमाण पत्र फर्जी दस्तावेज लगाकर बनाए गए थे, इन सभी को बुलाकर गहनता से पूछताछ की गई। इस दौरान पूछताछ में इन फर्जी दस्तावेज को बनाने में सरकारी विभागों के कार्मिकों की भी मिली भगत सामने आई है, जिसमें सैकड़ों की संख्या में पुराने विद्युत बिल भी मिले हैं जो दस्तावेजों के तहत फर्जी रूप में लगाए गए हैं। इस पर तुरंत विद्युत विभाग के संबंधित कर्मचारी को भी बुलाकर पूछताछ की गई। इसमें संबंधित क्षेत्र के पटवारी जिनके द्वारा ऑनलाइन आवेदनों का सत्यापन किया जाता है उसकी भी जांच के निर्देश उप जिलाधिकारी हल्द्वानी को दिए। इस दौरान यह भी संज्ञान में आया कि संबंधित अराजनबीस द्वारा उनके पास आने वाले आवेदकों के दस्तावेजों के माध्यम से नकली ईमेल आई डी भी तैयार कर फर्जी रूप से विभिन्न प्रमाण पत्र बनाए जा रहे थे। इस दौरान आयुक्त को कई ऐसे दस्तावेज भी मिले जो अन्य व्यक्तियों के नाम पर थे। प्रारंभिक जांच में यह भी सामने आया कि फर्जी दस्तावेज़ बनाते समय दूसरे व्यक्ति के मोबाइल नंबरों का भी दुरुपयोग किया गया है। इस संबंध में कुमाऊँ आयुक्त ने उप जिला. धिकारी हल्द्वानी को तत्काल मुक. दमा दर्ज करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि तहसील परिसर में अनाधिकृत बिना लाइसेंस के कोई भी अराजनबीस व पत्र लेखन का कार्य न करने पाए यह सुनिश्चित किया जाए। इस दौरान पुलिस द्वारा संबंधितों से गहनता से पूछताछ की जा रही है। उन्होंने पुलिस क्षेत्राधिकारी को गहनता से जांच कर कार्यवाही के निर्देश दिए गए। कुमाऊँ आयुक्त ने कहा कि इस प्रकरण पर कठोर कानूनी कार्यवाही की जाएगी। तथा ऐसे सारे प्रमाण पत्रों/प्रकरणों की जांच भी की जाएगी। निरीक्षण के दौरान उप जिलाधिकारी हल्द्वानी राहुल शाह, पुलिस क्षेत्राधिकारी नितिन लोहनी, तहसीलदार कुलदीप पाण्डेय सहित अन्य मौजूद रहे।

# दामाद का सिर फोड़ा, समधन के हाथ में काटा

- बेटी के बारे में जानना चाहा हालचाल, न्यायालय परिसर में दोनों पक्ष आमने-सामने, घायल दमाद ने कोतवाली में दी तहरीर



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** पति-पत्नी के बीच चल रहे विवाद की सुनवाई न्यायालय में विचाराधीन है। गुरुवार को जब दोनों पक्ष काउंसलिंग के लिए जजी परिसर न्यायालय में पहुंचे, इसी बीच दामाद ने अपने ससुर से बेटी का हालचाल जानना चाह, तभी विवाद खड़ा हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि ससुर ने पास पड़ी ईंट से दामाद का सिर फोड़ दिया, जबकि बीच-बचाव करने आई समधन के हाथ में ससुर ने दांत काट लिया। घायल दामाद ने परिवार के साथ कोतवाली पहुंचकर ससुर के खिलाफ तहरीर सौंपकर कार्रवाई की मांग की। जानकारी के अनुसार हरिपुर पूर्णानंद गोरापड़ाव निवासी हेमंत कुमार आग्ररी पेशे से चालक हैं। बताया जा रहा कि हेमंत की पत्नी पूजा ने उस पर दहेज उत्पीड़न सहित कई अन्य धाराओं में पति के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। हेमंत ने परिवार बचाने के लिए परिवार न्यायालय में अर्जी दी थी, जिसका दूसरी काउंसलिंग आज गुरुवार को जजी कोर्ट में होनी थी। इस दौरान पूजा अपने पिता चंदन लाल के साथ आई थी, जबकि हेमंत अपने पिता वीरपाल, मां नीमा देवी और बहन जया के साथ न्यायालय में पहुंचा था। पुलिस को सौंपी तहरीर में हेमंत का आरोप है कि काउंसलिंग के दौरान जब उसने अपनी चार वर्षीय बेटी के बारे में पूछा, तो ससुर चंदन लाल नाराज हो गए। हेमंत का कहना है कि उसकी शादी को पांच साल हो गए हैं। पत्नी से विवाद के चलते वह अपने पिता के घर पर रहती है। उनकी चार वर्षीय बेटी भी मां के साथ है। विवाद के चलते हेमंत ने काफी समय से अपनी बेटी को नहीं देखा था। उन्हें लगा कि पूजा बेटी को साथ लेकर आएगी, लेकिन बेटी को साथ में देखा तो उत्सुकतावश वह बेटी के बारे में पूछ बैठा और विवाद हो गया। देखते ही देखते न्यायालय परिसर में हथापाई व गाली-गलौच शुरू हो गई। हेमंत का कहना है कि इसी बीच ससुरा को धक्का लग गया। इसी बीच ससुर ने पास पड़ी ईंट उठाकर उस पर हमला कर दिया। ईंट लगने से हेमंत का सिर फट गया। इस दौरान, हेमंत की मां नीमा बीच-बचाव करने आईं, लेकिन ससुर ने उनके हाथ में दांत काट लिया। वहां पर मौजूद लोगों ने किसी तरह दोनों पक्षों को अलग किया। जिसके बाद घायल हेमंत न्यायाधीश के सामने पेश हुआ और फिर वह अपने परिवार के साथ हल्द्वानी कोतवाली पहुंचा। कोतवाल अमर चंद्र शर्मा ने बताया कि मामले में तहरीर प्राप्त हो गई है और जल्द ही कार्रवाई की जाएगी।

# एसएसपी ने किया निर्माणाधीन कोतवाली बनभूलपुरा व मल्ला काठगोदाम चौकी का निरीक्षण

## सुरक्षा मानकों व मापदंडों के अनुरूप निर्धारित समय सीमा में पूर्ण करने के दिए निर्देश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** एसएसपी डा. मंजूनाथ टीसी ने गुरूवार को निर्माणाधीन कोतवाली बनभूलपुरा एवं मल्ला काठगोदाम चौकी का स्थलीय निरीक्षण कर भवन निर्माण की गुणवत्ता, मानचित्र व सुरक्षा पहलुओं का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने निर्माण कार्यों की प्रगति, भवन की डिज़ाइन, मटेरियल की गुणवत्ता एवं सुरक्षा मानकों की बारीकी से जांच की। एसएसपी ने संबंधित कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधियों व थाना प्रभारियों को निर्देश दिए कि सभी निर्माण कार्यों को सुरक्षा मापदंडों एवं निर्धारित निर्माण मानकों के अनुरूप समयबद्ध तरीके से पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निरीक्षण के दौरान एसपी संचार रेवाधर मठपाल, प्रतिसार निरीक्षक हरक. ेश सिंह, प्रभारी थाना बनभूलपुरा सुशील जोशी, काठगोदाम थानाध्यक्ष विमल मिश्रा, सहायक अभियंता जयॉक पांडे अस्थायी निर्माण इकाई, उत्तराखंड पेयजल निगम, देहरादून, वर्क सुप. रवाइजर अरविंद चमोली, प्रधान लिपिक हेम चंद्र सती, भवन लिपिक दीपा भवन, पीआरओ हेमा ऐठानी सहित कार्यदायी संस्थाओं के अन्य सदस्य एवं पुलिस कर्मी मौजूद रहे।



# शराब पीने के बाद बार में फायरिंग

**हल्द्वानी।** काठगोदाम थानाक्षेत्र के एक बियर बार में शराब पीने के बाद युवकों ने तैश में आकर बार के अंदर तमंचा निकालकर फायरिंग कर दी। गनीमत रही कि गोली किसी को लगी नहीं और पूरी घटना बार में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई। पुलिस ने आरोपियों की पहचान तो कर ली है, लेकिन फिलहाल तमंचा की बरामदगी नहीं हो सकी है। पुलिस का दावा है कि जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जायेगा। बता दें कि बीते 7 नवंबर को काठगोदाम थानाक्षेत्र स्थित एक बियर बार में दो युवक शराब पीने पहुंचे। बताया जा रहा कि शराब पीने के बाद इनमें से एक युवक ने अपने कमर में लगा हुआ तमंचा बाहर निकाला। बार में मौजूद अन्य लोग जब तमंचा देखे तो वे हैरान रह गए, लेकिन किसी ने इसका विरोध नहीं किया। बताया जा रहा तभी युवक ने तमंचा लोड किया और अचानक फायर कर दिया। घटना के बाद दोनों युवक आराम से बार से बाहर चले गए। जिसके बाद बार संचालक ने तुरंत काठगोदाम पुलिस को सूचित किया। इसके बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर बार में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली, जिसमें दोनों युवक फायरिंग करते हुए दिखाई दिए। काठगोदाम थानाध्यक्ष विमल मिश्रा ने कहा कि घटना का संज्ञान लिया गया है और आरोपियों की पहचान कर ली गई है। पुलिस अब तमंचे की तलाश कर रही है और आरोपियों की जल्द ही गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

# यूकेडी संग युवाओं ने भरी हुंकार




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** उत्तराखंड क्रांति दल एवं उत्तराखंड स्टूडेंट फेडरेशन का संयुक्त सदस्यता कार्यक्रम गुरूवार को पीलीकोठी स्थित एक बैंक्वेट हॉल में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में 70 से अधिक युवाओं ने उत्तराखंड स्टूडेंट फेडरेशन की सदस्यता ग्रहण की, वहीं 25 से अधिक वरिष्ठ नागरिकों व महिलाओं ने यूकेडी का दामन थामा। कार्यक्रम का नेतृत्व केंद्रीय युवा प्रभारी कमल जोशी द्वारा किया गया। जबकि संचालन जिलाध्यक्ष प्रताप सिंह चौहान और नगर अध्यक्ष हरीश जोशी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय महामंत्री सुशील उनियाल मौजूद रहे। इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष दिनेश भट्ट ने अपने संबोधन से युवाओं में नई ऊर्जा का संचार किया। कार्यक्रम एमबीपीजी कॉलेज के छात्र हर्ष शर्मा, करण जोशी, गौरव सुयाल समेत कई युवा इस कार्यक्रम में सक्रिय रूप से शामिल रहे। कमल जोशी ने अपने कहा कि यह सदस्यता अभियान की सिर्फ एक शुरुआत है अब कुमाऊँ से लेकर गढ़वाल तक हर ज़िले में यूकेडी व यूएसएफ की एकता का बिगुल बजेगा। उन्होंने घोषणा की कि हल्द्वानी से नशे के खिलाफ़ एक सशक्त जनआंदोलन शुरू किया जाएगा, और युवाओं के नेतृत्व में यह मुहिम पूरे प्रदेश में फैलाई जाएगी।

# सूचना विभाग में फेरबदल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग ने विभागीय फेरबदल करते हुए जिला सूचना कार्यालय हरिद्वार में तैनात जिला सूचना अधिकारी अहमद नदीम को शासकीय कार्यहित में अग्रिम आदेशों तक मीडिया सेंटर हल्द्वानी नैनीताल से सम्बद्ध किया है। विभाग की और से से जारी आदेश के अनुसार मीडिया सेंटर हल्द्वानी में सम्बद्ध सूचना अधिकारी प्रियंका जोशी की सम्बद्धता समाप्त कर दी गई है। उन्हें उनके मूल तैनाती स्थल सूचना निदेशालय देहरादून मुख्यालय में तैनात किया गया है। इसके अलावा, अहमद नदीम के हल्द्वानी सम्बद्धीकरण की अवधि में जिला सूचना कार्यालय हरिद्वार में तैनात अतिरिक्त जिला सूचना अधिकारी रति लाल को प्रभारी जिला सूचना अधिकारी की जिम्मेदारी सौंपी गई है। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू हो गए हैं।

# स्मैक के साथ एक गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** प्रभारी थानाध्यक्ष बनभूलपुरा सुशील जोशी के नेतृत्व में गठित टीम ने एक व्यक्ति को स्मैक के साथ गिरफ्तार किया। चेकिंग के दौरान आरोपी सुदीप कुमार पुत्र राधे श्याम निवासी 16 क्वार्टर टनकपुर रोड राजपुरा हल्द्वानी को 10.08 ग्राम स्मैक साथ सीवर ट्रीटमेंट प्लांट रोड मेन रोड के पास से गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है।

# 'भारत को जानो' में लिटिल फ्लावर द्वितीय

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** भारत विकास परिषद द्वारा गुरूवार को को क्वींस पब्लिक स्कूल में आयोजित भारत को जानो प्रश्नमंच प्रतियोगिता में लिटिल फ्लावर स्कूल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कनिष्ठ वर्ग में दूसरा स्थान प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता में विभिन्न स्कूलों के बच्चों ने अपनी जानकारी और तर्क क्षमता का प्रदर्शन किया। कनिष्ठ वर्ग में लिटिल फ्लावर स्कूल के विद्यार्थियों बिट्टू पटेल और हर्षिता पलड़िया ने शानदार प्रदर्शन करते हुए द्वितीय स्थान हासिल किया। प्रतियोगिता में सवालों का स्तर कठिन था, लेकिन बच्चों ने अपनी तैयारी और आत्मविश्वास से प्रतियोगिता में सफलता पाई। प्रश्नमंच का संचालन अपर्णा नेगी और अलकनंदा माहेश्वरी द्वारा किया गया। जिन्होंने प्रतियोगिता के दौरान बच्चों को प्रेरित किया और कार्यक्रम को आकर्षक ढंग से प्रस्तुत किया। लिटिल फ्लावर स्कूल की प्रधानाचार्या शांति जीना ने प्रतियोगिता में सफलता प्राप्त करने वाले बच्चों को बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य के लिए आशीर्वाद दिया। उन्होंने बच्चों की कड़ी मेहनत और समर्पण की सराहना करते हुए उन्हें उत्साहित किया कि वे भविष्य में और अधिक ऊंचाइयों को छुएं।



# सड़क हादसे में छात्र की मौत

## पंचायत घर के पास अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** बीते बुधवार की मध्यरात्रि एक छात्र घर से बाइक लेकर निकला तभी वह सड़क हादसे का शिकार हो गया। बाइक सवार छात्र को पंचायत घर चौराहे के पास एक अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। घायल छात्र को आनन फानन में सुशीला तिवारी अस्पताल लाया गया। जहां पर मौजूद चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। गुरूवार को पुलिस ने छात्र के शव का पोस्टमार्टम कराके शव परिजनों को सौंप दिया।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार धनपुरी आनंदपुर पंचायतघर निवासी 20 वर्षीय करन सिंह गुप्ता होटल मैनेजमेंट के छात्र था और यहां पिता राधे किशन गुप्ता, मां व बहन के साथ रहता था। बताया जा रहा कि बीते बुधवार की रात्रि करीब 12 बजे करन बाइक पर सवार होकर किसी जरूरी काम से घर से निकला। जैसे ही वह पंचायतघर से कुछ दूरी पर रामपुर रोड स्थित हिड एंड लीफ रेस्टोरेंट के पास पहुंचा था तभी एक अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी। सड़क हादसे में करन गंभीर रूप से घायल हो गया। आनन फानन में घायल को सुशीला तिवारी अस्पताल लाया गया जहां पर मौजूद चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। गुरूवार को पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराके शव परिजनों के सुपर्दु कर दिया। इधर टीपीनगर चौकी प्रभारी मनोज कुमार ने बताया कि पीड़ित परिवार की ओर से अभी तहरीर नहीं मिली है तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई की जायेगी। फिलहाल पुलिस हादसे को अंजाम देने वाले वाहन और चालक की शिनाख्त में जुट गई।

### पैदल जा रहे मजदूर को वाहन ने मारी टक्कर, मौत

**हल्द्वानी।** देर रात सड़क किनारे पैदल जा रहे एक मजदूर को तेज रफ्तार वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे आनन फानन में कालाढूंगी के सीएचसी अस्पताल लाया गया। हालत नाजुक होने पर उसे सुशीला तिवारी रेफर कर दिया। यहां पहुंचने के बाद मजदूर ने दम तोड़ दिया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराके शव परिजनों को सौंप दिया। जानकारी के अनुसार कालाढूंगी नयागांव चंदनपुर निवासी भगवान दास (45) पेशे से मजदूर का काम करता था। बताया जाता है कि बुधवार रात करीब वह नयागांव कालाढूंगी-रामनगर रोड पर सड़क किनारे पैदल जा रहा था तभी पीछे से आ रही एक अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी। घटना के बाद वाहन चालक वाहन लेकर फरार हो गया। सड़क किनारे पड़े मजदूर को उपचार के लिए कालाढूंगी के सीएचसी अस्पताल लाया गया। जहां से उसे सुशीला तिवारी रेफर कर दिया। यहां पहुंचने पर मजदूर ने दम तोड़ दिया। जिसक बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई।

### सड़क हादसे में घायल फारेस्ट गार्ड ने तोड़ा दम

**हल्द्वानी।** सड़क हादसे में बीते 15 दिनों से घायल फॉरेस्ट गार्ड की बीते बुधवार को सुशीला तिवारी अस्पताल में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराके शव परिजनों को सौंप दिया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मूलरूप से खितौली पिथौरागढ़ निवासी हेमंत सिंह 28 वर्षीय पुत्र नरेंद्र सिंह मेहता फॉरेस्ट गार्ड था। बताया जा रहा कि बीते 27 अक्टूबर को वह बाइक से सवार होकर किसी काम से निकला था तभी टनकपुर में जगपड़ा पुल पहुंचने पर उसे एक अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे हेमंत गंभीर रूप से घायल हो गया। पिछले 15 दिनों से उसका इलाज सुशीला तिवारी अस्पताल में चल रहा था। बीते बुधवार की रात्रि उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया। गुरूवार को पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराके शव परिजनों को सौंप दिया।

# नशे में वाहन चलाने पर तीन गिरफ्तार

**हल्द्वानी।** नशे में वाहन चलाने वालों पर पुलिस ने सख्त रुख अपनाते हुए तीन युवकों को गिरफ्तार किया है। एसएसपी के निर्देश पर काठगोदाम पुलिस ने चौकी मल्ला गेट क्षेत्र में देर रात सघन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान शराब के नशे में वाहन चला रहे तीन चालकों को पकड़ लिया गया। पुलिस ने तीनों के वाहनों को सीज कर चालान की कार्रवाई की है। पूछताछ में उन्होंने अपना नाम गिरफ्तार प्रकाश पुत्र भीम सिंह निवासी चकरपुर उधमसिंह नगर, दिनेश पुत्र रघुवर निवासी रायघून चंपावत और सैयद मोहम्मद जीशान पुत्र मुर्तजा निवासी पीलीभीत यूपी बताया। थानाध्यक्ष काठगोदाम विमल मिश्रा ने बताया कि अभियान के दौरान कई वाहनों की जांच की गई। इस दौरान धारा 185 मोटर वाहन अधिनियम के तहत तीन व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया। टीम में काठगोदाम मल्ला चौकी प्रभारी दिलीप कुमार, कांस्टेबल योगेश कुमार, मनीष कुमर शामिल रहे।

## रेडियोलॉजी पद पर प्रदीप कुमार बर्वे की नियुकित बरकरार

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट की खंडपीठ ने आईआईटी रुड़की में जूनियर टेक्निकल सुपरिंटेंडेंट (रेडियोलॉजी) के पद पर प्रदीप कुमार बर्वे की नियुक्ति को बरकरार रखा है। एकल न्यायाधीश ने 8 मार्च 2018 को बर्वे के चयन को अवैध ठहराया था, जिसे अब हाईकोर्ट ने रद्द कर दिया। मामले में खंडपीठ ने कहा कि याचिकाकर्ता शैलेंद्र कुमार सिंह ने चयन प्रक्रिया में भाग लिया था, लेकिन न्यूनतम अर्हक अंक नहीं प्राप्त कर सके, इसलिए वह इसे चुनौती नहीं दे सकते। कोर्ट ने यह भी माना कि बर्वे की बीएससी (रेडिएशन टेक्नोलॉजी) डिग्री चयन समिति द्वारा रेडियोलॉजी/रेडियोग्राफी डिग्री के समान मान्यता प्राप्त थी और इसमें कोई मनमानी नहीं थी।

# 373 रनों से डीके स्पोर्ट्स ने जीता मैच

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** हल्द्वानी कोल्ट्स क्रिकेट क्लब के तत्वाधान में कोल्ट्स क्लब मैदान में चल रहे अंडर-14 स्व. पूरन चन्द्र बल्यूटिया मेमोरियल बहु-दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट के दसवें दिन गुरूवार को डीके स्पोर्ट्स अकादमी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए काठगोदाम स्पोर्ट्स अकादमी को 373 रनों से पराजित कर पूरे दो अंक अपने नाम किए। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए डीके स्पोर्ट्स अकादमी ने अपनी पहली पारी में 239 रन बनाए। जवाब में उतरी काठगोदाम स्पोर्ट्स अकादमी अपनी पहली पारी में 209 रनों पर ऑलआउट हो गई। टीम के लिए मेहुल गोस्वामी ने शानदार 105 रनों का योगदान दिया। डीके स्पोर्ट्स के गेंदबाज देवांग ने 5 और ओम ने 4 विकेट लिए। अपनी दूसरी पारी में डीके स्पोर्ट्स अकादमी ने दमदार प्रदर्शन करते हुए 428 रन बनाकर पारी घोषित की। इस पारी में हार्दिकराज ने शानदार 207 और ईशान जोशी ने 177 रन की शतकीय पारियाँ खेलीं। लक्ष्य का पीछा करने उतरी काठगोदाम स्पोर्ट्स अकादमी की टीम दूसरी पारी में 85 रनों पर सिमट गई। डीके स्पोर्ट्स अकादमी के देवांग ने 4, रक्षित ने 3 और ईशान जोशी ने 2 विकेट चटकाए। डीके स्पोर्ट्स अकादमी के ईशान जोशी को मैन ऑफ-द मैच चुना गया। पुरस्कार वितरण सीनियर क्रिकेटर किशन अनेरिया द्वारा किया गया। मैच के अंपायर सौम्य और हरप्रीत सिंह कंबोज रहे, जबकि रवि सिंह ने स्कोरर की भूमिका निभाई। इस अवसर पर नीरज बल्यूटिया, आनंद बिष्ट, निश्चल जोशी, मनोज भट्ट, नरेंद्र अधिकारी, पंकज गुरुरानी, योगेश चौहान, संजय चौधरी, विक्रम बोरा, धर्मेंद्र पाल, प्रशांत भंडारी, प्रकाश रावत, विजय आर्या, सोनू आर्या, प्रकाश भगत, मनोज पंत आदि मौजूद रहे।




ईशान जोशी को मैन ऑफ-द मैच का खिताब

# उत्तरायणी मेले को भव्य स्वरूप देने की तैयारियां

## पर्वतीय सांस्कृतिक उत्थान मंच की बैठक में बने महत्वपूर्ण निर्णय

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** पर्वतीय सांस्कृतिक उत्थान मंच द्वारा प्रतिवर्ष आयोजित किए जाने वाले उत्तरायणी मेले की तैयारियाँ शुरू हो गई हैं। इस संबंध में मंच की कार्यकारिणी की बैठक गुरूवार को मंच के अध्यक्ष खड़क सिंह बगडवाल की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई, जिसमें निर्णय लिया गया कि इस वर्ष मेले को भव्य और आकर्षक स्वरूप प्रदान किया जाएगा। बैठक में उपस्थित सदस्यों ने कहा कि पर्वतीय संस्कृति को उजागर करने वाली संस्था के लिए यह मेला सांस्कृतिक अस्मिता का प्रतीक है, इसलिए इसे नए और भव्य रूप में प्रस्तुत किया जाएगा। मंच के संरक्षक हुकुम सिंह कुंवर ने कहा कि उत्तराखण्ड राज्य के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में इस वर्ष का उत्तरायणी मेला विशेष महत्व रखता है। उन्होंने कहा कि पर्वतीय संस्कृति को संरक्षित करने और उसे नई पीढ़ी तक पहुँचाने की जिम्मेदारी अब हम सभी की है। बैठक को मंच के अध्यक्ष खड़क सिंह बगडवाल ने बताया कि प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा भी राज्य के पर्वतीय मेलों को आकर्षक और समृद्ध रूप में आयोजित करने की अपेक्षा की गई है। उन्होंने कहा कि संस्था लंबे समय से पर्वतीय संस्कृति के संवर्द्धन और संरक्षण के लिए कार्य कर रही है और इस बार मेला उसी दिशा में एक बड़ा कदम होगा। मंच के सचिव देवेन्द्र तोलिया ने बताया कि उत्तरायणी मेला 7 जनवरी से 15 जनवरी तक आयोजित किया जाएगा। उन्होंने पर्वतीय क्षेत्र की जनता से अपील की कि वे अपने सुझाव और विचार साझा कर मेले को और अधिक सफल व भव्य बनाने में सहयोग दें। बैठक में गोपाल सिंह बिष्ट, त्रिलोक बनोली, शोभा बिष्ट, पुष्पा सम्माल, घरम सिंह बिष्ट, चन्द्रशेखर परगाई, संदीप भैसोड़ा, रितिक आर्या, बृजमोहन बिष्ट, कमल किशोर, नरेन्द्र सिंह बगडवाल आदि मौजूद रहे।



**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं कृष्णा लोहा भण्डार, प्रथम तल काला ढुंगी रोड, हल्द्वानी (उत्तराखंड) से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎05946-250286
मुख्यालयः
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UTTHIN/2003/10264
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# मंदिर तोड़ने पर एनएचआई के खिलाफ लोगों में आक्रोश

■ आमरण अनशन पर बैठे कांग्रेस नेता किन्नू शुक्ला




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** किच्छा रोड रामनगर स्थित दुर्गा मंदिर के एक हिस्से को तोड़े जाने के खिलाफ वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं पूर्व ब्लाक प्रमुख किन्नू शुक्ला गुरूवार को मंदिर परिसर के बाहर आमरण अनशन पर बैठ गए। उन्होंने ऐलान किया कि आमरण अनशन तब तक जारी रहेगा जब तक दोबारा उसी स्थान पर महादेव और काली माता का मंदिर स्थापित नहीं होता। इस दौरान तमाम ग्रामीणों ने किन्नू शुक्ला के साथ एनएचएआई के खिलाफ धरना भी दिया।

बता दें सड़क चौड़ीकरण के नाम पर एनएचएआई और प्रशासन ने बुधवार को रामनगर स्थित दुर्गा मंदिर परिसर में महादेव और मां काली की प्रतिमा के साथ ही वहां मौजूद पंडित के कमरे को भी बुल्डोजर की मदद से ध्वस्त कर दिया। इस मंदिर को बचाने की मांग कांग्रेस नेता किन्नू शुक्ला की अगुवाई में ग्रामीण लम्बे समय से कर रहे थे। इस सम्बंध में जिलाधिकारी को पूर्व में ज्ञापन भी दिया गया था। बुधवार को जब मंदिर तोड़ा गया था तो भारी फोर्स के चलते कोई भी ग्रामीण विरोध करने की हिम्मत नहीं जुटा पाया। मंदिर तोड़े जाने के दौरान कांग्रेस नेता किन्नू शुक्ला शहर से बाहर थे। लौटने के बाद आज गुरुवार को मंदिर टूटा देख किन्नू शुक्ला मंदिर परिसर के बाहर एनएचएआई के खिलाफ आमरण अनशन पर बैठ गए। उनके समर्थन में कई ग्रामीणों ने आमरण अनशन स्थल पर धरना भी दिया।

इस दौरान किन्नू शुक्ला ने कहा कि जब तक मंदिर पुर्नस्थापित नहीं किया जाता तब तक आमरण अनशन जारी रहेगा। किन्नू शुक्ला का कहना था कि पूर्व में तत्कालीन मुख्यमंत्री हरीश रावत के कार्यकाल में इस मंदिर को लेकर एनएचएआई के साथ मंदिर को नुकसान नहीं पहुंचाए जाने को लेकर समझौता हुआ था, लेकिन इसके बावजूद एनएचएआई ने मंदिर तोड़कर लोगों की धार्मिक भावनाओं को आहत किया है। उन्होंने कहा कि यह मंदिर दशकों से क्षेत्र के तमाम ग्रामीणों की आस्था का केन्द्र है। इस पर बुल्डोजर चलाया जाना सरासर अन्याय है। उन्होंने प्रशासन पर जनभावनाओं की अनदेखी का आरोप लगाया।

## पटेल की 150 वीं जयंती के उपलक्ष्य में निकाली गई पदयात्रा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** भाजपा नानकमत्ता विधानसभा के कार्यकर्ताओं ने भारत रत्न लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150 वीं जयंती के उपलक्ष में एकता यात्रा का आयोजन किया। इस मौके पर सभी कार्यकर्ता कंजाबाग तिरंगा चौराहे के पास एकत्र हुए जहां उन्होंने वंदे मातरम् की 150 वीं जयंती के उपलक्ष्य में वंदे मातरम् का सामूहिक गान किया। तत्पश्चात पदयात्रा निकल गई।

पदयात्रा का सितारगंज रोड से डिग्री कॉलेज रोड होते हुए वापस ब्लॉक परिसर में पहुंचने पर समापन किया गया। जहां सभी कार्यकर्ताओं ने महान स्तंत्रता सेनानियों व महापुरुषों के प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस अवसर पर कार्यक्रम के संयोजक डॉक्टर प्रेम सिंह राणा एवं प्रभारी दर्जा राज्य मंत्री मुकेश कुमार ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। इस अवसर पर उन्होंने लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल के योगदान, संघर्षों और त्याग को याद करते हुए सभी पार्टी कार्यकर्ताओं से उनके जीवन से प्रेरणा लेने की बात कही। इसके उपरांत राष्ट्रीय गान के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी, पूर्व मंडी के अध्यक्ष नंदन सिंह खड़ायत, हिमांशु बिष्ट, रमेश जोशी, वरुण अग्रवाल, अमित पांडे, भुवन जोशी, किशोर जोशी, महेश राणा, बलदेव सिंह, मनोज राणा, आनंद भंडारी, सूरज राणा, डॉक्टर सुमंत, सूरज सिंह धामी आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### एक नजर

## एडवोकेट राजेश कुमार पुन: बने बसपा के उधम सिंह नगर जिलाध्यक्ष



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जसपुर।** बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती के दिशा निर्देशानुसार प्रदेश अध्यक्ष अमरजीत सिंह ने बसपा के उत्तराखण्ड मुख्य प्रभारी विजय सिंह एवं प्रभारी मुनकाद अली की सहमति एवं सर्वसम्मिति से जिला ऊधम सिंह नगर के बसपा जिलाध्यक्ष विनोद कुमार गौतम के स्थान पर एडवोकेट राजेश कुमार गौतम को पुन: जिलाध्यक्ष नियुक्त किया है।

मीडिया से बातचीत करते हुए नव नियुक्त जिलाध्यक्ष एडवोकेट राजेश कुमार गौतम ने कहा कि बसपा हाई कमान द्वारा फिर से जिला अध्यक्ष की कमान सौंपी गई है । वे पूरी निष्ठा के साथ कार्य करेंगे और बखूबी अपनी जिम्मेदारी निभाएंगे। बहुजन समाज पार्टी के कार्यकर्ताओं ने नवनियुक्त बसपा जिलाध्यक्ष राजेश गौतम को बधाई दी। बधाई देने वालों में पूर्व जिलाध्यक्ष सदानंद आजाद, डॉक्टर बीएस गौतम, वरिष्ठ कार्यकर्ता साबिर हुसैन, जिला महासचिव सत्यपाल सिंह सागर, विधानसभा अध्यक्ष राज. कुमार रुद्रपुर, विधानसभा अध्यक्ष हरज्ञान सिंह काशीपुर, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष सुभाष बाजपुर, विधानसभा अध्यक्ष लाखन सिंह जसपुर, ओम प्रकाश सिंह, संजय कुमार प्रजापति, नसीम अहमद, जाहिद मंसूरी, मदन पाल सिंह आदि शामिल है।

## अवैध लकड़ी प्रकरण में उठे सवाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** केलाखेड़ा क्षेत्र में अवैध लकड़ी होने की सूचना पर वन विभाग की टीम ने छापेमारी की। इस दौरान विभागीय कार्रवाई तो चर्चा में रही, लेकिन टीम के कार्यशैली को लेकर गंभीर सवाल उठ खड़े हुए हैं। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, छापेमारी के दौरान वन विभाग की टीम ने नाबालिग बच्चों से अवैध लकड़ी को अपने वाहन तक पहुंच. ाने का कार्य करवाया। बच्चों से भारी लकड़ियां उठवाई गई, जो न केवल खतरनाक कार्य है, बल्कि बाल श्रम (निषेध एवं विनियमन) अधिनियम, 1986 का भी उल्लंघन है। लोगों का कहना है कि कानून व्यवस्था संभालने वाले विभाग द्वारा ही बच्चों से श्रम कराया जाना बेहद गंभीर और निंदनीय है।



**वन विभाग कर्मियों ने नाबा. लिगों से उठवाई लकड़ी**

## इंडो-नेपाल सीमा मेलाघाट में एसएसबी व पुलिस की संयुक्त पेट्रोलिंग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** भारत नेपाल सीमा मेलाघाट में सशस्त्र सीमा बल व पुलिस की संयुक्त पेट्रोलिंग की गई। हाल ही में राजधानी दिल्ली में हुए बम ब्लास्ट की घटना को देखते हुए सीमांत क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को सुधार बनाए रखने के उद्देश्य से 57 बटालियन सशस्त्र सीमा बल सितारगंज के कमांडेंट मनो. हर लाल के निर्देशन में भारत नेपाल सीमा स्थित सशस्त्र सीमा बल की विभिन्न चौकियों मेलघाट, नारायण नगर एवं सिंबल घाट में पेट्रोलिंग, फ्लैग मार्च एवं चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान सीमा पर आने जाने वाले व्यक्तियों, वाहनों एवं सामग्रियों की सघन जांच की गई इसके अलावा संदिग्ध व्यक्तियों से भी विशेष पूछताछ की गई। स्थानीय लोगों में सुरक्षा की भावना को सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से मेला घाट बाजार में भी फ्लैग मार्च का आयोजन किया गया। इस मौके पर एसएसबी कैंप मेलाघाट के निरीक्षक विमल जोशी, नारायण नगर के सहायक कमांडेंट निरीक्षक जशोबंता सेनापति अपने-अपने जवानों के साथ तथा स्थानीय पुलिस के अधिकारी भी अपने जवानों के साथ उपस्थित रहे।



## नेता प्रतिपक्ष ने दी कुंडेश्वरी और शिवनगर के वासियों को दी 72 लाख की सौगात

■ नेता प्रतिपक्ष ने किया मुंडेश्वरी मार्ग का शिलान्यास और शिवनगर रोड का लोकार्पण

■ कुंडेश्वरीव शिवनगर में नेता प्रतिपक्ष और पूर्व विधायक का हुआ जोरदार स्वागत




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** नेता प्रतिपक्ष क्षेत्रीय विधायक यशपाल आर्य और नैनीताल पूर्व विधायक संजीव आर्य बाजपुर विधानसभा क्षेत्र के कुंडेश्वरी में पहुंचे। जहां कुंडेश्वरी क्षेत्र के वासियों ने विकास पुरुष ?विधायक यशपाल आर्य और नैनीताल के पूर्व विधायक संजीव आर्य का फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया।

नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने जनसंपर्क के दौरान कुंडेश्वरी और शिवनगर में कहा कांग्रेस पार्टी जनता के जीवन में वास्तविक बदलाव लाते हुए हमेशा जन भावनाओं के अनुरूप काम करने में विश्वास रखती है। उन्होंने कहा कांग्रेस की रणनीति केवल बटन तक सीमित नहीं बल्कि धरातल पर किए गए विकास कार्यों से जनता के जीवन में सुधार लाने की दिशा में समर्पित है। यशपाल आर्य और नैनीताल पूर्व विधायक संजीव आर्य द्वारा 67 लाख की लागत से कुंडेश्वरी में मार्ग का शिलान्यास किया गया। नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य द्वारा कुंडेश्वरी में लोगों से जनसंपर्क किया गया। नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य और नैनीताल पूर्व विधायक संजीव आर्य शिवनगर पहुंचे, जहां शिवनगर के वासियों न उनका फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया। नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य द्वारा पांच लाख की लागत से शिवनगर में रोड का लोकार्पण किया गया। नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य और नैनीताल पूर्व विधायक संजीव आर्य ने बाजपुर क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर पहुंचकर शोक संवेदनाएं व्यक्त की गई। इस मौके पर कुंडेश्वरी कांग्रेस अध्यक्ष राकेश लखेरा, महक सिंह कुमार बिष्ट, सूबेदार दर्शन रावत, बीना बिष्ट, मंजू, बसंती, वीरेंद्र बिष्ट, गुरदयाल सिंह, डॉक्टर गजपाल, प्रेम सिंह, प्रेम शर्मा, परमजीत सिंह, हरमन सिंह देवली, विक्रम सिंह, दीवान सिंह, त्रिलोक सिंह नेगी, श्याम सिंह बिष्ट, शौर्य लाखेड़ा, जो. गिंदर सिंह, तरसेम सिंह, सूरज सिंह, होशियार सिंह, रो. हत सिंह, लवप्रीत सिंह, राम सिंह, पायल चौधरी, उमेश जोशी, हरीश कुमार आदि उपस्थित रहे।

## नशे के खिलाफ जुटने लगे युवा, श्रमिक मातृशक्ति और सामाजिक कार्यकर्ता



■ कैम्प में पदयात्रा पर डटे गाबा को मिलने लगा व्यापक जनसमर्थन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** अवैध कच्ची शराब, चरस, गांजा, सुल्फा, सूखे नशे के खिलाफ व्यापक जनजागरूकता अभियान को अब युवाओं, श्रमिकों, मातृशक्ति और सामाजिक कार्यकताओं का व्यापक जनसमर्थन मिलना प्रारंभ हो गया है। एक अकेले यह पदयात्रा प्रारम्भ करने वाले सुशील गाबा की साफ सुथरी छवि और जनसंघर्षों के व्यापक इतिहास को देखते हुए एक के बाद अनेकों लोग अभियान से जुड़ रहे हैं।

इसी परिवेक्ष्य में आज गुरुवार को ट्रांजिट कैम्प में डा. महेश राजपूत के प्रतिष्ठान पर समाजसेवी चौखे लाल की अध्यक्षता में एकत्र हुए लोगो नें नशे के खिलाफ अपने संकल्प को दोहराते हुये विचार रखे और पदयात्रा कर बस्ती में नशे के खिलाफ अलख जगायी। समाजस. ेवी सुशील गाबा ने कहा कि आज हमें अपनी नयी पीढ़ी को नशे से बचानें की सख्त आवश्यक्ता है। हम इस आंदोलन को गांधीवादी तरीके से संचालित करने जा रहे है, जिसमें हिंसा, कानूनों की अवहेलना का कोई स्थान नहीं रहेगा। नशे पर रोकथाम के लिये व्यापक जनसंपर्क अभियान के तहत नशे के व्यापक स्वास्थय, मानसिक, सामाजिक दुष्प्रभावों के प्रति जनता से लगातार बातचीत करना ही सर्वश्रेष्ठ तरीका है। जनता के एक साथ उठ खड़े होनें से नशे के सौदागरों की काकस टूट जायेगा। समाजसेवी चौखे लाल ने कहा कि वह इस आंदोलन में समाजसेवी सुशील गाबा के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ हैं। नशे के इस जंजाल से हमें अपने युवाओं एवं नयी पीढ़ी को बचाना होगा। पदयात्रा के माध्यम से हर परिवार से मिलकर हमें सभी को एकजुट करना होगा। इस दौरान नगर निगम के पूर्व नेता प्रतिपक्ष मोनू निषाद, पूर्व छात्रसंघ उपाध्यक्ष जावेद अख्तर, समाजसेवी हैप्पी रंधावा, पूर्व छात्रसंघ उपाध्यक्षा नेहा सामंत, मोनू कश्यप, पूर्व छात्रसंघ उपसर्. चव गौरव शुक्ला आदि, वीरेन्द्र कुमार, देवेन्द्र गंगवार, भगवान दास, हरीश चन्द्र सैनी, राकेश कुमार आदि पदयात्री शामिल रहे।

## बंगाली समाज को अनुसूचित दर्जा दिलाने को लेकर लगातार भाजपा प्रयासरत: विधायक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** विधायक शिव अरोरा ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और भाजपा सरकार बंगाली समाज को अनुसूचित दर्जा दिलाने को लेकर लगातार प्रयास कर रही है। बताया कि 2008 में खंडूरी सरकार ने बंगाली समाज को अनुसूचित जाति दर्जा हेतु पंतनगर यूनिवर्सिटी द्वारा सर्वे कराया गया था। 2009 में खंडूरी सरकार द्वारा बंगाली समाज को अनुसूचित दर्जा देने हेतु प्रस्ताव उस समय की केंद्र की कांग्रेस सरकार को भेजा गया, जिस समय यहां के विधायक तिलक राज बेहड़ व सांसद केसी बाबा थे जो उस प्रस्ताव को केंद्र में पास करवाने में असफल रहे।

विधायक शिव अरोरा कहा कि विधायक बनने के बाद इस विषय को रुद्रपुर विभाजन विभीषिका कार्यक्रम में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को लिखित पत्र देकर बंगाली समाज को अनुसूचित दर्जा देने की मांग रखी। वहीं 12 फरवरी 2024 को देहरादून में प्रतिनिधिमंडल ने उनके साथ पुन: मुख्यमंत्री धामी से मुलाकात की, जिसको लेकर मुख्यमंत्री धामी ने 12 फरवरी को 2024 को ही राष्ट्रीय अनुसूचित आयोग के अध्यक्ष को पुन: प्रस्ताव भेजा, जिस पर राष्ट्रीय अनुसूचित आयोग के अध्यक्ष ने 14 फरवरी को केंद्र सरकार को पत्र प्रेषित करते हुए बंगाली समाज को अनुसूचित दर्जा देने हेतु प्रस्ताव भेजा, जिसकी प्रकिया केंद्र सरकार में जारी है। विधायक शिव अरोरा का बहुत स्पष्ट कहना था कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी व भाजपा सरकार बंगाली समाज को अनुसूचित दर्जा मिलना चाहिए। विधायक ने कहा कि 20 साल रुद्रपुर से विधायक रहने के बाद तिल. कराज बेहड़ से बंगाली समाज के दस्तावेज में लिखें पूर्वी पाकिस्तान शब्द नहीं हटाया गया, जबकि उनके विधायक बनते ही पूर्वी पाकिस्तान शब्द हटाने का कार्य मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सरकार से करवाया।

विधायक शिव अरोरा कहा कि उनके प्रयास से रुद्रपुर में स्वीकृत बंगाली संस्कृति पर आधारित बंग भवन जिसकी धनराशि जारी हो चूकि है जल्द उसका निर्माण कार्य आरम्भ हो जाएगा। उनके के प्रयास से बंगाली समाज के छात्र-छात्राओं को हरि चंद गुरु चंद स्मृति छात्रवृति कोष पुन: मिलना प्रारम्भ हुआ, जिसमे दो करोड़ की राशि सरकार द्वारा जारी कर दी गई है।

## सोशल मीडिया पर भ्रामक खबर फैलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग

■ एसडीएम के माध्यम से गृहमंत्री अमित शाह को भेजा ज्ञापन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** क्षेत्र के युवाओं ने पंजाबी महासभा के प्रदेश सचिव मनोज वाधवा के नेतृत्व में उप जिलाधिकारी खटीमा के माध्यम से गृहमंत्री अमित शाह के नाम एक ज्ञापन प्रेषित कर सोशल मीडिया पर आतंकवाद का समर्थन करने वाले, राष्ट्रीय सुरक्षा और राष्ट्रीय हित के विरुद्ध सोशल मीडिया पर पोस्ट करने वाले तत्वों को चिन्हित कर उनके खिलाफ कठोर कार्यवाही की मांग की।

ज्ञापन के माध्यम से उन्होंने बताया कि देश में होने वाली आतंकवादी घटना के बाद ऐसे तत्व गलत तरीके से सोशल मीडिया पर भ्रामक पोस्ट कर देश की खुफिया एजेंसी एवं सेना की नाकामी बताकर मनोबल तोड़ने का काम करते हैं। हर आतंकवादी घटना के बाद ऐसे तत्वों की सोशल मीडिया पर सक्रियता बढ़ जाती है। जिनको चिन्हित किया जाना अति आवश्यक है। उन्होंने गृह मंत्री अमित शाह से मांग किया कि कठोर कानून बनाकर ऐसे लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जानी चाहिए ताकि उनके मंसूबे सफल न हो सके। ज्ञापन देने वालों में पंजाबी महासभा के प्रदेश सचिव मनोज वाधवा, भाजपा नेता रवीश भटनागर, गुरुद्वारा सिंह सभा के उपाध्यक्ष सरदार अमरजीत सिंह, गौरव पांडे, नवल वाल्मीकि, ठाकुर सुमित सिंह, विजय कुमार, दीपक बिष्ट, आरिफ अंसारी, सलाउद्दीन अंसारी, प्रदीप अग्रवाल, इकबाल अहमद, मोहम्मद जफर, अमित सिंह, राकेश तिवारी, अभिषेक गुप्ता तथा जतिन बत्रा आदि शामिल थे।

## 15 नवंबर को एचएनबी महाविद्यालय खटीमा में होगा मॉक ड्रिल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** तहसीलदार वीरेंद्र सजवाण ने एक पत्र जारी कर बताया कि 15 नवंबर को प्रात: 8:30 बजे शासन एवं जिलाधिकारी के निर्देश के क्रम में हेम. वती नंदन बहुगुणा राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के परिसर में भूकंप आपदा परिदृश्य पर मॉक ड्रिल अभ्यास किया जाना सुनिश्चित किया गया है। उन्होंने पुलिस क्षेत्र अधिकारी, खंड विकास अधिकारी, चिकित्सा अधीक्षक, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका, खंड शिक्षा अधिकारी, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग, अधिशासी अभियंता जल संस्थान, अग्नि सुरक्षा अधिकारी अग्निशमन विभाग, अधिशासी अभियंता सिंचाई विभाग, पूर्ति निरीक्षक खाद्य एवं आपूर्ति विभाग, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी, बाल विकास परियोजना अधिकारी, जेटीओ बीएसएनल, एसडीओ वन विभाग, अधिशासी अभियंता विद्युत विभाग आदि अधिकारियों से अपने अधीनस्थ कार्मिकों के साथ एवं आपदा से निपटने हेतु उपकरण होने की स्थिति में आवश्यक उपकरणों सहित नियत समय व स्थान पर उपस्थित होने के लिए निर्देश दिए हैं।

## खाद्य विभाग की टीम ने चिकन बिरयानी सेंटरो एवं होटल व ढाबों पर की छापेमारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** रामनगर में भवानीगंज क्षेत्र में खाद्य विभाग की टीम ने चिकन बिरयानी सेंटरो के अलावा होटल एवं ढाबों पर अचानक छापामार कार्रवाई करते कई दुकानों पर विभाग के नियमों की अनदेखी पाई गई।



रामनगर के वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी असलम खान ने बताया कि भवानीगंज क्षेत्र में पिछले लंबे समय से लोगों की शिकायत आ रही थी कि यहां पर स्थित चिकन बिरयानी सेंटर एवं होटल व ढाबों पर काफी गंदगी रहने के साथ ही विभाग के नियमों की अनदेखी की जा रही है।उन्होंने बताया कि लोगों की यह भी शिकायत थी कि कई प्रतिष्ठान विभाग के बिना लाइसेंस के ही संचालित हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि शिकायत के बाद विभाग ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए गुरुवार को यह छापा मार कार्रवाई की है। उन्होंने बताया की कार्रवाई के दौरान कई प्रतिष्ठानों पर काफी कमी पाई गई है जिसको लेकर दुकान संचालकों को दुकानों में सफाई रखने के निर्देश देने के साथ ही प्रपत्र पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं।

**कई स्थानों पर मिली भारी खामियां, दी चेतावनी**

उन्होंने बताया कि यदि निर्धारित समय पर प्रपत्र पूरे नहीं किए गए तो संबंधित प्रतिष्ठान स्वामी के खिलाफ सक्षम न्यायालय में वाद दायर किया जाएगा और यह अभियान लगातार जारी रहेगा।खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने कहा कि जनता के स्वास्थ्य के साथ किसी को भी खिलवाड़ नहीं करने दिया जाएगा।

## डीएलएड प्रवेश परीक्षा को लेकर हुई बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

रामनगर। उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद रामनगर के सभागार में डीएलएड प्रवेश परीक्षा के आयोजन से सम्बन्धित महत्वपूर्ण एक बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें 29 शहरों के नोडल अधिकारी एवं नोडल केन्द्रों के केन्द्र व्यवस्थापकों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

बैठक में बोर्ड सचिव वीपी सिमल्टी द्वारा अवगत कराया कि डीएलएड प्रवेश परीक्षा 2025 का आयोजन उत्तराखण्ड प्रदेश के 29 शहरों में बने 151 परीक्षा केन्द्रों पर 22 नवम्बर को सुबह 10.00 बजे से 12.30 तक आयोजित की जायेगी। परीक्षा में 40571 अभ्यर्थी पंजीकृत है। प्रवेश पत्र प्राप्त न होने की दशा व प्रवेश पत्र से सम्बन्धित अन्य समस्या होने पर अभ्यर्थी अपने द्वारा चयनित प्रथम परीक्षा शहर के नोडल केन्द्र में 20 व 21 नवम्बर को ऑनलाइन आवेदन पत्र की प्रति, दो फोटो, फोटोयुक्त आईडी, शपथ पत्र सहित उपस्थित होकर प्रवेश पत्र प्राप्त कर सकते हैं। बैठक में सचिव वीपी सिमल्टी द्वारा बैठक की आवश्यकता, उद्देश्य एवं महत्व पर प्रकाश डालते हुए उपस्थित प्रतिभागियों को दिशा-निर्देश दिये।अपर सचिव बीएमएस रावत, उप सचिव सुषमा गौरव और शैलेन्द्र जोशी शोध अधिकारी द्वारा परीक्षा से सम्बन्धित महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। उन्होंने बताया कि परीक्षा एक महत्वपूर्ण कार्य है, नकल विहीन एवं पारदर्शी परीक्षा सम्पन्न कराने के लिए अपने दायित्वों का निर्वहन करें। बैठक का संचालन शैलेन्द्र जोशी शोध अधिकारी द्वारा किया गया।

## विहिप एवं बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने फूंका आतंकवाद का पुतला



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** बजरंग दल एवं विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं ने बीते दिनों दिल्ली में हुए बम ब्लास्ट की घटना पर नाराजगी जताते हुए आतंकवाद के खिलाफ नारेबाजी एवं प्रदर्शन करते हुए रानीखेत रोड पर आतंकवाद का पुतला दहन किया इसके साथ ही कार्यकर्ताओं ने एसडीएम प्रमोद कुमार के माध्यम से एक ज्ञापन देश के प्रधानमंत्री को भेजा है।

विश्व हिंदू परिषद के जिला प्रचार प्रमुख हृदयेश शर्मा ने कहा कि दिल्ली में हुए बम ब्लास्ट की घटना से पूरे देश की जनता में असुरक्षा की भावना बढ गई है।उन्होंने कहा कि इस मामले में उच्च स्तरीय जांच कर घटना में शामिल लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करते हुए उन्हें फांसी की सजा दी जाए।इसके साथ ही उन्होंने कहा कि देश में जनता के बीच उत्पन्न हुई असुरक्षा की भावना को बहाल करते हुए जनता की सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने के साथ ही देश की सुरक्षा एजेंसी को भी मजबूत किया जाए।उन्होंने कहा कि इस मामले के बाद पुलिस द्वारा भारी मात्रा में आरडीएक्स का पकड़ा जाना भी कहीं ना कहीं कानून व्यवस्था की भी कमी को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि संगठन के कार्यकर्ता ऐसी गतिविधियों के खिलाफ लंबे समय से विरोध करते आ रहे हैं और उनका यह विरोध आगे भी जारी रहेगा।

इस दौरान विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल जिला धर्म प्रसार प्रमुख हिर्देश शर्मा, प्रखंड उपाध्यक्ष सुनील वर्मा,फूल कुमार, प्रशांत तिवारी, हिमांशु रावत, हर्ष शर्मा, कमल जोशी, अर्चित गोयल, अंजली रावत, सुचिता बिष्ट, सौरभ, शिवम विशाल, सुरेश, रीतिख, ध्रुव, सागर, पंकज, नरेश,अंकुश, संजय, विनोद रावत, नवीन, बोबी, राजू आदि मौजूद रहे।

## मीट का रेट कम करने को लेकर मुस्लिम समाज के लोगों ने सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** रामनगर में बड़े मीट कम रेट करने को लेकर मुस्लिम समाज के लोगों ने नगर पालिका परिषद रामनगर से करने की मांग की। जनहित के मुद्दे को लेकर स्लॉटर हाउस पुन: खोलने एवं मीट आसपास के इलाकों में कम रेट में खोलने की मांग की। वहीं बड़ा मीट रामनगर मीट मार्केट में मीट व्यापारियों द्वारा ज्यादा रेट से बेचा जा रहा है, उस रेट को कम कराने के लिए गुरुवार को सामाजिक कार्यकर्ता जावेद खान के नेतृत्व में नगर पालिका अधिशासी अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। दिए गए ज्ञापन में उन्होंने बताया कि पिछले काफी समय से रामनगर में स्लेटर हाउस बंद है और बड़ा मीट बाहर से आ रहा है। रामनगर बड़ा मीट व्यापारियों द्वारा दो सौ रुपए लाकर तीन सो रुपए बेचा जा रहा है, जो बहुत अधिक महंगा है।उपभोक्ताओं को बहुत परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

# लोहाघाट क्षेत्र में गुलदार का आतंक एक व्यक्ति की मौत

**कई मवेशियों और कुत्तों पर भी हमले कर किया घायल**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लोहाघाट।** क्षेत्र में गुलदार का आतंक एक बार फिर बढ़ गया है। बुधवार की शाम ग्राम पंचायत मंगोली के धूरा तोक में गुलदार ने एक व्यक्ति को मौत के घाट उतार दिया। मृतक की पहचान भुवन राम (45 वर्ष) पुत्र देव राम निवासी धूरा गांव के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि वह शाम को खेतों से घर लौट रहे थे, इसी दौरान गुलदार ने उन पर हमला कर दिया।

जब भुवन राम देर रात तक घर नहीं पहुंचे, तो परिजनों ने उनकी तलाश शुरू की। खोज के दौरान मार्ग पर खून के धब्बे दिखे, जिनका पीछा करते हुए परिवार के लोग घटनास्थल तक पहुंचे, जहां उनका शव क्षत-विक्षत अवस्था में मिला। सूचना मिलते ही पुलिस और वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। शव को पोस्टमार्टम के लिए लोहाघाट अस्पताल लाया गया, जहां डॉ. राकेश जोशी, डॉ. चित्रलेखा और डॉ. सुरेश जोशी के पैनल द्वारा पोस्टमार्टम किया गया। वन क्षेत्राधिकारी एन.डी. पांडे ने बताया कि गुलदार को पकड़ने के लिए तीन पिंजरे लगाए गए हैं और क्षेत्र में विभागीय कर्मचारियों की नियमित गश्त जारी है। इस बीच, गुलदार द्वारा मवेशियों और पालतू कुत्तों पर भी लगातार हमले किए जा रहे हैं।

गुरुवार तड़के फोर्ती गांव में घूमने निकले एक व्यक्ति के कुत्ते पर गुलदार ने हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल कुत्ते का ऑपरेशन राजकीय पशु चिकित्सालय लोहाघाट में डा. जेपी यादव और मुख्य फार्मासिस्ट जनक चंद की टीम द्वारा किया गया।

# अवैध मादक पदार्थों की खेती पर जिलाधिकारी हुए सख्त

**गांव-गांव चलेंगे अभियान, नशे के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति पर जोर**

**जिलाधिकारी बोले-नशे के खिलाफ जनपद में छेड़ा जाएगा व्यापक अभियान**




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिथौरागढ़।** जिलाधिकारी आशीष कुमार भटगांई की अध्यक्षता में कलक्ट्रेट सभागार में एनसीऑर्ड (NCORD) एवं राजस्व-पुलिस समन्वय बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनपद में अवैध भांग, अफीम, खसखस, पोस्त की खेती और नशे के कारोबार पर प्रभावी नियंत्रण को लेकर विस्तृत चर्चा हुई।

जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि जनपद में किसी भी स्तर पर अवैध मादक पदार्थों की खेती या व्यापार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रशासन और पुलिस की संयुक्त टीम गांव-गांव जाकर सघन चेकिंग अभियान चलाएंगी तथा अवैध खेती को नष्ट करेंगी। बैठक में यह भी बताया गया कि पिछले वर्ष पुलिस द्वारा नशे के कई अभियुक्तों को गिरफ्तार कर बड़ी मात्रा में चरस और स्मैक बरामद की गई है। जिलाधिकारी ने पुलिस अधीक्षक को ऐसे अभियानों को और तेज करने के निर्देश दिए। उन्होंने शिक्षा विभाग को निर्देशित किया कि विद्यालयों में विद्यार्थियों की उपस्थिति पर नियमित निगरानी रखी जाए और नशे की प्रवृत्ति वाले विद्यार्थियों की काउंसिलिंग कराई जाए। समाज कल्याण विभाग को पोस्टर, पंपलेट, बाईक रैली, युवा महोत्सव और खेलकूद कार्यक्रमों के माध्यम से जनजागरूकता बढ़ाने को कहा गया।

बैठक में जानकारी दी गई कि वर्ष 2025 में अब तक 700 से अधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा चुके हैं। जनपद में ANTF टीम लगातार छापेमारी और चेकिंग अभियान चला रही है। सोशल मीडिया, वीडियो और पोस्टर माध्यमों से भी लोगों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति सचेत किया जा रहा है।

जिलाधिकारी ने नशा मुक्ति केंद्र स्थापित करने हेतु भूमि चयन की प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण करने, मेडिकल स्टोर्स की नियमित जांच करने तथा सभी में सीसीटीवी कैमरे अनिवार्य रूप से लगाने के निर्देश भी दिए। बैठक में पुलिस अधीक्षक रेखा यादव सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## एक नजर

# जिला संदर्भ समूह की कार्यशाला का हुआ शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चंपावत।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान लोहाघाट में भाषा विषय की तीन दिवसीय जिला संदर्भ समूह (डीआरजी) कार्यशाला का शुभारंभ डायट प्रभारी प्राचार्य एके मिश्रा, डा. अवनीश शर्मा, कृष्ण सिंह ऐरी, डा. पारुल शर्मा, कार्यक्रम समन्वयक डा. लक्ष्मी शंकर यादव ने किया। कार्यक्रम के प्रथम सत्र में डा. लक्ष्मी शंकर यादव ने कार्यशाला की विस्तृत रूपरेखा प्रस्तुत की तथा प्रतिभागियों का रजिस्ट्रेशन किया।



द्वितीय सत्र में डा. अवनीश शर्मा ने भाषा शिक्षण की अवधारणा को स्पष्ट करने के साथ ही भाषा को बेहतर तरीके से छात्रों तक पहुंचाने की जानकारी दी। तृतीय सत्र में वेद प्रकाश पंत ने भाषा शिक्षण तथा व्याकरण के शिक्षण हेतु उपयोगी कार्ययोजना साझा की। अंतिम सत्र में संदर्भदाता प्रकाश चन्द्र उपाध्याय ने भाषा शिक्षण में आईसीटी के प्रयोग की जानकारी दी। श्री उपाध्याय ने आर्टिफिशियल नैरो इंटेलिजेंस, आर्टिफिशियल जनरल इंटेलीजेंस और आर्टिफिशियल सुपर इंटेलिजेंस की गहन जानकारी देने के साथ ही वर्डवाल, एच 5 पी आदि एप्लीकेशन के माध्यम से गेमिंग क्विज को तैयार करने की जानकारी दी।

# कैरियर गाइडेंस एवं काउंसलिंग कार्यक्रम आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चंपावत।** पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय चंपावत में आज प्राचार्य श्री के. के. तिवारी की अध्यक्षता में एक प्रेरणादायक कैरियर गाइडेंस एवं काउंस.लिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जवाहर नवोदय विद्यालय बरेली के पूर्व छात्र और वर्तमान में जिला आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. आनंद सिंह गुसाईं तथा राष्ट्रीय आयुष मिशन के जिला नोडल अधिकारी डॉ. सुधाकर गंगवार मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे।



**विशेष सत्र में डा. आनंद सिंह गुसाई और डॉ. सुधाकर गंगवार ने छात्रों को दिया सफलता का मंत्र**

कार्यक्रम के दौरान दोनों अतिथियों ने कक्षा 11 और 12 के विज्ञान वर्ग के छात्र-छात्राओं को अपने भविष्य के करियर चयन में ध्यान रखने योग्य पहलुओं पर विस्तार से मार्गदर्शन दिया। उन्होंने छात्रों को अपनी रुचि, योग्यता और मूल्य प्रणाली को ध्यान में रखते हुए करियर का चयन करने की प्रेरणा दी। डॉ. आनंद सिंह गुसाईं और डॉ. सुधाकर गंगवार ने अपने आवासीय विद्यालय जीवन के अनुभवों और संस्मरणों को साझा करते हुए बताया कि कैसे कठिन परिश्रम, अनुशासन और दृढ़ निश्चय सफलता की कुंजी हैं। कार्यक्रम में छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन उनके करियर निर्माण में मार्गदर्शक और प्रेरणास्रोत सिद्ध होंगे। इस सत्र से लगभग 60 छात्र-छात्राएं लाभान्वित हुए। कार्यक्रम में उप-प्रधानाचार्य संजीव कुमार, तथा शिक्षकगण एच. एस. ढालिया, निशांत कुमार, मदन सिंह, संदीप मंडल और चांद बीबी उपस्थित रहे।

# नए जोश के साथ मैदान में उतरे युवा कांग्रेस अध्यक्ष चिराग फर्त्याल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चंपावत।** कांग्रेस संगठन ने जब से जिले की कमान 30 वर्षीय ऊर्जावान युवा चिराग फर्त्याल को सौंपी, तब से उनकी सक्रियता में जबरदस्त बढ़ोतरी देखने को मिल रही है। आज चिराग ने अपने समर्थकों के साथ टनकपुर, चंपावत और लोहाघाट में भव्य रैली निकाल. कर शक्ति प्रदर्शन किया। रैली में वाहनों का लंबा काफिला देखने को मिला, कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी, जुलूस और आतिशबाजी के साथ अपने युवा नेता का जोशीला स्वागत किया।



**टनकपुर, चंपावत और लोहाघाट में शक्ति प्रदर्शन, कहा-कांग्रेस बनेगी आम लोगों की आवाज**

इस अवसर पर पार्टी की वरिष्ठ नेत्री निर्मला गहतोड़ी समेत सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे। चिराग फर्त्याल ने सभी का अभिनंदन स्वीकार करते हुए कहा कि वे बुजुर्गों का आशीर्वाद और युवाओं का साथ लेकर कांग्रेस को नई दिशा देंगे। उनका लक्ष्य है कि मॉडल जिले की दोनों विधानसभा क्षेत्रों में कांग्रेस का परचम फिर से लहराया जाए। उन्होंने कहा कांग्रेस को फिर से जनता की पार्टी बनाना है, हर गांव और हर घर में तिरंगा फहराना हमारा संकल्प है। हम जनता के असली मुद्दों पर संघर्ष करेंगे। युवा से नेता तक की यात्रा में चिराग फर्त्याल ने अपने राजनीतिक सफर की शुरुआत जिला युवा कांग्रेस महामंत्री के रूप में की थी। इसके बाद उन्होंने प्रदेश युवा कांग्रेस के संयुक्त सचिव और फिर प्रदेश सचिव के रूप में जिम्मेदारियां निभाईं। उन्हें लोहाघाट विधानसभा युवा कांग्रेस अध्यक्ष और साथ ही पिथौरागढ़ युवा कांग्रेस प्रभारी जैसी अहम जिम्मेदारियां भी दी गईं। चिराग का कहना है कि वे वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का आशीर्वाद एवं सबको साथ लेकर कार्य करेंगे।

# वृद्ध की सिर कुचलकर हत्या



**झोपड़ी में मिला खून से लथपथ शव, पुलिस जांच में जुटी**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** रामनगर के ग्राम पुछड़ी क्षेत्र में गुरुवार सुबह बिहारी टप्पर झोपड़ी में रहने वाले 65 वर्षीय वृद्ध सलीम अली पुत्र शेर अली का शव लहूलुहान हालत में बरामद हुआ। मृतक का सिर बुरी तरह कुचल दिया। हत्या से इलाके में हड़कंप मच गया। घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर सीओ सुमित पांडे, कोतवाल सुशील कुमार, एसएसआई मोहम्मद यूनुस, वरिष्ठ उप निरीक्षक महेंद्र प्रसाद पुलिस बल के साथ घटना स्थल पर पहुंचे। पुलिस ने मौके का निरीक्षण कर फॉरेंसिक टीम को भी बुलाया, ताकि हत्या के कारणों और वारदात के तरीके की जांच की जा सके।

स्थानीय लोगों के अनुसार मृतक सलीम अली झोपड़ी में अकेले रहते थे, जबकि उनके परिजन पास ही फौजी कॉलोनी पुछड़ी में रहते हैं। बताया जा रहा है कि बुधवार की शाम वह मुरादाबाद उत्तर प्रदेश के किसी इलाके से अपनी जमीन बेचकर लौटे थे और उनके पास जमीन बिक्री की रकम भी थी। इस आधार पर लूट के इरादे से हत्या की आशंका है। सुबह जब ग्रामीणों ने सलीम अली की झोपड़ी का दरवा.जा खुला देखा, तो अंदर का नजारा देखकर उनके होश उड़ गए। सलीम अली का चेहरा बुरी तरह कुचला हुआ था और आसपास खून फैला हुआ था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

कोतवाल सुशील कुमार ने बताया कि पुलिस हर एंगल से जांच कर रही है। मृतक के परिजनों और आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है। टीम द्वारा मौके से साक्ष्य एकत्र किए गए हैं।फिलहाल पुलिस ने आसपास के क्षेत्र में सघन पूछताछ और छानबीन शुरू कर दी है। साथ ही लूटपाट की आशंका को ध्यान में रखते हुए आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है.शव का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया गया है मृतक की पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद मौत के असली कारणों का पता चल सकेगा।

मृतक मजदूरी करता था और उसके तीन पुत्र और दो पुत्रियां हैं।मृतक मूलरूप से ग्राम महेशपुर थाना भगतपुर जिला मुरादाबाद उत्तर प्रदेश का रहने वाला था।

# विवेकानंद सेवाश्रम अस्पताल, श्यामलाताल में तीन दिवसीय विशेष चिकित्सा शिविर हुआ शुरू

**मायावती अस्पताल की तर्ज पर अब यहां भी शुरू होगी निशुल्क चिकित्सा सेवा: स्वामी ज्ञाननिष्ठानंद**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चंपावत।** श्रीरामकृष्ण मिशन द्वारा मायावती धर्मार्थ चिकित्सालय की तर्ज पर अब पर्वतीय क्षेत्र विवेकानंद सेवाश्रम अस्पताल, श्यामलाताल में भी नियमित नि:शुल्क विशेष चिकित्सा शिविरों की शुरुआत की गई है।

शीतकाल की शुरुआत के साथ ही जोड़ों व हड्डी के रोगों से पीड़ित लोगों को राहत देने के उद्देश्य से यहां तीन दिवसीय हड्डी एवं जोड़ो संबंधी रोग शिविर का शुभारंभ हुआ। शिविर का उद्घाटन मायावती धर्मार्थ चिकित्सालय के प्रभारी स्वामी एकदेवानंद जी महाराज ने किया। शिविर के संचालन हेतु कोलकाता से प्रसिद्ध ऑर्थोपेडिक सर्जन डॉ. श्यामाशीष बंधोपाध्याय विशेष रूप से पहुंचे हैं। पहले ही दिन 50 से अधिक मरीजों ने इस शिविर का लाभ उठाया। स्वामी ज्ञाननिष्ठानंद महाराज ने बताया कि अब विवेकानंद सेवाश्रम अस्पताल में भी मायावती अस्पताल की तर्ज पर नियमित नि:शुल्क चिकित्सा शिविरों की श्रृंखला शुरू की जाएगी। जल्द ही यहां विशेष नेत्र चिकित्सा शिविर का भी आयोजन किया जाएगा, जिसके लिए आवश्यक तैयारियां की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि "यह बताते हुए अत्यंत प्रसन्नता हो रही है कि श्यामलाताल क्षेत्र के लोग अब आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं का लाभ यहां प्राप्त कर सकेंगे। आने वाले समय में यह अस्पताल पर्वतीय क्षेत्रों के गरीब व दूरस्थ लोगों के लिए वरदान साबित होगा।

## रोगियों के लिए नि:शुल्क एंबुलेंस सुविधा

**चंपावत।** विवेकानंद सेवाश्रम अस्पताल, श्यामलाताल की ओर से यहां आने वाले रोगियों के लिए सुखीडांग से अस्पताल तक लाने-ले जाने हेतु नि:शुल्क एंबुलेंस सेवा की व्यवस्था की गई है। इससे दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों के मरीजों को अत्यधिक राहत मिल रही है।

# जब चूड़ी वाले हाथ बढ़ते हैं, तो समाज सशक्त होता है: प्रेमा पांडे

**महिला सशक्तीकरण उत्सव में नगर क्षेत्र की सैकड़ों महिलाओं ने दिखाई अपनी प्रतिभा**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चंपावत।** नगर पालिका परिषद द्वारा "सशक्त नारीख्रसशक्त समाज" के तहत आयोजित उत्सव में स्वयं सहायता समूह से जुड़ी सैकड़ों महिलाओं ने भाग लेकर अपने हुनर और आत्मविश्वास की झलक दिखाई। कार्यक्रम का उद्देश्य था ख्र "चूड़ी वाले हाथों को मजबूत बनाना।

कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पालिका अध्यक्षा प्रेमा पांडे ने की। उन्होंने कहा कि अब वो जमाना चला गया जब महिलाओं को 'अबला' कहा जाता था। आज चूड़ी वाले हाथ न केवल परिवार, बल्कि पूरे समाज की दिशा तय कर रहे हैं। सरकार ने महिलाओं के लिए अवसरों के नए द्वार खोले हैं। अब जरूरत है कि हर महिला आगे बढ़कर इन योजनाओं का लाभ उठाए और आत्मनिर्भर बने। प्रेमा पांडे ने कहा कि नगर पालिका का लक्ष्य है हर महिला को रोजगार और सम्मान से जोड़ना। उन्होंने महिलाओं से आग्रह किया कि वे अपने कौशल को पहचानें और सरकारी योजनाओं का लाभ लेकर अपने जीवन में आत्मनिर्भरता का मार्ग प्रशस्त करें। इस अवसर पर नगर पालिका के अधिसाशी अधिकारी भरत त्रिपाठी ने भी सभी महिलाओं का स्वागत करते हुए कहा कि कौशल विकास कार्यक्रमों के तहत महिलाओं को उनके रुचि क्षेत्र के अनुसार प्रशिक्षण देकर न केवल रोजगार से जोड़ना, बल्कि उन्हें दूसरों को रोजगार देने योग्य बनाना हमारा उद्देश्य है। कार्यक्रम में महिलाओं के बीच विभिन्न प्रतियोगिताएं, खेलकूद और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां आयोजित की गईं, जिससे उनके जीवन में उत्साह और आत्मविश्वास का संचार हुआ। प्रतियोगिताओं में अव्वल रहीं महिलाओं को सम्मानित कर पुरस्कार प्रदान किए गए। कार्यक्रम का संचालन महेश चौहान ने किया। इस अवसर पर सभासद प्रेमा चिल्कोटी, मनी प्रभा तिवारी,दिनेश चन्द्र वरदोला, रोहित बिष्ट,गौरव कलोनी,के अलावा सुरज प्रहरी आदि ने भी महीलाओं का उत्साहवर्धन किया।

# पुन: निर्वाचित जिलाध्यक्ष हिमांशु गावा का खटीमा में भव्य स्वागत

**पार्टी को मजबूत बनाने का लिया गया संकल्प**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** कांग्रेस पार्टी जिला ऊधम सिंह नगर के पुन: निर्वाचित जिलाध्यक्ष हिमांशु गावा तथा नव-निर्वाचित महानगर अध्यक्ष रुद्रपुर ममता रानी गुरुवार को कांग्रेस कार्यालय खटीमा पहुंचे। जहां कांग्रेस विधायक व उप नेता प्रतिपक्ष भुवन चंद्र कापड़ी सहित तमाम कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने उनका भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया।

इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने संगठन को और अधिक मजबूत बनाने का संकल्प लिया तथा प्रदेश नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त किया। इस मौके पर पूर्व महानगर अध्यक्ष सीपी शर्मा, संदीप चीमा, प्रदेश कार्यकारिणी अध्यक्ष उमेश सिंह राठौर, जसविंदर सिंह बाजवा, ब्लॉक अध्यक्ष विनोद चंद, मान सिंह, जिलाध्यक्ष युवा कांग्रेस नरेंद्र आर्या, जिलाध्यक्ष महिला कांग्रेस रेखा सोनकर, देवेंद्र कन्याल, राजकिशोर सक्सेना, प्रवीण बिष्ट, नासिर खान, वीरेंद्र राज, नवीन जोशी, लक्ष्मण राणा, भूपेंद्र गंगवार, मनोज बसेड़ा, पंकज टम्टा, नव निर्वाचित युवा कांग्रेस नगर अध्यक्ष खटीमा मोहम्मद रजा, ब्लॉक अध्यक्ष सागर शाही,रेहान अंसारी, हैप्पी सिंह सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# दिल्ली धमाके के बाद पुलिस हाई अलर्ट

**सघन चेकिंग, फ्लैग मार्च और सत्यापन अभियान जारी**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** विगत दिनों दिल्ली में हुए धमाके की घटना को देखते हुए उच्च अधिकारियों के निर्देश पर कोतवाली पुलिस रामनगर द्वारा कानून एवं शान्ति व्यवस्था बनाए रखने के लिए रामनगर के विभिन्न क्षेत्रों में फ्लैग मार्च निकला गया।

पुलिस टीम द्वारा लगातार सघन चेकिंग अभियान चलाया गया।बॉर्डर बैरियरों पर संदिग्ध वाहनों, व्यक्तियों एवं वस्तुओं की गहन चेकिंग की गई। होटलों, ढाबों, फड़-फेरी वालों एवं किरायेदारों के सत्यापन अभियान चलता गया।जिससे किसी भी प्रकार की असामाजिक या संदिग्ध गतिविधियों पर पूर्ण नियंत्रण रखा जा सके।कोतवाल सुशील कुमार ने बताया कि कानून व्यवस्था को भंग करने का प्रयास करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस हर स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है।इस दौरान सीओ सुमित पांडे, कोतवाल सुशील कुमार, कोतवाल अरुण कुमार सैनी,ट्रैफिक इंस्पेक्टर वेदप्रकाश भट्ट,एसएसआई मोहम्मद यूनुस, वरिष्ठ उप निरीक्षक महेंद्र प्रसाद, मालधन पुलिस चौकी प्रभारी धर्मेन्द्र कुमार,एसआई राजकुमारी, एसआई जोगा सिंह, एसआई सुरभि राणा, एसआई सोमेंद्र सिंह,एसआई तारा सिंह राणा आदि शामिल रहे।

# सामाजिक विज्ञान महोत्सव का हुआ भव्य आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चंपावत।** विकासखंड चंपावत में सामाजिक विज्ञान महोत्सव का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ बीईओ राधेश्याम खर्कवाल, प्रधानाचार्य उमेद सिंह बिष्ट, नवीन उपाध्याय ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम तथा प्रतियोगिताओं का संचालन शंकर दत्त जोशी तथा प्रकाश चन्द्र उपाध्याय ने किया।

इस अवसर पर विकासखंड के दूरस्थ 7 संकुलों के प्रथम स्थान प्राप्त विद्यार्थियों ने भाषण, क्विज एवं मॉडल प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया। बीईओ राधेश्याम खर्कवाल ने कहा कि आयोजित की जा रही प्रतियोगिताएं बच्चों में राष्ट्र निर्माण, सामाजिक समरसता की भावना का विकास करेंगी। नवीन उपाध्याय ने कहा कि महोत्सव से पर्यावरण संरक्षण के साथ ही बच्चों में वैज्ञानिक प्रवृत्ति का विकास होगा। कार्यक्रम के जिला सह समन्वयक प्रकाश चन्द्र उपाध्याय ने बताया कि एससीईआरटी द्वारा पहली बार राज्य में आयोजित किए जा रहे सामाजिक विज्ञान महोत्सव का उद्देश्य विद्यार्थियों में सामाजिक विज्ञान विषय के प्रति रुचि, जागरूकता और रचनात्मकता को बढ़ावा देना है। भाषण, क्विज तथा मॉडल प्रतियोगिता में बच्चों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया तथा अपनी प्रस्तुति से बच्चों ने सबका मन मोह लिया। कार्यक्रम में निर्णायक मंडल ने प्रतिभागियों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों में ज्ञानवर्धन के साथ-साथ आत्मविश्वास भी बढ़ाते हैं। विकासखंड समन्वयक भुवन नाथ गोस्वामी ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# परिवहन विभाग ने पांच वाहन किए सीज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** परिवहन विभाग ने कार्रवाई लगातार जारी है। गुरुवार को परिवहन विभाग ने कार्रवाई करते हुए 5 वाहनों को सीज किया किया है। साथ ही जुर्माना भी लगाया गया है। एआरटीओ प्रवर्तन नवीन कुमार सिंह के नेतृत्व में परिवहन विभाग ने अभियान चलाकर 5 वाहनों को सीज किया। सीज किए वाहनों ने तीन छोटे भार वाहन, एक बड़ा भार वाहन, एक यात्री वाहन शामिल है। नो पार्किंग में 25 वाहनों के चालान किए गए हैं।

बिना हेलमेट के 15 वाहनों के चालान किए गए हैं। साथ ही ड्रंक एंड ड्राइव में एक चालान किया गया है। 50 हजार का जुर्माना भी लगाया गया है।

टीम में परिवहन उप निरीक्षक गोकुल सिंह, मनोज भंडारी, परिवहन सहायक निरीक्षक महेंद्र सिंह, गणेश जोशी, परिवहन आरक्षी रवि क्वीरा, डिंपल सिंह, गौरव खाती, प्रवर्तन चालक पूरन सिंह बिष्ट थे।

# सीसी रोड व नाली निर्माण कार्य का किया शिलान्यास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** मेयर विकास शर्मा ने गुरुवार को वार्ड संख्या 28 सुभाष कॉलोनी में शिव मंदिर के सामने सीसी रोड और नाली निर्माण कार्य का नारियल फोड़कर शिलान्यास किया। इस मौके पर क्षेत्रवासियों ने मेयर विकास शर्मा और पार्षद चिराग कालरा का स्वागत किया। मेयर ने कहा कि नगर निगम का लक्ष्य केवल निर्माण कार्यों तक सीमित नहीं है, बल्कि प्रत्येक वार्ड में सड़क, नाली, पेयजल, सफाई और स्वास्थ्य जैसी मूलभूत सुविधाएं सुदृढ़ करना प्राथमिकता है। उन्होंने बताया कि यह कार्य राज्य वित्त एवं निगम निधि से स्वीकृत हुआ है।

मेयर ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के मार्गदर्शन में रूद्रपुर को कई योजनाओं की सौगात मिली है और विकास का यह सिलसिला जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि निगम अब बहुआयामी संस्था के रूप में जनता को श्रम कार्ड, पेंशन, राशन कार्ड, आधार जैसी सेवाएं भी उपलब्ध करा रहा है। इस अवसर पर पार्षद चिराग कालरा, पुष्पा गोवर, अन्नू सागर, निगम अधिकारी और बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

# आयुर्वेद को वैश्विक पहचान मिलीः मुख्यमंत्री धामी

## सीएम ने किया अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने भुजियाघाट स्थित काया आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में तीन दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन (पीजीआईसीओएन-2025) का उद्घाटन किया।



यह सम्मेलन पाल ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट हल्द्वानी, डबल्यूएचओ के सहयोग से आयोजित किया गया है। सीएम धामी ने आयुर्वेद को सिर्फ चिकित्सा पद्धति नहीं, बल्कि जीवन का दर्शन बताया। उन्होंने कहा कि आयुष मंत्रालय की स्थापना के बाद आयुर्वेद को वैश्विक पहचान मिली है, और राज्य सरकार आयुर्वेद और वेलनेस टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए प्रयासरत है।

सीएम ने यह भी घोषणा की कि राज्य सरकार गढ़वाल और कुमाऊं मंडल में विशेष आर्थिक क्षेत्र स्थापित करेगी, जिससे आयुर्वेद, योग और पारंपरिक चिकित्सा उद्योग को प्रोत्साहन मिलेगा। सांसद अजय भट्ट और विधायक बंशीधर भगत ने भी सम्मेलन के महत्व पर प्रकाश डाला, और आयुर्वेद को भारतीय संस्कृति और ज्ञान परंपरा का अभिन्न हिस्सा बताया। इस अवसर पर कई प्रमुख जनप्रतिनिधि और अधिकारी उपस्थित थे।

## एलटी शिक्षकों की भर्ती परीक्षा मामले पर सुनवाई 18 को

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट में एलटी शिक्षकों की भर्ती परीक्षा में पूछे गए कुछ प्रश्नों के आउट ऑफ स्लेबर्स होने और गलत उत्तरों को लेकर मामले की सुनवाई अब 18 नवंबर को होगी। खंडपीठ, जिसमें मुख्य न्यायाधीश जी नरेंद्र और न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय शामिल हैं, ने आयोग और सरकार से स्थिति रिपोर्ट पेश करने को कहा है। मामले में यूके एसएससी ने स्पेशल अपील दायर कर चुनौती दी है, जिसमें कहा गया है कि जांच समिति द्वारा बी व सी विकल्प वाले प्रश्न को गलत माना गया जबकि उसका उत्तर सही था। आयोग ने इसके आधार पर प्रश्न को बनाए रखने की अपील की है। प्रभावित प्रतिभागियों ने कहा कि 1550 पदों में से 1351 पर चयन प्रक्रिया जारी है और अगर सही उत्तर पाए जाने पर पद नहीं है, तो चयनित उम्मीदवारों के लिए अतिरिक्त पद सृजित किए जाएं।

# हाईकोर्ट से चरस के आरोपी की जमानत मंजूर

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने एनडीपीएस एकट में 1 किलो से अधिक चरस के साथ गिरफ्तार व्यक्ति की तलाशी राजपत्रित अधिकारी द्वारा न किये जाने को आधार मानकर आरोपी की जमानत मंजूर की है। मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की एकलपीठ में हुई। न्यायालय ने यह फैसला सुनाते हुए पाया कि तलाशी और जबती की प्रक्रिया के दौरान एनडीपीएस अधिनियम की धारा 50 का उचित रूप से पालन नहीं किया गया जो कि अनिवार्य था। आरोपी मिथिलेश भगत को 9 जनवरी 2025 को थाना नानकमत्ता जिला ऊधम सिंह नगर में गिरफ्तार किया गया था।आरोपी मिथिलेश भगत के पास वाणिज्यिक मात्रा 1.120 किलोग्राम चरस बरामद हुई थी। अभियोजन पक्ष ने तर्क दिया कि वाणिज्यिक मात्रा की बरामदगी के कारणए एनडीपीएस अधिनियम की धारा-37 के तहत जमानत की दोहरी शर्त लागू होती है और आरा. पी जमानत का हकदार नहीं है। जबकि याची की ओर से कहा कि भले ही बरामदगी वाणिज्यिक मात्रा में हुई हो लेकिन तलाशी और जब्ती के समय धारा -50 (राजपत्रित अधिकारी द्वारा तलाशी) का उचित अनुपालन नहीं किया गया जिसके कारण पूरी प्रक्रिया त्रुटिपूर्ण है। न्यायालय ने इस बात पर प्रकाश डाला कि यदि यह एक इत्तेफाकी बरामदगी भी थी तो भी पहले अभियुक्त की तलाशी के बाद शेष अभियुक्तों के संबंध में धारा-50 की प्रक्रिया का अनुपालन करना जाँच अधिकारी का अनिवार्य दायित्व था जो नहीं किया गया। इसके अलावा आरोपी का कोई आपराधिक रिकॉर्ड भी नहीं था।

## एक नजर

### सरना में महिला समूहों को दी गई जानकारियां

**धारी।** गुरुवार को दिशा महिला आजिविका स्वायत्त सहकारिता ग्राम सरना की बैठक आयोजित की गई। कार्यक्रम की शुरुआत जिला पंचायत सदस्य सरना रेखा देवी द्वारा किया गया। जिला इकाई ग्रामोत्थान से अवनीश पाण्डेय द्वारा परियोजना की जानकारी दी। इस मौके बोर्ड मेंबरों का चुनाव किया गया। बैठक में उपासक मान गुसाई द्वारा सीसीएल व बैक सम्बंधित आदि जानकारी दी। जिसमें एनआर एल एम ब्लाक टीम, ग्रामोत्थान ब्लाक टीम, सीसीएल व शेयरधारक टीम आदि विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन अध्यक्षा दीपा बिष्ट द्वारा किया गया।

### बाइक चोरी, मुकदमा दर्ज

**काशीपुर।** घर के बाहर खडी बाइक को तीन चोर चोरी कर ले गये। ग्राम हरियावाला निवासी गौरव कुमार पुत्र शेर चंद ने कुंडा थाना पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 06 नवंबर को उसकी बाइक संख्या यूके18 एफ-0408 घर के बाहर खड़ी थी। रात्रि लगभ 10.35 बजे बाइक सवार तीन लोग आये तथा उसकी बाइक चोरी करके ले गये। पुलिस ने तहरीर के आधार पर बाइक चोरी का मुकदमा दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

### पद्मश्री प्रो.वर्मा का साप्तहिक कार्यक्रम

**नैनीताल।** कुविवि नैनीताल के डीएसबी परिसर के भौतिकी विभाग में देश के प्रसिद्ध भौतिक विज्ञानी व पदम्श्री प्रो. एचपी वर्मा का एक सप्ताह का शैक्षणिक कार्यक्रम वीरवार को सफलतापूर्वक संपन्न हो गया। इस दौरान विभाग में अनेक शैक्षणिक गतिविधियां संपन्न हुईं, जिसमें विद्यार्थियों, शोधार्थियों और अध्यापकों में विज्ञान के प्रति नई जिज्ञासा और ऊर्जा का संचार किया। कार्यक्रम की शुरुआत में भौतिकी विभाग में एंड इनोवेसन लैबोटरिज की स्थापना की। इस प्रयोगशाला का औपचारिक उद्घाटन कुलपति प्रो. दीवान सिंह रावत तथा प्रो. एचपी वर्मा द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। उसी दिन एएन सिंह हॉल में प्रो. वर्मा द्वारा एक पापुलर लेक्चर आयोजित किया गया जिसमें क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों के लगभग 1100 विद्यार्थी शामिल हुए। कार्यक्रम में विभागाध्यक्ष प्रो. शुचि बिष्ट समेत प्रो. संजय पंत, प्रो. चित्रा पांडे, प्रो. नीता बोरा, प्रो. एमसी जोशी, प्रो. रमेश, प्रो. बिमल पांडे, प्रो. आलोक दुर्गापाल, प्रो. बरगली, प्रो. विजय कुमार तथा प्रो. महेंद्र राणा आदि उपस्थित रहे। इसी तरह प्रो. वर्मा की टीम ने उनकी देखरेख में विभाग की प्रयोगशाला में स्वयं निर्मित भौतिकी प्रयोग तैयार किए।

### होटल के बाहर सड़क पर खड़ी बाइक चोरी

**नैनीताल।** घूमने के लिए साले की बाइक लेकर नैनीताल पहुंचे युवक को चोर बड़ी चपत लगा गए। चोरों ने होटल के समीप ही सड़क किनारे पार्क की बाइक उड़ा ली। पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले में दिल्ली निवासी संजय कुमार ने तल्लीताल थाने में तहरीर देकर कहा है कि वह अल्मोड़ा निवासी अपने साले की बाइक लेकर नैनीताल आया था। मंगलवार रात को उसने बाइक तल्लीताल मानसरोवर होटल के समीप सड़क किनारे पार्क की थी। सुबह जाकर देखा तो बाइक मौके पर नहीं मिली। काफी खोजबीन के बाद भी बाइक का कुछ पता नहीं चल सका है। तल्लीताल थाने के थाना प्रभारी मनोज नयाल ने बताया कि शिकायत के आधार पर अज्ञात के विरुद्ध बीएनएस की धारा -303(2) के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# सुंदरखाल में मूलभूत सुविधाओं पर हाईकोर्ट में सुनवाई 21 को

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने 1975 के बाद से आज तक कार्बेट नेशनल पार्क से जुड़ा क्षेत्र सुंदरखाल में रह रहे लोगों को बिजली समेत पानी, शिक्षा व स्वास्थ्य जैसी मूलभूत सुविधाओं से राज्य सरकार द्वारा वंचित करने तथा उनको विस्थापित करने के मामले पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई के बाद मुखय न्यायधीश जी नरेंद्र व न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय की खण्डपीठ ने अगली सुनवाई हेतु 21 नवंबर (शुक्रवार) की तिथि नियत की है। कोर्ट ने इसी से जुड़े एक जनहित याचिका में कोर्ट ने जनहित याचिकाकर्ता से कोर्ट में व्यक्तिगत रूप से पेश होने को कहा है। बता दें वीरवार को हुई सुनवाई पर राज्य सरकार ने अपने शपथ पत्र पेश कर कहा कि सरकार इनको विस्थापित कर रही है लेकिन इतनी जगह एक साथ नहीं मिल पा रही है। अलग अलग विस्थापित करने का प्रकरण शासन में लंबित है इसलिए स्थिति से अवगत कराने के लिए समय एक सप्ताह का समय दिया जाय। सरकार को समय देते हुए कोर्ट ने अगली सुनवाई 21 नवंबर शुक्रवार की तिथि नियत की है। पूर्व में कोर्ट ने पूछा था कि वर्ष 2014 में क्षेत्र के लोगों के विस्थापन के लिए बनाई गई कमेटी के निर्णय पर राज्य सरकार ने अब तक कया निर्णय लिया है? 4 सप्ताह के भीतर उसकी प्रगति रिपोर्ट भी पेश करें जिस पर वीरवार को सरकार ने शपथपत्र पेश किया।

# कुमाऊं विश्वविद्यालय में प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** कुमाऊं बिवविद्यालय में वीरवार को पीएम-यूएसएचए अभियान के तहत मेरु सॉफ्ट कंपोनेंट द्वारा प्रायोजित और आईक्यूएसी द्वारा आयोजित दो दिवसीय अनुसंधान पद्धति प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरुआत हुई। यह कार्यक्रम विवि के हरमिटेज कैंपस स्थित देवदार हॉल में हुआ। उद्घाटन सत्र में प्रो. संतोष कुमार (निदेशक आईक्यूएसी), प्रो. नीता बोरा शर्मा (निदेशक डीएसबी कैंपस), कार्यक्रम समन्वयक प्रो. रीतेश साह, और मुख्य वक्ता प्रो. अरुण एस. खरात (जेएनयू) ने दीप जलाकर कार्यक्रम का औपचारिक उद्घाटन किया।



उद्घाटन सत्र में प्रो. संतोष कुमार ने अनुसंधान में उत्कृष्टता की महत्ता पर बल दिया, जबकि प्रो. नीता बोरा शर्मा ने उच्च शिक्षा में अनुसंधान की गुणवत्ता और शोधार्थियों के प्रशिक्षित होने की आवश्यकता को रेखांकित किया।

उन्होंने इस कार्यक्रम को शोधार्थियों के लिए वैज्ञानिक सोच और उच्च लेखन कौशल विकसित करने में सहायक बताया।

कार्यक्रम के पहले सत्र में प्रो. अरुण खरात ने शोधार्थियों को लिट्रेचर रिव्यू की प्रक्रिया पर विस्तृत प्रशिक्षण दिया। उन्होंने गहन पठन, व्यवस्थित नोट्स, और शोध लेखों के लेखन व सुधार की प्रक्रिया पर मार्गदर्शन किया। इसके अलावा, उन्होंने शोध में डिजिटल तकनीकों के उपयोग, जैसे गूगल स्कॉलर और स्कोपस, के माध्यम से शोध लेखों की खोज के बारे में भी बताया। आईआईटी रुड़की के प्रो. तरुण शर्मा ने शोध के दार्शनिक पहलुओं पर चर्चा की और आंकिक विधियों व डेटा विश्लेषण पर एक सत्र संचालित किया। कार्यक्रम समन्वयक प्रो. रीतेश साह ने बताया कि इस प्रशिक्षण कार्यक्रम ने शोधार्थियों को आधु. निक शोध उपकरणों के उपयोग में मार्गदर्शन प्रदान किया और उन्हें उच्च गुणवत्ता वाले शोध की दिशा में प्रेरित किया। इस अवसर पर डा. नंदन सिंह, डा. हर्ष चौहान, डा. सरोज, डा. अशोक उप्रेती और अन्य संकाय सदस्य एवं शोधार्थी उपस्थित रहे।

# ऑलसेंट्स की छात्राओं ने बच्चों संग बांटा स्नेह

## दान उत्सव के तहत छात्राओं ने किया सेवा कार्य, बच्चों के चेहरों पर खिली खुशी

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** एएफएस एवं राउंड स्क्वेयर के तत्वावधान में वीरवार को ऑल सेंट्स कॉलेज नैनीताल की छात्राओं ने सामाजिक जिमेदारी और मानवीयता का सुंदर उदाहरण प्रस्तुत करते हुए सरकारी प्राथमिक विद्यालय मल्लीताल का दौरा किया।

यह सेवा कार्य दोपहर 12.30 बजे से शुरु होकर शाम को 30 बजे तक आयोजित हुआ। इस दौरान कॉलेज की छात्राओं ने विद्यालय के नन्हें बच्चों को खिलौने, टक पैक और स्टेशनरी सामग्री वितरित की। उपहार पाकर बच्चे अत्यंत प्रसन्न हुए और उनके चेहरों पर मुस्कान झलक उठी। तत्पश्चात छात्राओं ने




उनके साथ मिड डे मील (दोपहर का भोजन) भी साझा किया जो ऑल सेंट्स कॉलेज द्वारा पूर्व में आयोजित दान उत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत एकत्र किए गए अनाज से तैयार किया गया था। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं ने बच्चों के साथ बातचीत की व उन्हें शिक्षा के महत्व के प्रति प्रेरित किया और कुछ खेल भी खेले। पूरे विद्यालय परिसर में उल्लास व स्नेह और हर्ष का वातावरण बना रहा। बता दें ऑल सेंट्स कॉलेज की इस पहल ने समाज में सेवा, करुणा और सहयोग की भावना को और अधिक सशक्त ऑल सेंट्स की प्रधानाचार्या अंजिना रिचड्र्स ने छात्राओं के इस कार्य की सराहना करते हुए कहा कि शिक्षा तभी सार्थक है जब वह दूसरों के जीवन में प्रकाश भर सके। इस सेवा अभियान में ऑल सेंट्स कॉलेज की छात्राएँ शामिल थीं जिनके साथ सुनीता चौहान, ज्योतिका गिल, संगीता बिष्ट तथा मुनव्वर उपस्थित रहीं साथ ही सरकारी प्राइमरी विद्यालय के छात्रों सहित सरकारी प्राइमरी स्कूल की शिक्षिका लीला जोशी उपस्थित रहीं।

# सनवाल स्कूल के वार्षिकोत्सव में कार्यक्रमों की धूम

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** नगर के प्रतिष्ठित सनवाल सीनियर सेकंडरी स्कूल का वार्षिकोत्सव वीरवार को रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ धूमधाम से



मनाया गया। विद्यार्थियों ने गीत संगीत के साथ नृत्य नाटिका व विविध कार्यक्रमों की आकर्षक प्रस्तुति से दर्शकों का मन मोह लिया। समारोह के मुख्य अतिथि कमांडिंग ऑफिसर कैप्टन मृदुल साह थे। बता दें वीरवार को विद्यालय के प्रांगण में उड़ान विंग ऑफ टैलेंट की थीम पर आयोजित समारोह का शुभारंभ स्वागत गीत व नृत्य से हुआ। तत्पश्चात पाश्चात्य संगीत की धुनों से वातावरण संगीतमय हो गया। विद्यार्थियों ने हिंदी व अंग्रेजी गीतों की आकर्षक प्रस्तुति से श्रोताओं का मंत्रमुग्ध कर दिया। इस बीच लोक गीतों के साथ नृत्य की प्रस्तुति को दर्शकों ने खूब सराहा। विद्यार्थियों ने नाटकों के जरिए अभिनय का शानदार प्रदर्शन किया बुराइयों से दूर रहने का संदेश दिया। शास्त्रीय संगीत की धूम रही। जूनियर वर्ग के नन्हे मुन्ने विद्यार्थियों ने भी रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। मुख्य अतिथि कैप्टेन मृदुल साह ने अपने संबोधन में कहा कि सांस्कृतिक कार्यक्रमों के जरिए किसी भी समाज व संस्थान की पहचान होती है और विद्यार्थियों की ओर से प्रस्तुत कार्यक्रमों ने विद्यालय की प्रगति को दर्शाया। निदेशक गौरव सनवाल ने विद्यालय की भावी योजनाओं पर प्रकाश डाला जबकि प्रधानाचार्य ए इमैन्युअल ने वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत कर अतिथियों का आभार प्रकट किया। इस अवसर पर कूर्मांचल बैंक के अध्यक्ष विनय साह, सेंट मैरी कॉन्वेंट की सिस्टर मंजूषा, वृंदावन की राखी साह व प्रबंधक आलोक साह, कूर्मांचल बैंक के पूर्व अध्यक्ष आलोक साह, आल सेंट्स कालेज की अजीना रिचर्डस, सेंट जोजफ कालेज के पूर्व प्रधानाचार्य पीटर इमैन्युअल, रामा मॉन्टेसरी विद्यालय की प्रबंधक नीलू एलहंस समेत वेद साह, गीता साह व शैलू साह समेत अभिभावक मौजूद थे।

# भूमि पर कब्ज़ा करने का प्रयास!

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**कालाढूंगी।** दबंगों द्वारा कोर्ट में विच. ाराधीन भूमि पर जबरन कब्जा करने का प्रयास करते हुए महिला को जान से मारने की धमकी दी जा रही है। पीड़ित महिला ने ग्रामवासियों के साथ कालाढूंगी तहसील पहुंचकर उपजिलाधिकारी के माध्यम से जिलाधिकारी नैनीताल को पत्र भेजा है। पीड़िता ने रामनगर पुलिस क्षेत्र अधिकारी को भी लिखित तहरीर देकर आरोपियों पर कार्रवाई की मांग की।



जानकारी के अनुसार ग्राम पाटकोट कोटाबाग निवासी मीना देवी पत्नी भुवन चन्द्र ज्ञापन में कहा कि उसकी अपनी 14 बीघा जमीन है जिसपर उसका कब्जा है मगर मेरी जमीन पर लीलाधर, गिरीश पुत्रगण पुरुख राम द्वारा पूर्व में जबरन कब्जा करने का प्रयास किया गया था। जीसके चलते मामला कोर्ट में विचाराधीन है, मगर 11 नवंबर मंगलवार की रात्रि 8 बजे के लगभग लीलाराम, गिरीश पुत्रगण पुरुख राम अपने साथ कुछ हथियार बन्द -7-8 लोगो के साथ प्रार्थिनी की उक्त भूमि पर जबरन कब्जा करने की नीयत के चलते उक्त भूमि को गांव के ही चन्दन के ट्रैक्ट्रर से कल्टीवेटर लगाकर जोत दिया गया। जब मेरे द्वारा ऐसा ना करने को कहा तो उन लोगों के द्वारा मेरे साथ बदसलूकी करते हुए मुझे धमकाया गया व जान से मारने की धमकी दी गयी। इस दौरान पाटकोट बीडीसी मेंबर अजय कुमार, कमल रावत, भुवन चन्द्र, गोपाल सिंह आदि मौजूद थे।

# प्रशिक्षण में राफ्टिंग के गुर सीखे

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** उत्तराखंड पर्यटन विभाग पिथौरागढ़ द्वारा प्रायोजित हिमानी एडवेंचर डीडीहाट द्वारा संचालित अनुसूचित जाति वर्ग के छात्रों का रीवर राफ्टिंग प्रशिक्षण वीरवार को काली और गोरी नदी में दूसरे दिन भी जारी रह। बता दें वीरवार को राफ्टिंग प्रशिक्षण का उद्घाटन धारचूला के उप जिलाधिकारी जितेंद्र वर्मा ने हरी झंडी दिखाकर किया। वर्मा ने कहा कि गोरी व काली नदी में राफ्टिंग की अपार संभावनाएं हैं। इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम से जहां युवाओं को प्रतिभाग करने का अवसर मिलता है वहीं स्वरोजगार के अवसर भी पैदा होते हैं। उन्होंने कहा कि दिनेश गुरुरानी द्वारा प्रकृति संरक्षण के लिए जो पौधारोपण अभियान चलाया जा रहा है वह सराहनीय है। गुरुरानी ने कहा कि आज पौधारोपण अभियान के 486 वें दिन उनके द्वारा राफ्टिंग में प्रशिक्षण ले रहे छात्रों को भी जोड़ा गया। हिमालय बचाओ अभियान के तहत शपथ दिलाई गई व स्वच्छता कार्यक्रम चलाया गया। उन्होंने कहा कि उन्होंने मुख्य अतिथि उप जिलाधिकारी जितेंद्र वर्मा को भी इस अभियान से जोड़कर पौधा दिया जिसे उनके द्वारा अपने आवास परिसर में लगाया जाएगा। गुरुरानी ने कहा कि उनके द्वारा रीवर राफ्टिंग प्रशिक्षण को आपदा प्रबंधन कार्यक्रम से जोड़ा जा रहा है प्रशिक्षण देने वालों में मनोहर सिंह ऐरी, राजेंद्र सिंह, पद्म सिंह, दमन, राहुल गोस्वामी, नवल गुरुरानी, नरेंद्र सिंह निक्कू व राजेंद्र कन्याल समेत दिव्यांशु शाही सहित छात्र उपस्थित रहे।

# सुरक्षित मार्ग संरचना का लोकार्पण

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**कालाढूंगी।** भारतीय जनता पार्टी उत्तराखंड के पूर्व प्रदेश प्रशिक्षण प्रमुख मनोज पाठक ने ग्राम पवलगढ़-मनकंठपुर के विकास एवं जनसुरक्षा की दिशा में एक सराहनीय कदम उठाते हुए श्री केदारेश्वर महादेव मंदिर के समीप नहर पर बनाए गए लोहे के स्तंभों और मजबूत बेस से निर्मित सुरक्षित मार्ग संरचना का लोकार्पण किया। यह संरचना नहर के तेज़ जल प्रवाह से ग्रामीणों को सुरक्षित रखते हुए, उनके दैनिक आवागमन को सुगम बनाने के उद्देश्य से तैयार की गई है। इस पहल से ग्रामवासियों को मंदिर और आस-पास के क्षेत्रों तक पहुँचने में अब किसी प्रकार की



कठिनाई नहीं होगी। इस अवसर पर मनोज पाठक के नेतृत्व में गंगाधारी शिवभक्त सम्मान एवं प्रभु लीला मंचन कार्यक्रम का भी भव्य आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान शिवभक्तों का सम्मान किया गया और धार्मिक आस्था के साथ सामा. जिक एकता का संदेश दिया गया। ग्रामवासियों ने इस जनहितकारी कार्य के लिए मनोज पाठक जी का हृदय से आभार व्यक्त किया और कहा कि उनके प्रयासों से गांव में निरंतर विकास और सौहार्द का वातावरण बन रहा है।

# प्राकृतिक विरासत से जुड़ता है सांस्कृतिक महत्व

## वन वर्धनिक नैनीताल की वन अनुसंधान रेंज ज्योलीकोट गाजा में मना पद्म महोत्सव

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** वन वर्धनिक नैनीताल की वन अनुसंधान रेंज गाजा ज्योलीकोट की ओर से वीरवार को पद्म महोत्सव का आयोजन चारखेत में किया गया। वन वर्धनिक विभाग के मुताबिक इस महोत्सव का उद्देश्य पद्म (कुमाऊँ में पैंय्या वृक्ष जिसका वैज्ञानिक नाम फ्यूनस सेरेसोडिस) को संरक्षित करना है। पूरे उत्तराखंड में जापान और शिलांग की तर्ज पर चेरी फेस्टिवल की तरह पद्म महोत्सव को मनाना है। यह विभाग की एक अनूठी पहल है जो राज्य की समृद्ध प्राकृतिक विरासत को सांस्कृतिक महत्व के साथ जोड़ती है। पद्म का स्थानीय संस्कृति में गहरा स्थान है




इसे पवित्र माना जाता है और महा. शिवरात्रि जैसे त्यौहारों पर इसकी पत्तियों का उपयोग किया जाता है। पूजा व अन्य पारंपरिक कार्यक्रम के आयोजनों में इसका उपयोग करते हैं। यह आयोजन विशेष रूप से पद्म के खिलने के समय आमतौर पर शरद ऋतु अक्टूबर से नवंबर में आयोजित किया जाएगा जिससे हिमालय की घाटियां जिस समय हिमालय की घाटियाँ पद्म (पैंय्या) के गुलाबी और सफेद फूलों से लदी रहती हैं। आयोजन के दौरान पदम के फूलों की सुंदरता के साथ.साथ स्थानीय कला हस्तशिल्प और लोक परंपराओं का भी प्रदर्शन किया जाएगा। आयोजन को मनाने की पहल अनुसंधान शाखा के मुखय वन संरक्षक संजीव चतुर्वेदी द्वारा अगस्त माह में अनुसंधान सलाहक. ार समिति की बैठक के दौरान प्रस्ताव के रूप में प्रस्तुत की गई थी तथा वर्तमान में वन संरक्षक अनुसंधान डा. तेजस्विनी अरविन्द पाटिल के नेतृत्व में पूरे उत्तराखण्ड में इस आयोजन को अनुसंधान रेंजों द्वारा मनाया जा रहा है तथा अगले वर्ष आयोजन को वन विभाग के सभी डिवीजनों द्वारा भी मनाया जाएगा। आयोजन के दौरान क्षेत्राधिकारी अनुसंधान रेंज दिनेश तिवारी, उप वन क्षेत्राधिकारी अनुसंधान रेंज मनोज कुमार मेलक. ानी समेत अनुसंधान सहायक योगेश चन्द्र त्रिपाठी, वन दारोगा गीता गोस्वामी, वन आरक्षी पूरन आर्या, परवेज दाउदी व कमला जोशी, ग्राम प्रधान हँसी नेगी, जीवन सिंह नेगी, राजकीय बालिका इंटर कालेज खुर्पाताल की अध्यापिका श्रीमती शबनम व सविता आर्या तथा अर्जुन कुमार व अनुसंधान रेंज का समस्त फील्ड स्टाफ तथा स्कूली छात्र छात्राएं व स्थानीय ग्रामीण मौजूद रहे। कार्यक्रम में मेरी पद्म कहानी, पदम संरक्षण शपथ तथा चित्रकला व निबंध प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया।

# नित नए कौशल सीखने चाहिएं

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिटी भीमताल कैंपस में वीरवार को दो दिवसीय टेक फेस्ट-प्रयुक्ति-2025 की शानदार शुरुआत हुई। इससे पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन और गणेश वंदना के साथ हुआ। इसके बाद एरीज नैनीताल के निद. ेशक डा. मनीष कुमार नाजा ने विद्यार्थियों को संबो. धित करते हुए कहा कि उन्हें अपने कैरियर पर ध्यान



केंद्रित करना चाहिए तथा नए कौशल सीखने चाहिए और हर अवसर को अपनाना चाहिए। उन्होंने स्पेस साइंस, अंतरराष्ट्रीय सहयोग और इंटर्नशिप के रोमांचक अवसरों पर प्रकाश डालते हुए छात्रों को जिज्ञासु बने रहने और लगातार प्रयोग करते रहने के लिए प्रेरित किया। साथ ही उन्होंने ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिटी की सराहना करते हुए कहा कि यह मंच विद्यार्थियों को अपने विचारों को आकार देने का उत्कृष्ट अवसर प्रदान करता है। समारोह के मुखय अतिथि के रूप में फुजीफिल्म इंस्टैक्स उत्तराखंड के टेरिटरी सेल्स मैनेजर यसवंत सिंह का स्वागत किया गया। कैंपस निदेशक ने आयोजन टीम तथा विभिन्न क्लबों और प्रबंधन टीम के प्रयासों की प्रशंसा की और सभी प्रतिभागियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उद्घाटन समारोह के बाद विभिन्न विभागों में तकनीकी और प्रबंधन से संबंधित कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। श्रोबो वॉर द अल्टिमेट फाइट चैलेंज में छात्रों ने खुद द्वारा डिज़ाइन किए गए रोबोट्स को मैदान में उतारा। द रोबो कार रेस तथा द अल्टिमेट ट्रैक चैलेंज में छात्रों ने आरसी कारों का निर्माण कर अपनी तकनीकी दक्षता दिखाई। रिलेश् में प्रतिभागियों ने सीमित समय में कठिन कोडिंग चुनौतियों का सामना किया। जबकि वाद विवाद प्रतियोगिता में छात्रों ने विभिन्न विषयों पर अपनी तार्किक सोच और तर्क-वितर्क कौशल का प्रदर्शन किया।

# रोमांचक टेस्ट के लिए तैयार ईडन गार्डन्स



## भारत-द. अफ्रीका के बीच दो मैचों की सीरीज का पहला टेस्ट आज से

**कोलकाता, वार्ता।** ईडन गार्डन्स में दो मैचों की श्रृंखला के पहले टेस्ट मैच में भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच शुक्रवार को रोमांचक मुकाबला होने वाला है। भारत प्रबल दावेदार के रूप में शुरुआत कर रहा है, लेकिन प्रोटियाज को नजरअंदाज मत कीजिए-उनके पास मैच में हलचल मचाने की क्षमता है। शुभमन गिल शांत और प्रभावशाली तरीके से मेजबान टीम की अगुवाई कर रहे हैं, लेकिन इसमें कोई शक नहीं कि यह भारतीय बल्लेबाजी क्रम जबरदस्त है। केएल राहुल और यशस्वी जायसवाल नई गेंद का सामना कर सकते हैं, जबकि मध्यक्रम-ऋषभ पंत, ध्रुव जुरेल, और ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा, वाशिंगटन सुंदर और अक्षर पटेल-गहराई, लचीलापन और अप्रत्याशितता का तड़का लगाते हैं। और याद रखें, ईडन की यह पिच सिर्फ़ ताकत ही नहीं, बल्कि कौशल को भी पुरस्कृत करती है। गेंदबाजी विभाग घातक है। जसप्रीत बुम.राह और मोहम्मद सिराज अपनी तेजी और उछाल से पारी की शुरुआत कर सकते हैं जिसका कोई भी बल्लेबाज सम्मान करेगा, जबकि कुलदीप यादव, जडेजा और सुंदर विकेट के टर्न लेते ही अपनी स्पिन का जादू बिखेरेंगे।

टॉस जीतने वाले कप्तान लगभग निश्चित रूप से सपाट सतह का फ़ायदा उठाने के लिए पहले बल्लेबाजी करेंगे, जिससे मैच के बाद के मुक़ाबले में मुक.ाबला तय हो जाएगा। टेम्बा बाव.ुमा कप्तान के रूप में फिर से मैदान पर हैं, और उन्हें पता है कि चुनौती बहुत बड़ी है। रयान रिकेल्टन और एडेन मार्करम को शीर्ष क्रम को संभालना होगा, जबकि बावुमा, टोनी डी जोरजी और वियान मुल्डर मध्यक्रम को संभालेंगे। गेंदबाजी के मोर्चे पर, कगिसो रबाडा और वियान मुल्डर को शुरुआत में ही जोरदार शुरुआत करनी होगी-शुरुआती सफलता अनमोल होगी।

केशव महाराज और सेनुरन मुथुस्वामी टर्निंग पिच का फ़ायदा उठाने में अहम भूमिका निभाएंगे। इतिहास मेहमान टीम के पक्ष में नहीं है। दक्षिण अफ्रीका ने 15 साल से जड्ादा समय से भारत में कोई टेस्ट नहीं जीता है, लेकिन अगर वे शुरुआती झटकों को झेल सकते हैं, दबाव झेल सकते हैं और भारत की स्पिन सेना से निपट सकते हैं, तो आश्चर्य हो सकता है। यह आसान नहीं होगा, लेकिन टेस्ट क्रिकेट में कुछ भी संभव है। ईडन गार्डन्स की कहानी दो भागों में बयां करती है। पहली पारी के लिए पिच सपाट और सटीक है।

### संभावित एकादश

**भारतः** शुभमन गिल (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, केएल राहुल, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), ध्रुव जुरेल, रवींद्र जडेजा, वाशिगटन सुंदर, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, जसप्रीत बुम.राह, मोहम्मद सिराज

**दक्षिण अफ्रीकाः** टेम्बा बावुमा (कप्तान), एडेन मार्करम, टोनी डी जोरजी, ट्रिस्टन स्टब्स, वियान मुल्डर, काइल वेरिन (विकेटकीपर), सेनुरन मुथुस्वामी, कगिसो रबाडा, केशव महाराज, रयान रिकल्टन, साइमन हार्मर।

# इस्लामाबाद विस्फोट के बाद सीरीज रावलपिंडी स्थानांतरित

● **डॉन ने बताया कि पाकिस्तान श्रीलंका के बीच दूसरा और तीसरा वनडे मैच अब 14 और 16 नवम्बर को रावलपिंडी में होगा**

**इस्लामाबाद/नई दिल्ली, वार्ता।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने श्रीलंका के साथ चल रही वनडे श्रृंखला और श्रीलंका और जिम्बाब्वे के साथ आगामी टी20 त्रिकोणीय श्रृंखला के संशोधित कार्यक्रम की गुरुवार को घोषणा की। साथ ही, इस्लामाबाद में हुए आत्मघाती हमले के मद्देनजर सभी मैच रावलपिडी स्थानांतरित कर दिए गए हैं।

पहले यह श्रृंखला लाहौर में होने वाली थी, लेकिन खिलाड़ियों की सुरक्षा चिताओं के कारण, टूर्नामेंट को रावलपिडी क्रिकेट स्टेडियम में स्थानांतरित कर दिया गया है। पाकिस्तानी अखबार डॉन ने बताया कि नए कार्यक्रम के अनुसार, पाकिस्तान और श्रीलंका के बीच दूसरा और तीसरा एक दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय मैच अब 14 और 16 नवम्बर को रावलपिडी में खेला जाएगा। पाकिस्तान, श्रीलंका और जिम्बाब्वे की त्रिकोणीय टी20 श्रृंखला अब 18 नवम्बर से शुरू होगी, जिसका फाइनल 29 नवम्बर को उसी स्थान पर होगा। पीसीबी ने कहा कि कार्यक्रम में संशोधन का निर्णय श्रीलंका क्रिकेट (एसएलसी) और जिम्बाब्वे क्रिकेट के साथ परामर्श के बाद लिया गया है।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### जैनिक सिनर एटीपी फाइनल्स सेमीफाइनल में पहुंचे

**इटली, वार्ता।** मौजूदा चैंपियन और इटली के दिग्गज जैनिक सिनर ने जर्मनी के स्टार टेनिस खिलाड़ी अलेक्जेंडर ज्वेरेव को हराकर एटीपी फाइनल्स के अंतिम चार में जगह बना ली है। पुरुष टेनिस में दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी जैनिक सिनर ने बुधवार को खेले गए क्वार्टरफाइनल में तीसरे वरीय अलेक्जेंडर ज्वेरेव पर घंटे 37 मिनट तक चले मुकाबले में 6-4, 6-3 से हराकर टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाई। सिनर की इनडोर हार्ड कोर्ट पर लगातार 28 जीत है। मैच के बाद सिनर ने कोर्ट पर इतालवी भाषा में कहा कि इसके पीछे बहुत मेहनत है। हमारे खेल में, आत्मविश्वास महत्वपूर्ण है, और यह इस बात पर भी निर्भर करता है कि आप इस प्रतियोगिता में कैसे पहुंचते हैं।

### बांग्लादेश के बॉलरों ने आयरलैंड को बड़ी हार की ओर धकेला

**सिलहट, वार्ता।** बांग्लदेश ने महमुदुल हसन जॉय (171) और कप्तान नजमुल शान्तो की शानदार बल्लेबाजी के बाद गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन के दम पर पहले टेस्ट मैच के तीसरे दिन स्टंप्स के समय दूसरी पारी में आयरलैंड के 86 के स्कोर पर पांच विकेट झटक कर अपनी टीम के लिए बड़ी जीत का दरवाजा खोल दिया। एक विकेट पर 338 रन से आगे खेलते हुए आज बंगलादेश को दूसरा झटका सुबह के सत्र में बैरी मक्कार्थी ने दोहरे शतक की ओर बढ़ रहे महमुदुल हसन जॉय को आउटकर दिया। महमुदुल हसन जॉय ने 286 गेंदों में 14 चौके और चार छक्के लगाते हुए 171 रन बनाए। इसके बाद 89वें ओवर में मक्कार्थी ने मोमिनुल हक (82) को अपना शिकार बना लिया। मुशफिकुर रहीम (23), लिटन कुमार दास 60 रन बनाकर आउट हुए। इन दोनों को मैथ्यू हम्फ्रीज ने आउट किया। कप्तान ने 114 गेंदों में 14 चौकों की मदद से 100 रन बनाए।

# भारतीय टेनिस टीम इतिहास रचने की कोशिश में

● **भारत को बिली जीन किंग कप 2025 प्ले ऑफ में नीदरलैंड और स्लोवेनिया के ग्रुप में रखा**

**बेंगलुरु, वार्ता।** भारतीय महिला टेनिस टीम शनिवार को बेंगलुरु के एसएम कृष्णा टेनिस स्टेडियम में अपने बिली जीन किंग कप 2025 प्ले-ऑफ अभियान की शुरुआत करेगी। बिली जीन किंग कप रैंकिंग में 27वें स्थान पर काबिज भारत को बिली जीन किंग कप 2025 प्ले-ऑफ़ में दुनिया की 14वें नंबर की टीम नीदरलैंड और 19वें नंबर की टीम स्लोवेनिया के साथ ग्रुप जी में रखा गया है। तीनों टीमें राउंड-रॉबिन मैचों में आमने-सामने होंगी और ग्रुप विजेता 2026 के क्वालीफायर में पहुंच जाएंगी।

अन्य दो टीमें अगले सीजन के लिए अपने-अपने 2026 क्षेत्रीय ग्रुप एक मुकाबलों में वापस आ जाएंगी। भारत बिली जीन किंग कप के क्वालीफायर में कभी आगे नहीं बढ़ पाया है। नीदरलैंड और स्लोवेनिया शुक्रवार को ग्रुप का पहला मुकाबला खेलेंगे। नीदरलैंड की अगुवाई दुनिया की 87वें नंबर की खिलाड़ी सुजैन लामेंस करेंगी, जबकि स्लोवेनिया की टीम में पूर्व फ्रेंच ओपन सेमीफाइनलिस्ट तमारा जदिनसेक शामिल हैं। भारत का पहला मुकाबला शनिवार को स्लोवेनिया से होगा, उसके बाद रविवार को नीदरलैंड से मुकाबला होगा। विश्व की 309वें नंबर की खिलाड़ी सहजा यामालापल्ली, जो इन मुक.ाबलों के लिए भारत की शीर्ष वरीयता प्राप्त टेनिस खिलाड़ी हैं, बेंगलुरु में टीम का नेतृत्व करेंगी। इस साल की शुरुआत में, उन्होंने मेक्सिको में डब्ल्यूटीए 125 इवेंट में 2017 यूएस ओपन चैंपियन स्लोएन स्टीफंस को हराया था। वह पिछले महीने चेन्नई ओपन डब्ल्यूटीए 250 इवेंट के क्वार्टर फाइनल में भी पहुंची थीं। एशियाई खेल 2018 की कांस्य पदक विजेता अंकिता रैना, जो वर्तमान में एकल वर्ग में डब्ल्यूटीए रैंकिंग में 482वें स्थान पर हैं, भी टीम में हैं। श्रीवल्ली भामिदीपती (रैंक 381), रिया भाटिया (रैंक 468) और युगल विशेषज्ञ प्रार्थना थोम्बरे टीम की अन्य सदस्य हैं।

भारतीय टेनिस टीम ने अप्रैल में बिली जीन किंग कप 2025 एशिया-ओशिनिया ग्रुप 1 में दूसरे स्थान पर रहकर अपनी जगह पक्की कर ली थी। भारत इससे पहले 2021 में प्ले-ऑफ में पहुंचा था, जहां उसे लातविया से 3-1 से हार का सामना करना पड़ा था। बिली जीन किंग कप, जिसे पहले फेड कप के नाम से जाना जाता था, महिलाओं के लिए सबसे प्रतिष्ठित अंतर्राष्ट्रीय टेनिस आयोजनों में से एक है, जिसमें विभिन्न देशों की शीर्ष रैंकिंग वाली खिलाड़ी टीम प्रारूप में प्रतिस्पर्धा करने के लिए एक साथ आती हैं। यह टूर्नामेंट महिलाओं के लिए केवल पुरुषों के डेविस कप के समकक्ष है। यह दूसरी बार होगा जब भारत बिली जीन किंग कप प्ले-ऑफ में भाग लेगा।

# फुटबॉलर पाउलो अस्पताल में भर्ती

**रियो डी जेनेरियो, वार्ता।** ब्राजील के साओ पाउलो फुटबॉल क्लब के मिडफील्डर ऑस्कर फिटनेस टेस्ट के दौरान हृदय संबंधी जटिलताओं के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया हैं। ब्राजीलियाई क्लब ने बुधवार को यह जानकारी दी कि 34 वर्षीय ऑस्कर को मंगलवार को साओ पाउलो के बारा फंडा प्रशिक्षण परिसर में परीक्षण के दौरान बेहोश होने के बाद अल्बर्ट आइंस्टीन अस्पताल ले जाया गया। साओ पाउलो ने एक बयान में कहा कि ऑस्कर की हालत स्थिर बनी हुई है और उन्हें कार्डियोलॉजी यूनिट में निगरानी, चिकित्सा निगरानी और जांच के लिए रखा गया है। स्थानीय मीडिया के अनुसार पैरामेडिक्स के घटनास्थल पर पहुंचने से पहले यह अनुभवी प्लेमेकर लगभग दो मिनट के लिए बेहोश हो गया था।

# आईपीएल-2026 से पहले मोहम्मद शमी त्रिकोणीय रस्साकशी के केंद्र में

**नई दिल्ली, वार्ता।** मोहम्मद शमी, जो हाल ही में भारतीय टीम में चयन न होने के कारण चर्चा में हैं, 2026 के आईपीएल सीजन से पहले त्रिकोणीय रस्साकशी के केंद्र में हैं। इस अनुभवी तेज गेंदबाज के लिए कई फ्रेंचाइजी रुचि दिखा रही हैं, और हो सकता है कि उन्हें उनमें से किसी एक के साथ ट्रेड कर दिया जाए।




● **हाल ही में पता चला है कि एसआरएच मौजूदा मांग का सर्वोत्तम उपयोग करने के विकल्पों पर विचार कर रहा है**

हाल ही में पता चला है कि सनराइजर्स हैदराबाद मौजूदा मांग का सर्वोत्तम उपयोग करने के विकल्पों पर विचार कर रहा है। 35 वर्षीय तेज गेंदबाज, जो अपने 12 साल के अंतर्राष्ट्रीय करियर में लंबे समय तक भारतीय आक्रमण का अगुआ रहा है, जिसमें 64 टेस्ट, 108 वनडे और 25 टी20 अंतर्राष्ट्रीय शामिल हैं, को लखनऊ सुपर जायंट्स द्वारा खरीदा जा रहा है और दिल्ली कैपिटल्स भी उतनी ही उत्सुकता दिखा रही है। अब देखना यह होगा कि एसआरएच प्रबंधन इस स्थिति से कैसे निपटता है। अगर यह सौदा होता है, तो यह एकतरफा होगा। नीलामी पूल में शामिल होने की भी संभावना है, लेकिन पूरी तरह से नकद लेन-देन वाला विकल्प जड्ादा संभावित लगता है। शमी को जेद्दा में हुई पिछली मेगा नीलामी में एसआरएच ने 10 करोड़ रुपए में खरीदा था, लेकिन पिछले सीजन में उनका प्रदर्शन मामूली रहा - 56.17 के निराशाजनक औसत और 11.23 के इकॉनमी रेट से सिर्फ़ छह विकेट, जबकि उनके करियर के आंकड़े क्रमशः 28.19 और 8.63 रहे हैं। उन्होंने कुल 119 आईपीएल मैचों में 133 विकेट लिए हैं, जिनमें से जड्ादातर विकेट उन्होंने 2022 और 2023 में गुजरात टाइटन्स के लिए दो शानदार सीजन के दौरान लिए थे, जब उन्होंने कुल मिलाकर 48 विकेट (क्रमशः 20 और 28) लिए थे। चोट के कारण वह पूरे आईपीएल 2024 से बाहर हो गए।

# आईपीएल 2026 में वॉटसन होंगे केकेआर के सहायक कोच



**कोलकाता, वार्ता।** कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 से पहले ऑस्ट्रेलिया के पूर्व ऑलराउंडर शेन वॉटसन को टीम का सहायक कोच नियुक्त किया है। 59 टेस्ट, 190 एकदिवसीय और 58 अंतर्राष्ट्रीय टी-20 मैच खेल चुके क्वींसलैंड के शेन वॉटसन, अभिषेक नायर के साथ काम करेंगे, जिन्हें हाल ही में तीन बार की पूर्व चैंपियन केकेआर टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया गया है। वॉटसन इससे पहले दिल्ली कैपिटल्स के साथ जुड़े हुए थे। 44 वर्षीय वॉटसन आईपीएल के दिग्गज खिलाड़ी हैं, जिन्होंने 12 सीजन खेले हैं। उन्होंने 2008 में राजस्थान रॉयल्स को आईपीएल के पहले सीरीज में शानदार जीत दिलाई थी। उन्होंने उस सीजन में एमवीपी का खिताब जीता था और 2013 में फिर से यह कारनामा दोहराया था।

# भारत की उभरती क्रिकेट प्रतिभाओं पर रहेगी नजर

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत की उभरती क्रिकेट प्रतिभाएं शुक्रवार को कतर के दोहा में शुरू होने वाले राइजिग स्टार्स एशिया कप 2025 में सुर्खियों में रहेंगी। एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) द्वारा आयोजित यह टूर्नामेंट जिसका पहला आयोजन 2013 में इमर्जिंग टीम्स एशिया कप के रूप में हुआ था। अब तक छह संस्करण पूरे कर चुका है। 2025 में होने वाली यह प्रतियोगिता, जो टी20 प्रारूप में खेली जाएगी, नए राइजिग स्टार्स बैनर तले पहली बार आयोजित की जाएगी। अंडर-23 भारतीय क्रिकेट टीम ने सिगापुर में आयोजित पहले संस्करण में जीत हासिल की थी, जबकि अफग़ानिस्तान ए ने पिछले साल ओमान में आयोजित पिछले इमर्जिंग टीम एशिया कप का खिताब जीता था। श्रीलंका और पाकिस्तान भी पिछले चैंपियन हैं। इस साल का संस्करण 14 से 23 नवम्बर तक चलेगा, जिसमें आठ टीमें - पूर्ण सदस्य देशों की पांच 'ए' या विकासात्मक टीमें और तीन सहयोगी राष्ट्रीय टीमें - महाद्वीपीय टीम के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगी। विकेटकीपर-बल्लेबाज जितेश शर्मा की अगुवाई वाली भारत ए क्रिकेट टीम को ग्रुप बी में पाकिस्तान शाहीन (पाकिस्तान ए), यूएई और ओमान के साथ रखा गया है। पिछले साल की विजेता अफग़ानिस्तान, ग्रुप ए में है।

● **अब तक छह संस्करण पूरे कर चुका है, 2025 में होने वाली यह प्रतियोगिता, जो टी-20 प्रारूप में खेली जाएगी**

### राइजिग स्टार्स एशिया कप 2025 की टीमें और ग्रुप

**ग्रुप एः** अफ़ग़ानिस्तान ए, श्रीलंका, बांग्लादेश ए, हांगकांग

**ग्रुप बीः** भारत ए, पाकिस्तान शाहीन, यूएई, ओमान

प्रत्येक टीम अपने ग्रुप के अन्य तीन सदस्यों के साथ एक बार खेलेगी, उसके बाद प्रत्येक पूल से शीर्ष दो टीमें सेमीफाइनल में पहुंचेंगी। फाइनल 23 नवम्बर को खेला जाएगा। भारत ए शुक्रवार को यूएई के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगा। राइजिग स्टार्स एशिया कप में भारत बनाम पाकिस्तान ग्रुप बी का बहुप्रतीक्षित मैच 16 नवम्बर को खेला जाएगा। दोहा स्थित वेस्ट एंड पार्क इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम राइजिग स्टार्स एशिया कप 2025 के सभी मैचों का आयोजन स्थल होगा। 14 वर्षीय वैभव सूर्यवंशी, जो इस साल शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं, भारत ए क्रिकेट टीम में भी हैं। वैभव ने इस साल की शुरुआत में राजस्थान रॉयल्स के लिए आईपीएल में पदार्पण किया और इस टी20 फ्रेंचाइजी लीग में खेलने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बन गए। गुजरात टाइटन्स के खिलाफ 35 गेंदों में शतक जड़कर वह इस प्रतियोगिता में सबसे कम उम्र के और सबसे तेज भारतीय शतक बनाने वाले खिलाड़ी भी बन गए। अपने शानदार आईपीएल सीजन के बाद भी, यह युवा खिलाड़ी भारत की युवा टीमों के लिए चमकता रहा है और अंडर-19 वनडे इतिहास में सबसे कम उम्र के और सबसे तेज शतक बनाने वाले खिलाड़ी बन गए हैं।

# एलएसजी से एमआई की टीम में जा सकते हैं शार्दुल

**मुंबई, वार्ता।** ईएसपीएन क्रिकइंफो को जानकारी मिली है कि मुंबई इंडियंस (एमआई) ने लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी ) के साथ एक ऑलकैश ट्रेड डील के तहत समझौता कर लिया है। बताया गया है कि दोनों फ्रेंचाइजियों ने आईपीएल को अपनी रुचि के बारे में जानकारी दी है और जरूरी औपचारिकताओं के पूरा होते ही इस सौदे को आधिकारिक रूप से मंजूरी मिल जाएगी।

यह नया बदलाव दर्शाता है कि शार्दुल आईपीएल के इतिहास में एक अद्वितीय कीर्तिमान बनाने जा रहे हैं। यह उनके आईपीएल करियर का तीसरा ट्रांसफर होगा। 2017 में राइजगि पुणे सुपरजायंट ने उन्हें किग्स ग्प पंजाब (जो अब पंजाब किग्स है) से अधिग्रहित किया था। इसके बाद 2023 के सीजन से पहले कोलकाता नाइट राइडर्स ने उन्हें दिल्ली कैपिटल्स से अपने साथ शामिल किया था। यह ध्यान देने योग्य है कि दोनों बार यह व्यापार पूरी तरह से ऑल कैश डील पर आधारित था। ठाकुर 2025 के मेगा ऑक्शन में अनसोल्ड रहे थे और काउंटी चैम्पियनशिप में ऐसेक्स से जुड़ने वाले थे, लेकिन एलएसजी ने उन्हें मोहसिन ख+ाान के रिप्लेसमेंट के तौर पर उनके बेस प्राइस दो करोड़ रुपए में चुना था। उस समय एलएसजी के मेंटॉर जहीर ख+ाान का यह फ़ैसला अच्छा निवेश साबित हुआ था। ठाकुर ने आईपीएल 2025 के शुरुआती दो मैचों में छह विकेट लिए थे।



# अर्जुन-प्रज्ञानंदा व हरिकृष्णा चौथे दौर में टाईब्रेक में पहुंचे



**पणजी, वार्ता।** यहां जारी फ़िडे विश्व कप 2025 के चौथे दौर में बुधवार को ग्रैंडमास्टर अर्जुन एरिगैसी और ग्रैंडमास्टर आर- प्रज्ञानंधा ने दमदार तौर पर ड्रॉ खेले, जबकि पी- हरिकृष्णा ने मुश्किल स्थिति में फंसकर मैच टाईब्रेक तक पहुंचाया।

● **ग्रैंडमास्टर अर्जुन और ग्रैंडमास्टर प्रज्ञानंदा ने दमदार तौर पर ड्रॉ खेले, जबकि हरिकृष्णा ने मुश्किल स्थिति में फंसकर मैच को टाईब्रेक तक पहुंचाया**

अर्जुन ने सफ़ेद मोहरों से खेलते हुए हंगरी के अनुभवी ग्रैंडमास्टर पीटर लेको के खिलाफ 36 चालों के बाद ड्रॉ खेला, जबकि प्रज्ञानंधा ने ग्रैंडमास्टर डेनियल डुबोव के खिलाफ 30 चालों के बाद अंक बांटे, जबकि हरिकृष्णा ने भी 38 चालों के बाद ड्रॉ खेला। मंगलवार को काले मोहरों से जीत हासिल करने वाले ग्रैंडमास्टर जोस एडुआर्डो मार्टिनेज अल्कांतारा, तीन बार दोहराए गए मैच के बाद ग्रैंडमास्टर एलेक्सी सराना के खिलाफ 20 चालों में ड्रॉ खेलने के बाद अंतिम- 16 दौर में पहुंचने वाले पहले खिलाड़ी बन गए। अब उनका सामना ग्रैंडमास्टर पी- हरिकृष्णा और स्वीडन के ग्रैंडमास्टर निल्स ग्रैंडेलियस के बीच होने वाले मैच के विजेता से होगा। दो बार के चैंपियन ग्रैंडमास्टर लेवोन अरोनियन भी अगले दौर में पहुंच गए हैं, जिन्होंने ग्रैंडमास्टर राडोस्लाव वोज्टास्जेक के खिलाफ काले मोहरों से 35 चालों में दूसरा गेम ड्रॉ किया।

चौथे दौर में भाग ले रहे पांच भारतीयों में से, सभी की निगाहें टॉप बोर्ड पर अर्जुन और प्रज्ञानंदा पर थीं। अर्जुन ने लेको के खिलाफ सफेद मोहरों से निमजो इंडियन ओपनिग का विकल्प चुना और ऐसा लग रहा था कि वह पूरी तरह से तैयार थे क्योंकि उन्होंने 16 चालों के बाद समय हासिल कर लिया था। लेकिन हंगरी के इस खिलाड़ी ने दृढ़ता से बचाव किया और सर्वोच्च रैंकिंग वाले भारतीय खिलाड़ी ने 20वीं चाल में रानियों का ट्रेड करने का विकल्प चुना। इसके बाद उन्होंने आगे बढ़ने की को.शिश की, लेकिन कोई सफलता नहीं मिली। प्रज्ञानंदा भी ग्रैंडमास्टर डेनियल डुबोव के खिलाफ काले मोहरों के साथ 30 चालों में ड्रॉ से संतुष्ट थे।

# न्यूजीलैंड ने विंडीज को हराया, सीरीज भी जीती




● **जैकब डफी ने चार विकेट, कॉनवे ने नाबाद 47 रन और टिम रॉबिन्सन के 45 रनों की शानदार पारी की से न्यूजीलैंड आठ विकेट से जीता**

**डुनेडिन, वार्ता।** जैकब डफी (चार विकेट) के बाद डेवोन कॉनवे (नाबाद 47) और टिम रॉबिन्सन (45) के शानदार प्रदर्शन की बदौलत न्यूजीलैंड ने पांचवें टी-20 मुकाबले में वेस्टइंडीज को आठ विकेट से हराया और पांच मैचों की सीरीज में 3-1 से अपने नाम कर ली। जैकब डफी को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच तथा 'प्लेयर ऑफ द सीरीज' से नवाजा गया। न्यूजीलैंड ने आज टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी न्यूजीलैंड की टीम को जैकब डफी की अगुवाई में न्यूजीलैंड के गेंदबाजों ने 18-4 ओवर में 140 के स्कोर पर ढ़ेर कर दिया। वेस्टइंडीज की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने 2-5 ओवर में 21 के स्कोर पर अपने चार विकेट गंवा दिए। रोस्टन चेज ने वेस्टइंडीज के लिए 32 गेंदों में तीन चौके और एक छक्का लगाते हुए सर्वाधिक 38 रन बनाए। रोमारियो शेफर्ड ने 22 गेंदों में तीन चौके और तीन छक्के लगाते हुए 36 रन बनाए। जेसन होल्डर (20), कप्तान शाई होप और रोवमैन पॉवेल ने 11-11 रनों का योगदान दिया। न्यूजीलैंड के गेंदबाजी आक्रमण के आगे वेस्टइंडीज के सात बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सके। न्यूजीलैंड के लिए जैकब डफी 35 रन देकर चार विकेट लिए। जेम्स नीशम को दो विकेट मिले। काइल जैमीसन, माइकल ब्रेसवेल, मिशेल सैंटनर और ईश सोढ़ी ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इसके बाद बल्लेबाजी करने उतरी न्यूजीलैंड के लिए डेवोन कॉनवे और टिम रॉबिन्सन की सलामी जोड़ी ने शानदार बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए पहले विकेट के लिए 69 रन जोड़े। आठवें ओवर में रोमारियो शेफर्ड ने टिम रॉबिन्सन को बोल्ड कर इस साझेदारी को तोड़ा। टिम रॉबिन्सन ने 24 गेंदों में पांच चौके और तीन छक्के लगाते हुए 45 रन बनाए। 12वें ओवर में शमर स्प्रिंगर ने रचिन रवींद्र 21 को आउटकर पवेलियन भेज दिया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आए मार्क चैपमैन ने डेवोन कॉनवे के साथ तीसरे विकेट के लिए अविजित 35 रनों की साझेदारी

शाह टाइम्स

सम्पादकीय

शुक्रवार, 14 नवम्बर 2025

# प्रदूषण पर सुप्रीम कोर्ट गंभीर

देश की राजधानी और एनसीआर के क्षेत्रों में वायु प्रदूषण से लोगों की सांसे भारी पड़ रही हैं। किसी को नजला खांसी तो किसी को ब्रांकाइटिस और वायरल बुखार हो रहा है। क्या सरकार के पास इसे रोकने का कोई उपाय नहीं है, या सरकार के अधिकारी इस पर काम नहीं करना चाहते, यह मंथन का विषय है। गुरुवार को केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के आंकड़ों के अनुसार बवाना में सबसे उच्च एक्यूआई 460 दर्ज हुआ, जो गंभीर श्रेणी में आता है। इस पर देश की सर्वोच्च अदालत सुप्रीम कोर्ट ने भी नाराजगी जताई और कहा कि इससे बचने के लिए केवल मास्क ही पर्याप्त नहीं है। सुप्रीम कोर्ट का साफ संदेश है कि इस पर सरकार को बहुत कुछ करने की जरूरत है, क्योंकि यह इसी साल नहीं, हर साल होता है और मामला सुप्रीम कोर्ट में चला जाता है। यानि हर साल लोगों को सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाना पड़ता है। सुप्रीम कोर्ट ने पंजाब और हरियाणा सरकार से निर्देश दिया कि वे स्टबल बर्निंग यानी फसल अवशेष जलाने की रोकथाम में उठाए गए कदमों की पूरी जानकारी एक सप्ताह में प्रस्तुत करें। कोर्ट ने कहा कि राज्य प्रशासन को वायु गुणवत्ता में गिरावट के लिए जवाबदेह ठहराया जाएगा। चीफ जस्टिस का कहना है कि इस मामले में ठोस प्रमाण और नीति कार्रवाई दिखाना अनिवार्य है। सुप्रीम कोर्ट ने आम जनमानस की चिंता की है, क्योंकि सीवियर एक्यूआई का स्तर सामान्य लोगों सहित हृदय और श्वसन संबंधी रोगों से प्रभावित लोगों के लिए खतरनाक है। डॉक्टरों ने चेतावनी दी है कि प्रदूषित हवा में लंबा समय बिताने से स्थायी स्वास्थ्य नुकसान हो सकता है। लोगों को सलाह दी जा रही है कि वे बाहर निकलते समय मास्क पहनें और बच्चों तथा बुजुर्गों को अतिरिक्त सावधानी बरतने को कहा गया है। प्रदूषण बढ़ने से स्वास्थ्य पर कई प्रतिकूल प्रभाव पड़ते हैं, जैसे सांस लेने में दिक्कत, एलर्जी, अस्थमा, हार्ट डिजीज आदि। इस बढ़ते प्रदूषण से बचने के लिए कुछ जरूरी उपाय करना बेहद जरूरी। प्रदूषण से बचने के लिए एन 95 या पी100 मास्क का प्रयोग करें। यह मास्क हानिकारक कणों और प्रदूषकों को शरीर में प्रवेश करने से रोकने में मदद कर सकता है। खासकर बाहर जाते समय मास्क का प्रयोग अनिवार्य करें। घर के अंदर की एयर क्वालिटी को बेहतर बनाए रखने के लिए एयर प्यूरीफायर का उपयोग करें। प्यूरीफायर हवा में मौजूद हानिकारक कणों को फिल्टर कर देता है और घर के अंदर शुद्ध वायु बनाए रखता है। जहां तक संभव हो हरी-भरी जगहों जैसे पार्क और बगीचों में समय बिताएं। ये स्थान तुलनात्मक रूप से कम प्रदूषित होते हैं और यहां की हवा ज्यादा स्वच्छ होती है। प्रदूषण के समय सुबह या देर शाम की बजाय घर के अंदर व्यायाम करें। बाहर की दौड़-भाग करने से बचें, क्योंकि उस समय प्रदूषक कण सांसों के साथ शरीर में जा सकते हैं। उद्योग प्रदूषण का प्रमुख कारक है। उद्योगों में ऊर्जा संसाधन के प्रयोग से अर्थात चिमनियों के धुएं से वायु प्रदूषण फैलता है। इसमें प्रयुक्त जल तथा उद्योगों से निकलने वाले अपशिष्ट जलाशयों में प्रवाहित किए जाते हैं, जिससे विभिन्न प्रकार के रसायन जल में घुलनकर प्रदूषित करते हैं। इसे मृदा प्रदूषण व भूमि प्रदूषण भी फैलता है। इनके अलावा दिल्ली और आसपास के राज्यों के किसान इस समय फसल के अवशेषों को जला देते हैं। उनका मानना है कि अवेशषों की राख खेत में खाद का काम करती है। 21 सदी में प्रवेश कर रहे भारत में ये धारणा भी प्रदूषण का कारण बनती है। सरकार का काम है कि किसानों को खाद अगर आसानी से उपलब्ध हो, तो वे ऐसा नहीं कर पाएंगे।

## हर कश्मीरी आतंकवादी नहीं



दिल्ली में लाल किले के पास हुए बम विस्फोट की घटना मानवता, शांति और भाईचारे पर एक बर्बर हमला है, जम्मू-कश्मीर के सभी लोगों को आतंकवादी कहना अनुचित है, क्योंकि कुछ गुमराह लोग ही राज्य की शांति को नुकसान पहुंचा रहे हैं, यह विस्फोट बेहद निंदनीय है, किसी भी धर्म में निर्दोष लोगों की हत्या की इजाजत नहीं है, घटना की जांच होनी चाहिए, जब हर कश्मीरी मुसलमान को संदेह की दृष्टि से देखा जाता है, तो यह न केवल अन्याय है बल्कि सामाजिक सद्भाव को भी प्रभावित करता है, अगर हम हर कश्मीरी को एक ही नजर से देखेंगे और उसे आतंकवादी मानेंगे, तो लोगों को सही रास्ते पर लाना मुश्किल हो जाएगा, इसमें शामिल लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए, लेकिन उनके परिवारों या निर्दोष नागरिकों को परेशान नहीं किया जाना चाहिए। **-उमर अब्दुल्ला, मुख्यमंत्री, जम्मू-कश्मीर**

# और कितना गिरेंगे टीवी चैनल






**रजनीश कपूर**

हाल ही में बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता धर्मेंद्र की मौत की झूठी खबर इलेक्ट्रॉनिक मीडिया द्वारा फैलाई गई, जिसने न केवल उनके परिवार और प्रशंसकों को दुखी किया, बल्कि देश के लाखों नागरिकों को भी भ्रमित कर दिया। यह घटना आज के मीडिया की विश्वसनीयता, जिम्मेदारी और नैतिकता पर गंभीर सवाल खड़े करती है। आज का मीडिया, खघसकर इलेक्ट्रॉनिक मीडिया अक्सर सच्चाई की जगह टीआरपी और लोकप्रियता के लिए खबरें तेजी से प्रचारित करता है, बिना उसकी पुष्टि किए। इसके चलते न केवल सेलिब्रिटीज या किसी चर्चित व्यक्ति की निजता का उल्लंघन होता है, बल्कि आम जनता को भी गलत सूचना देकर भ्रमित किया जाता है। धर्मेंद्र की मौत की झूठी खबर तेजी से सोशल मीडिया और कई इलेक्ट्रॉनिक चौनलों पर फैल गई, जिसके बाद उनकी पत्नी हेमा मालिनी और बेटी ईषा देओल ने खुद सामने आकर इस खबर को गलत बताया। इस घटना ने दिखाया कि आज के मीडिया की जल्दबाजी और बिना जांच के खबर छापने की आदत कितनी खतरनाक है। इंडियन फिल्म एंड टेलीविजन डायरेक्टर्स एसोसिएशन द्धप्थ्ज्क।ऋ ने भी इस तरह की झूठी खबरों की निंदा करते हुए मीडिया से जिम्मेदारी और संयम का आह्वान किया है।

आज के मीडिया में टीआरपी द्धटेलीविजन रेटिंग प्वाइंट्सऋ की दौड़ इतनी तेज है कि अक्सर सच्चाई और नैतिकता को पीछे छोड़ दिया जाता है। मनमाने दामों पर अधीक से अधिक विज्ञापन पाने की होड़ में, कुछ चौनलों को छोड़ कर ज्यादातर चौनल्स अपनी रेटिंग बढ़ाने के लिए ऐसी खबरें दिखाते हैं जो दर्शकों का ध्यान तुरंत खींचती हैं, चाहे वह सच हो या न हो। इसके चलते सेलिब्रिटीज या मशहूर हस्तियों की निजता का उल्लंघन होता है। उनकी निजी जिंदगी को खुले आम उजागर किया जाता है और उनकी तस्वीरें, वीडियो बिना अनुमति के शेयर की जाती हैं। यह न केवल अनैतिक है, बल्कि कानूनी .ष्टि से भी गलत है। आज के मीडिया में ऐसी खबरें छापने या प्रसारित करने का उद्देश्य केवल टीआरपी और लो. कप्रियता की भूख होता है, न कि सच्चाई को जनता तक पहुंचाना।किसी की भी निजी जानकारी का खुलासा करने से पहले यह जांच अवश्य करनी चाहिए कि उससे सार्वजनिक हित में कोई बड़ा लाभ होगा या नहीं। यदि नहीं है, तो उसका खुलासा नहीं किया जाना चाहिए। पुराने जमाने में जब टीवी चौनलों की भीड़ नहीं होती थी, मीडिया की जिम्मेदारी और नैतिकता बहुत ज्यादा थी। खबरें छापने व प्रसारित करने से पहले उनकी भरपूर पुष्टि की जाती थी और बिना जांच के कोई भी खबर नहीं छापी या दिखाई जाती थी। तब मीडिया का उद्देश्य सच्चाई और जानकारी देना होता था, न कि टीआरपी या लोकप्रियता बढ़ाना। आज की तुलना में तब की खबरें अधिक विश्वसनीय और जिम्मेदार थीं। तब के पत्रकार अपनी जिम्मेदारी को समझते थे और खबरों को छापने से पहले उनकी सत्यता की जांच करते थे। आज के मीडिया के एक विशेष वर्ग में इस तरह की जिम्मेदारी लगभग खत्म हो गई है। उनका उद्देश्य केवल अपने चौनल मालिकों या राजनैतिक आकाओं को खुश करना है।

गौरतलब है कि सेलिब्रिटी की प्राइवेसी बचाने के लिए भारत में अभी तक कोई विशेष कानून नहीं है, लेकिन हाल के वर्षों में न्यायपालिका ने इस मुद्दे पर बहुत ज्यादा जोर दिया है। आज के डिजिटल युग में सेलिब्रिटीज की तस्वीरें, आवाज, नाम और व्यक्तित्व का बिना अनुमति के उपयोग आम हो गया है, खासकर एआई और डीपफेक तकनीक के चलते। जिससे इन सेलिब्रिटीज का काफी दुष्प्रचार होने लगा है। इसलिए नए कानूनों की जरूरत है, जो सेलिब्रिटीज या किसी अन्य चर्चित व्यक्ति की प्राइवेसी और व्यक्तित्व के अधिकारों की सुरक्षा करें।सार्वजनिक हित और निजी गोपनीयता के बीच संतुलन बनाने के लिए स्पष्ट कानूनी दिशा-निर्देश बनाए जाने चाहिए, जिसमें निजी जानकारी के खुलासे की शर्तें और सीमाएं स्पष्ट हों। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत निजता का अधिकार मौलिक अधिक. ार है, लेकिन इसकी व्याख्या और लागू करने के लिए और स्पष्ट नियम बनाए जाने चाहिए। इसमें सेलिब्रिटीज या मशहूर व्यक्तियों की निजी जानकारी, चिकित्सा इतिहास और व्यक्तिगत जीवन की जानकारी को बिना अनुमति के प्रका. शित करने पर प्रतिबंध लगाया जाना चाहिए। ऐसे कानूनों का उल्लंघन करने वालों के खघ्लिाफ कड़ी कार्यवाही का प्रावधान भी होना चाहिए, जिससे भविष्य में कि कोई भी ऐसी गलती करने से पहले कई बार सोचे। धर्मेंद्र की झूठी मौत की खबर ने एक बार फिर दिखाया कि आज का मीडिया अपनी जिम्मेदारी और नैतिकता को भूल चुका है। टीआरपी और लोकप्रियता के लिए खबरें छापना और सेलिब्रिटीज की निजता का उल्लंघन करना अब आम बात हो गई है। इससे न केवल सेलिब्रिटीज को नुकसान होता है, बल्कि आम जनता को भी गलत सूचना देकर भ्रमित किया जाता है। मीडिया को अपनी जिम्मेदारी और नैतिकता को फिर से याद करना चाहिए और खबरें छापने से पहले उनकी पुष्टि करनी चाहिए। इससे ही मीडिया की विश्वसनीयता बनी रहेगी और जनता को सही जानकारी मिलेगी।नए कानूनों के साथ-साथ मीडिया और जनता के लिए जागरूकता अभियान भी जरूरी है, ताकि वे सेलिब्रिटीज की प्राइवेसी का सम्मान करें और उनकी निजी जानकारी को बिना अनुमति के न फैलाएं।

**गौरतलब है कि सेलिब्रिटी की प्राइवेसी बचाने के लिए भारत में अभी तक कोई विशेष कानून नहीं है, लेकिन हाल के वर्षों में न्यायपालिका ने इस मुद्दे पर बहुत ज्यादा जोर दिया है। आज के डिजिटल युग में सेलिब्रिटीज की तस्वीरें, आवाज, नाम और व्यक्तित्व का बिना अनुमति के उपयोग आम हो गया है, खासकर एआई और डीपफेक तकनीक के चलते। जिससे इन सेलिब्रिटीज का काफी दुष्प्रचार होने लगा है। इसलिए नए कानूनों की जरूरत है, जो सेलिब्रिटीज या किसी अन्य चर्चित व्यक्ति की प्राइवेसी और व्यक्तित्व के अधिकारों की सुरक्षा करें।सार्वजनिक हित और निजी गोपनीयता के बीच संतुलन बनाने के लिए स्पष्ट कानूनी दिशा-निर्देश बनाए जाने चाहिए, जिसमें निजी जानकारी के खुलासे की शर्तें और सीमाएं स्पष्ट हों।**

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# बाल दिवस व राष्ट्रीय शिक्षा दिवस का है खास महत्व



**शहजाद अली**

भारत हर साल 11 नवंबर को राष्ट्रीय शिक्षा दिवस मनाता है, जो स्वतंत्र भारत के पहले शिक्षा मंत्री, मौलाना अबुल कलाम आजाद की जयंती का प्रतीक है। इसके कुछ दिनों बाद, 14 नवंबर को बाल दिवस मनाया जाता है, जो बच्चों के प्यारे चाचा नेहरू, पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती है।बाल दिवस बच्चों के अधिकारों और कल्याण को समर्पित है, जबकि राष्ट्रीय शिक्षा दिवस देश की शिक्षा प्रणाली के विकास पर केंद्रित है। ये दोनों दिन एक राष्ट्र के रूप में भारत की प्राथमिकताओं को दर्शाते हैं। 14 नवंबर को, बाल दिवस मनाया जाता है।

यह दिन भारत के पहले प्रधानमंत्री, पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती है। नेहरू जी का मानना था कि बच्चे राष्ट्र का भविष्य हैं और उनके उचित पालन-पोषण और शिक्षा पर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए। बाल दिवस का उद्देश्य बच्चों के अधिकारों - शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा और समानता के अधिकार - के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। यह दिन बच्चों के जीवन में खुशी और उल्लास लाने के लिए समर्पित है, जहां स्कूलों और समुदायों में विभिन्न गतिविधियों और कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। राष्ट्रीय शिक्षा दिवस और बाल दिवस, दोनों एक-दूसरे के पूरक हैं। जो कि एक बच्चे के पूरे जीवन को व्यवस्थित करता है।मौलाना आजाद की उपलब्धियां हमें गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के महत्व को बताती हैं, जबकि बाल दिवस हमें याद दिलाता है कि यह शिक्षा हमारे बच्चों, हमारे भविष्य तक पहुंचनी चाहिए। एक शिक्षित और पोषित बचपन ही एक मजबूत और प्रगतिशील राष्ट्र की नींव रख सकता है। ए दोनों दिवस मिलकर एक ऐसे भारत के सपने को साकार करने की प्रेरणा देते हैं, जहां हर बच्चे को सीखने, बढ़ने और अपनी पूरी क्षमता हासिल करने का अवसर मिले।

### कलाम आजाद का शैक्षिक योगदान

भारत में हर साल 11 नवंबर को मनाया जाने वाला राष्ट्रीय शिक्षा दिवस, स्वतंत्र भारत के पहले शिक्षा मंत्री, मौलाना अबुल कलाम आजाद की जयंती का प्रतीक है। यह दिन एक महान विद्वान, स्वतंत्रता सेनानी और दूरदर्शी नेता को श्रद्धांजलि है, जिन्होंने भारत की आधुनिक शिक्षा प्रणाली की नींव रखी। शिक्षा के क्षेत्र में उनकी उपलब्धियां असंख्य हैं, जिन्होंने देश के बौद्धिक और सांस्कृतिक स्वरूप को आकार देने में मदद की।

### मौलाना आजाद की उपलब्धियां और योगदान

एक शिक्षा मंत्री (1947-1958) के रूप में, मौलाना आजाद का दृष्टिकोण केवल साक्षरता दर बढ़ाने तक सीमित नहीं था, बल्कि एक समावेशी, आधुनिक और वैज्ञानिक सोच वाले समाज का निर्माण करना था।

### उच्च शिक्षा संस्थानों की स्थापना

आजाद ने भारत में वैज्ञानिक और तकनीकी शिक्षा के महत्व को पहचाना। उनकी पहल के परिणामस्वरूप कई प्रमुख संस्थानों की स्थापना हुईरू भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान IITs भारत के पहले IIT (IIT खड़गपुर) की स्थापना 1951 में उनकी देखरेख में हुई, जिसका उद्देश्य देश में तकनीकी शिक्षा को बढ़ावा देना था। इंडियन इंस्टिटड्ूट ऑफ साइंस बैंगलोर, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग UGC उच्च शिक्षा के मानकों को विनियमित करने और गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए 1953 में UGC की स्थापना में उन्होंने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद AICTE तकनीकी शिक्षा को मजबूत करने के लिए AICTE को भी उनके कार्यकाल में बल मिला। मौलाना आजाद का दृढ़ विश्वास था कि शिक्षा सभी के लिए सुलभ होनी चाहिए। उन्होंने 14 वर्ष तक के बच्चों के लिए मुफ्त और अनिवार्य प्राथमिक शिक्षा की पुरजोर वकालत की, इसे राष्ट्रीय प्रगति की कुंजी माना। उन्होंने महिला शिक्षा के महत्व पर भी जोर दिया, यह मानते हुए कि समाज की उन्नति के लिए महिलाओं का शिक्षित होना आवश्यक है। सांस्कृतिक और साहित्यिक संस्थाओं का विक. ासशिक्षा के अलावा, आजाद ने भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण और संवर्धन पर भी ध्यान केंद्रित किया। उनकी पहल पर स्थापित प्रमुख अकादमियांरूसाहित्यअकादमी ,ललित कला अकादमी,संगीत नाटक अकादमी आदि ए संस्थान आज भी भारतीय कला, साहित्य और संस्कृति को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

### शिक्षा का एक एकीकृत दृष्टिकोण

आजाद ने शिक्षा के एक ऐसे मॉडल की कल्पना की जो पूर्वी आध्यात्मिक मूल्यों को पश्चिमी सामाजिक प्रगति और उपलब्धियों की अवधारणाओं के साथ एकीकृत करता हो। उनका उद्देश्य केवल अकादमिक सफलता नहीं, बल्कि आलोचनात्मक सोच, आत्मविश्वास और नागरिक उत्तरदायित्व का विकास करना था। मौलाना अबुल कलाम आजाद की जयंती को 2008 में राष्ट्रीय शिक्षा दिवस के रूप में घोषित किया गया, जो शिक्षा के क्षेत्र में उनके अद्वितीय योगदान को राष्ट्रीय मान्यता देता है।

# सर्दियों में कुछ ऐसे करें दुल्हनों का श्रृंगार



**शहनाज हुसैन**


सर्दियों को प्यार के खिलने और नई शुरुआत का मौसम माना जाता है‍ सर्दियों का मौसम यानी शादियों का सबसे अच्छा समय आ रहा है। सर्दियों की शादी में जादुई आकर्षण होता है। सुहावने मौसम में ठंडी हवाएं और सुकून भरे माहौल में गर्म चटख रंगों की छटाएं समारोह को एक खूबसूरत तस्वीर जैसा बना देती है और इसीलिए दुलहन के इलाबा सभी पारिवारिक महिलाओं पर भी आकर्षक और खूबसूरत दिखने का दबाव बना रहता है। स्वाभाविक रूप से, एक दुल्हन के रूप में आप सर्दियों की शादियों के दौरान अधिक सहज महसूस करती हैं, भले ही आपको लंबे समय तक रस्मों और समारोहों में बैठना पड़ता है, लेकिन इस सारे आकर्षण के साथ एक खूबसूरती की चुनौती भी आती है। ठंड और शुष्क महीनों में अपनी दुल्हन की त्वचा को चमकदार और हाइड्रेटेड बनाए रखना। शादी के दिन दुल्हन का सुन्दर दिखना महज मेकअप या ड्रैस में ही जुड़ा नहीं होता बल्कि इसमें काफी हफ्तो की कड़ी मेहनत शामिल होती है। यदि शादी से कुछ हफ्ता पहले त्वचा के प्रति सावधनी बरती जाए तो यह शादी के दिन काफी मददगार साबित हो सकती है, सर्दियों में तैलीय त्वचा भी शुष्क पड जाती है जबकि शुष्क त्वचा को क्रीम तथा तेल की मदद से माइस्चराइज तथा पोषक बनाना पड़ता है।

अपनी रोजाना फेशियल केयर रूटीन के अर्न्तगत अपनी त्वचा को दिन में दो बार साफ करें। रात्रि में सोने से पहले चेहरे पर जमी मैल को साफ करना अत्यन्त महत्वपूर्ण होता है। रात्रि को सोने से पहले प्रतिदिन त्वचा को साफ कीजिए तथा ताजे साफ पानी से धोईए। इसके लिए आप गुनगुना पानी उपयोग में ला सकती है। सामान्य तथा शुष्क दोनों प्रकार की त्वचा के लिए क्लीजिंग क्रीम या जैल का प्रयोग कीजिए। वैकल्पिक रूप में आप आधे कप ठण्डे पानी में तिल, सूरजमुखी तथा जैतून के वनस्पति तेल की पांच बूंदे मिलाकर इसे बोतल में डालकर भली भांति मिला लीजिए। अब काटनवूल की मदद से इस मिश्रण से त्वचा को साफ कीजिए। बाकी बचे मिश्रण को फीज में रख लीजिए। यदि आपकी त्वचा तैलीय है तो क्लीनजींग लोशन या फेश वाश का प्रयोग कीजिए। तैलीय त्वचा के गहरे छिद्रों को साफ करने की जरूरत होती है। चावल के पाउडर को दही से मिलाकर हफ्ते में एक या दो बार लगाईए तथा त्वचा के दोनों ओर हल्के से रब करके पानी से धो डालिए। सर्दियों में तैलीय त्वचा में माथे पर काले धब्बे पड़ सकते है। सर्दियों में तैलीय त्वचा भी शुष्क हो जाती है लेकिन जब इसमें क्रीम लगाई जाती है तो इससे चेहरे पर मुंहासे आ जाते है। इस समस्या के निदान के लिए एक चम्मच शुद्ध ग्लिसरीन को 100 मिली लीटर गुलाब जल में मिला कर बोतल को फीज में रख दीजिए। इस लोशन को रोजाना त्वचा के रूखेपन को दूर करने के लिए उपयोग कीजिए। सभी प्रकार की त्वचा में नमी तथा मुलायम बनाने के लिए शहद तथा अलोवेरा जैल का प्रयोग किया जा सकता है। इसे चेहरे पर लगाने के 20 मिनट बाद चेहरे को स्चछ ताजें पानी से धो डालिए। सभी प्रकार की त्वचा के मामले में प्रतिदिन त्वचा को काटनवूल पैड से ठण्डे गुलाब जल से टोन कीजिए। त्वचा को साफ करके सहलाइए तथा इसके बाद तेजी से गुलाब जल से संचित काटनवूल पैड से पौछिए। इसे त्वचा की आभा निखरेगी। सामान्य से शुष्क त्वचा को रोजाना रात्रि को नारिशिंग क्रीम से पोषण किया जा सकता है। त्वचा को साफ करने के बाद क्रीम को पूरे चेहरे पर हल्की-हल्की मालिश करते हुए 2 मिनट बाद गीली काटनवूल से हटा लीजिए। चेहरे के लिए, मास्क का घर में मिश्रण बनाकर इसे हफ्ते में दो तीन बार लगाऐं। सामान्य से शुष्क तवचा के लिए दो चम्मच चोकर में एक चम्मच बादाम, दही शुद्ध तथा गुलाब जल मिलाईए। तैलीय तथा मिश्रित त्वचा के लिए तीन चम्मच जई में दही, शहद तथा गुलाब जल मिलाऐं।

इस सब का पेस्ट बना होठों तथा आंखों को धोकर बाकी चेहरे पर लगा ले तथा 20 मिनट बाद साफ पानी से धो डालिए। चेहरे पर फेस मास्क लगाने के बाद, दो काटनवूल पैड को गुलाब जल में भिगों दीजिए तथा इन्हें आई पैड की तरह प्रयोग कीजिए। इन्हें आंखों पर रख कर लेटकर कर आराम करें। इससे शरीर को काफी ताजगी तथा आराम मिलता है। गुलाब जल का काफी आरामदायक तथा शान्तिवर्धक प्रभाव पड़ता है। जिससे थकान दूर होती है तथा आंखों में चमक आ जाती है। आंखों के इर्द-गिर्द की त्वचा काफी पतली तथा संवे. दनशील होती है। इस भाग में झुर्रियां काफी आसानी से आ जाती हैं। आंखों के इर्द गिर्द क्रीम लगाकर 15 मिनट बाद गीले काटनवूल से धो डालिए। प्रतिदिन बादम तेल के प्रयोग करने तथा इसकी हल्के-2 मालिश करने से आंखों के इर्द-गिर्द त्वचा को निखारने में काफी मदद मिलती है। होठों की त्वचा भी काफी पतली होती है तथा इसमें तैलीय ग्रन्थियों की कमी होती है।

सर्दियों में होठ आसानी से शुष्क तथा फट जाते है। होठों पर प्रतिदिन धोने के बाद बादाम तेल या बादाम क्रीम लगाकर पूरी रात लगी रहने दीजिए। दिन में त्वचा में नमी की कमी न होन दें। घर से निकलने से पहले सनस्क्रीन का चेहरे पर प्रयोग करें। ज्यादातर सनस्क्रीन क्रीमों में माईस्चराईज विद्यमान होते है। माइस्चराईजर क्रीम द्रव्य रूप में उपलब्ध होते है। अगर आपकी त्वचा में अत्याधिक शुष्कता है तो क्रीम का उपयोग कीजिए। सर्दियों में शरीर की त्वचा का तैलीय पौषाहार करना चाहिए। पुराने समय में त्वचा की देखभाल के लिए उबटन बनाया जाता था। सबसे पहले शरीर की तिल के तेल से मालिश की जाती है तथा उसके बाद घर में बनाया गया उबटन लगाया जाता है। यह उबटन मुख्यत: चोकर, बेसन, दही, मलाई तथा हल्दी का मिश्रण होता है। इस सबका मिश्रण करके इसे नहाने से पहले शरीर पर लगाया जाता है तथा आधा घंटा बाद उबटन को रगड़कर हटाकर स्नान किया जाता है। इससे नहाने के दौरान त्वचा की मृत कोशिकाओं का साफ करने में मदद मिलती है जिससे त्वचा चमकीली चिकनी, मुलायम होकर निखर जाती है। चमकीली त्वचा के लिए सभी संघटको को पोटली में डालकर पोटली को गीला कर शरीर के सभी अंगों पर रगड़ने तथा उसके बाद स्नान कर लें। पाऊडर, दूध, बादाम, चावल पाऊडर तथा गुलाब की पंखुडियों का मिश्रण तैयार कर लें।

इस मिश्रण को त्वचा पर लगाने से त्वचा साफ, मुलायम हो जाती है तथा इसमें प्राकृतिक आभा आ जाती है। इससे शरीर रेशम की तरह मुलायम हो जाता है तथा शरीर में ताजगी तथा प्राकृतिक सुगन्ध आती है। शादी से पहले सभी दुल्हनें किसी न किसी प्रकार के तनाव के दौर से गुजरती है जिसका प्रतिदिन उनके चेहरे पर झलकता है। इस प्रकार के मानसिक तनाव की मुक्ति के लिए आराम काफी मददगार साबित होता है। शारीरिक व्यायाम से मानसिक तनाव से भी मुक्ति मिलती है। शादी से कुछ माह पहले नियमित रूप से व्यायाम कीजिए तथा सुबह सैर के लिए निकलिए। वास्तव में सुबह की सैर शारीरिक तथा मानसिक स्वास्थ्य के लिए काफी लाभदायक साबित होती है। शरीर तथा मन की शांति के लिए लम्बी सांसे तथा ध्यान काफी लाभदायक साबित होते है।



## संक्षिप्त समाचार

### इंडोनेशिया में जहाज डूबने से आठ लोगों की मौत

**जकार्ता।** इंडोनेशिया के पूर्वी कालीमंतन प्रांत में महाक. ाम नदी में एक जहाज के डूबने से आठ लोग की मौत हो गई। प्रांत के खोज और बचाव कार्यालय के प्रमुख डोडी सेतियावान ने गुरुवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह घटना सोमवार शाम को घटित हुई। तीन चालक दल के सदस्यों सहित 28 लोगों को ले जा रहा जहाज पश्चिम कुताई रीजेंसी में नदी के ऊपरी इलाके में डूब गया। उन्होंने बताया कि 20 लोगों को बच गए थे, जबकि जबकि आठ अन्य के लापता होने की सूचना मिली थी।

### भर्ती प्रक्रिया के दौरान मची भगदड़ में छह की मौत, 37 घायल

**अकरा।** घाना की राजधानी अकरा में बुधवार को सैन्य भर्ती अभ्यास से पहले मची भगदड़ में छह लोगों की मौत हो गई, 37 अन्य लोग घायल हुए हैं। घाना सशस्त्र बलों ने एक बयान में कहा है कि ए छह लोग उन लोगों में शामिल थे जो एल-वाक स्पोर्ट्स स्टेडियम में चयन प्रक्रिया में शामिल होने के लिए आए थे। बयान में कहा गया कि घाना सशस्त्र बलों को आम जनता को 2025/2026 भर्ती प्रक्रिया शुरू होने से पहले हुई मची भगदड़ की सूचना देते हुए गहरा दुख हो रहा है। इस घटना में छह संभावित रंगरूटों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए।

### रूस में अस्पताल में आग लगने से सात लोग घायल

**मास्को।** रूस के सारातोव क्षेत्रीय संक्रामक रोग क्लिनिकल अस्पताल में बुधवार देर रात आग लगने से सात लोग झुलस गए। क्षेत्रीय कानून प्रवर्तन प्राधिकरण ने यह जानकारी दी। सारातोव क्षेत्र के अभियोजक कार्यालय के अनुसार स्थानीय समयानुसार देर रात 2:40 बजे आग लग गई। आग ने अस्पताल की दूसरी मंजिल पर स्थित तीन उपचार कक्षों को अपनी चपेट में ले लिया और इसमें सात लोग झुलस गए। इन सभी का इलाज चल रहा है।



नई दिल्ली। वायु प्रदूषण को कम करने के लिए पानी की बूंदों को छिड़काव करती एंटी स्मॉग गन।

## श्रीलंका ने 2025 में 328 भारतीय मछुआरों को किया गिरफ्तार


**कोलंबो।** श्रीलंकाई नौसेना ने 2025 में अपने जलक्षेत्र में अवैध रूप से मछली पकड़ने के आरोप में अब तक 328 भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार किया है। यह जानकारी श्रीलंका के एक उप मंत्री ने गुरुवार को दी। श्रीलंका के मत्स्य पालन, जलीय एवं महासागर संसाधन उप मंत्री रत्ना गामेज ने संवाददाताओं से कहा कि नौसेना ने मछुआरों द्वारा उपयोग किए गए 41 मछली पकड़ने वाले नावों को भी जब्त किया है। उन्होंने कहा कि अधिकारियों ने श्रीलंकाई जल क्षेत्र में विदेशी मछुआरों के अवैध प्रवेश पर नकेल कसने के लिए अभियान तेज कर दिया है तथा 2024 की तुलना में इस वर्ष गिरफ्तारियों में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। श्री गामेज ने कहा कि इन प्रयासों में नौसेना को मत्स्य पालन, जलीय एवं महासागर संसाधन मंत्रालय तथा श्रीलंकाई पुलिस का सहयोग प्राप्त है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि श्रीलंकाई जलक्षेत्र में अवैध रूप से मछली पकड़ने वाले विदेशी मछुआरे स्थानीय मछुआरों एवं देश के समुद्री पर्यावरण के लिए अस्तित्व का खतरा उत्पन्न करते हैं।

# पाकिस्तान के संविधान में 48 अनुच्छेद में बदलाव

## आर्मी चीफ आसिम मुनीर को तीनों सेनाओं का कमांड मिला, विपक्ष नाराज, बिल की कापियां फाड़ी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की संसद ने आर्मी चीफ आसिम मुनीर की शक्तियों को बढ़ाने और सुप्रीम कोर्ट के ताकत को कम करने वाले 27वें संवैधानिक संशोधन को मंजूरी दे दी। पाकिस्तानी आब्जर्वर की रिपोर्ट के मुताबिक, इस संशोधन में 48 आर्टिकल में बदलाव का प्रस्ताव दिया गया है।

नेशनल असेंबली ने इस बिल को 234 मतो की बहुमत से पास किया। चार सांसदों ने विरोध में वोट दिया, जबकि सीनेट ने इसे दो दिन पहले ही मंजूर कर लिया था। राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी के साइन के बाद यह कानून बन जाएगा। मुनीर को तीनों सेनाओं का चीफ ऑफ डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) बनाया जा रहा है। यह 27 नवम्बर 2025 से लागू हो जाएगा। पद मिलते ही उन्हें परमाणु हथियारों की कमांड मिल जाएगी। अपना कार्यकाल पूरा होने के बाद भी वह अपने पद पर बने रहेंगे और



■ नेशनल असेंबली ने इस बिल को 234 मतो की बहुमत से पास किया, चार सांसदों ने विरोध में वोट दिया

उन्हें आजीवन कानूनी छूट मिलती रहेगी। वहीं, जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ ने इसे लोकतंत्र के खिलाफ बताया। कुछ विपक्षी दलों ने बिल की कापियां फाड़ दीं।

प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज के अध्यक्ष नवाज शरीफ 12 नवम्बर को नेशनल असेंबली के सत्र में मौजूद रहे। 27वें संविधान संशोधन का एक बहुत खास हिस्सा है नेशनल स्ट्रैटजिक कमांड (एनएससी) का गठन। यह कमांड पाकिस्तान के परमाणु हथियारों और मिसाइल सिस्टम की निगरानी और नियंत्रण करेगी। अब तक यह जिम्मेदारी नेशनल कमांड अथारिटी (एनसीए) के पास थी, जिसकी अध्यक्षता प्रधानमंत्री करते थे, लेकिन अब से एनएससी के पास इसकी जिम्मेदारी हो जाएगी। एनएससी का कमांडर भले ही प्रधानमंत्री की मंजूरी से नियुक्त होगा, लेकिन यह नियुक्ति सेना प्रमुख (सीडीएफ) की सिफारिश पर ही होगी। सबसे जरूरी यह पद सिर्फ आर्मी के अफसर को ही दिया जाएगा। इससे देश के परमाणु हथियारों का नियंत्रण अब पूरी तरह सेना के हाथ में चला जाएगा। 10 मुख्य संशोधन-सेना प्रमुख को चीफ ऑफ डिफेंस फोर्सेस की जिम्मेदारी मिलेगी, अगर किसी अधिकारी को फील्ड मार्शल, मार्शल ऑफ द एयर फोर्स या एडमिरल ऑफ द फ्लीट की रैंक दी जाती है, तो यह रैंक आजीवन रहेगी। फील्ड मार्शल को राष्ट्रपति जैसी सुरक्षा, बिना सरकार की इजाजत के कोई आपराधिक मुक. दमा नहीं चल सकता। वर्तमान मुख्य न्यायाधीश अपनी अवधि पूरी होने तक चीफ जस्टिस बने रहेंगे, फेडरल कान्सटीटयूशन कोर्ट की स्थापना होगी, याचिकाओं पर सुओ मोटो (स्वतः संज्ञान) लेने का अधिकार, कानूनी नियुक्तियों में राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री की अहम भूमिका रहेगी, राष्ट्रपति को कार्यकाल के बाद कोई सार्वजनिक पद लेने पर छूट सीमित, हाई कोर्ट जजों के तबादले न्यायिक आयोग तय करेगा, तबा. दलों पर आपत्ति सुप्रीम ज्यूडिशियल काउंसिल देखेगी।

# अमेरिका आओ, हमें प्रतिशिक्षत करो और घर जाओ

## ट्रम्प प्रशासन अब देश की एच-1बी वीजा नीति में बड़ा बदलाव लाने की कर रहा है तैयारी

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प का प्रशासन अब एच-1बी वीजा नीति में बड़ा बदलाव लाने की तैयारी कर रहा है। नई नीति के तहत विदेशी कुशल कामगारों को अमे. रिका में अस्थायी रूप से बुलाया जाएगा, ताकि वे अमेरिकी कामगारों को उच्च तकनीकी कामों की ट्रेनिंग दे सकें, और उसके बाद वापस अपने देश लौट जाएं।

अमेरिकी वित्त मंत्री स्काट बेसेंट ने बताया कि यह नीति ट्रम्प के उस बड़े अभियान का हिस्सा है, जिसके जरिए वे महत्वपूर्ण उद्योगों को दोबारा अमेरिका में लाना और आयात पर निर्भरता घटाना चाहते हैं। स्काट बेसेंट ने एक समाचार चैनल से बातचीत में कहा कि राष्ट्रपति की सोच यह है कि विदेशी विशेषज्ञों को तीन, पांच या सात साल के लिए अमेरिका लाया जाए ताकि वे यहां के कामगारों को प्रशिक्षित करें। उसके बाद वे लौट जाएं और अमेरिकी कामगार उनकी जगह काम संभालें।

उन्होंने इसे ज्ञान हस्तांतरण (नालेज ट्रांसफर) की रणनीति बताया। इसके तहत अमेरिकी सरकार सेमीकंडक्टर, जहाज निर्माण और प्रिसिशन मैन्युफैक्चरिंग जैसे उद्योगों को फिर से खड़ा करने की योजना पर काम कर रही है। उन्होंने कहा कि पिछले 20-30 वर्षों में हमने प्रिसिशन मैन्युफैक्चरिंग या शिपबिल्डिंग जैसी चीजें देश में नहीं की





■ खत्म हुआ अमेरिकी इतिहास का सबसे लंबा चलने वाला शटडाउन, बिल पर ट्रम्प ने किए हस्ताक्षर
■ अब हम अचानक कह नहीं सकते कि सब कुछ रातों-रात बन जाएगा: स्कॉट

हैं। अब हम अचानक कह नहीं सकते कि सब कुछ रातों-रात बन जाएगा। हमें कुशल विदेशी विशेषज्ञों की जरूरत है, जो अमेरिकियों को सिखा सकें। इस दौरान जब उनसे पूछा गया कि क्या इससे अमेरिकी नौकरियां खतरे में पड़ेंगी, तो उन्होंने कहा कि यह कहना गलत है कि एक अमेरिकी उस नौकरी को नहीं पा सकता। सच यह है कि, अभी नहीं पा सकता। हमें उन्हें तैयार करना होगा, और इसमें विदेशी विशेषज्ञ मदद करेंगे। बेसेंट ने आगे कहा कि विद. ेशी पार्टनर्स आकर अमेरिकी कामगारों को सिखाएं, यही असली जीत है। अमेरिकी वित्त मंत्री ने इस बातचीत में ट्रम्प प्रशासन की आर्थिक नीतियों पर भी चर्चा की। उन्होंने बताया की कि प्रशासन +100000 से कम आय वाले परिवारों को +2000 का टैरिफ छूट देने पर विचार कर रही है। उन्होंने कहा, शराष्ट्रपति चाहते हैं कि मजबूत व्यापार नीति का फायदा हर परिवार तक पहुंचे। +2000 का छूट इसी दिशा में एक कदम है। अमेरिकी वित्त मंत्री आगे ने कहा कि ट्रम्प प्रशासन की दृष्टि समान समृद्धि की है। इसके लिए जरूरी है कि अमे. रिकी ट्रेजरी मार्केट स्थिर और मजबूत रहे, ताकि अर्थव्यवस्था में भरोसा बना रहे। दूसरी ओर अमेरिकी इतिहास का सबसे लंबा चलने वाला शटडाउन आखिरकार खत्म हो गया है। अमेरिकी कांग्रेस ने शटडाउन खत्म करने वाले विधेयक को पारित किया। जिस पर राष्ट्रपति ट्रम्प ने हस्ताक्षर कर दिए। इसके साथ ही 43 दिन तक चला शटडाउन खत्म हो गया। शटडाउन खत्म करने के समझौते के तहत बीते 43 दिनों में नौकरी से निकाले गए संघीय कर्मचारियों को फिर से नौकरी पर बहाल किया जाएगा। प्रतिनिधि सदन में सत्ताधारी रिपब्लिकन पार्टी ने 222-209 के मतों से विधेयक पारित करा लिया। सीनेट पहले ही इस विधेयक को पारित कर चुकी थी और अब बस राष्ट्रपति ट्रम्प के भी हस्ताक्षर हो गए हैं। राष्ट्रपति ट्रम्प ने विधेयक पारित होने को बहुत बड़ी जीत बताया। गौरतलब है कि डेमोक्रेटिक पार्टी किफायती देखभाल कानून के तहत मिलने वाले स्वास्थ्य कवरेज के लिए टैक्स क्रेडिट बढ़ाने की मांग कर रही थी। इस साल के अंत में यह टैक्स क्रेडिट खत्म हो रही है। अगर सरकार टैक्स क्रेडिट नहीं बढ़ाती है तो लोगों को मिलने वाला स्वास्थ्य कवरेज महंगा हो जाएगा।

## अमेरिका ने भारतीय कंपनी पर लगाए प्रतिबंध

■ ईरान के मिसाइल और यूएवी कार्यक्रमों के लिए सामग्री की आपूर्ति करने का मामला

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने ईरान के बैलिस्टिक मिसाइल और मानवरहित हवाई वाहन (यूएवी) कार्यक्रमों के लिए सामग्री की आपूर्ति करने के मामले में भारत , चीन, हांगकांग, संयुक्त अरब अमीरात, तुर्की, और अन्य क्षेत्रों में 32 संस्थाओं और व्यक्तियों पर प्रतिबंध लगाने की घोषणा की है।

अमेरिकी वित्त विभाग ने गुरुवार को एक बयान में कहा कि इन प्रतिबंधित कंपनियों में एक भारतीय कंपनी फार्मलेन प्राइवेट लिमिटेड भी शामिल है। उस पर मिसाइल उत्पादन के लिए महत्वपूर्ण रासायनिक पूर्व-उत्पाद उपलब्ध कराने का आरोप है। भारतीय कंपनी एमवीएम पार्टनरशिप नेटवर्क का हिस्सा थीं जिसने 2023 से चीन से सैकड़ों मीट्रिक टन मिसाइल प्रणोदक सामग्री खरीदी है। इन सामग्रियों का उपयोग अमोनियम परक्लोरेट के निर्माण में किया जाता है जो ठोस प्रणोदक रॉकेट मोटर्स का एक प्रमुख घटक है। अमेरिका का आरोप है कि इस भारतीय कंपनी ने ईरान के बैलिस्टिक मिसाइल और ड्रोन प्रोग्राम्स के लिए सामग्री और टेक्नोलॉजी मुहैया कराई।

वित्त मंत्रालय के विदेशी संपत्ति नियंत्रण कार्यालय (ओएफएसी) की ओर से यह कार्रवाई, ईरान, संयुक्त अरब अमीरात, तुर्की, चीन, हांगकांग, भारत, जर्मनी और यूक्रेन में 32 व्यक्तियों और संस्थाओं को प्रभावित करने वाले एक व्यापक प्रतिबंध पैकेज का हिस्सा है। यह कदम ईरान की सैन्य क्षमताओं पर अंकुश लगाने के अमे. रिकी प्रयासों को दर्शाता है। प्रतिबंधित कंपनियां कथित तौर पर ईरान के हथियार उत्पादन का समर्थन करने वाले कई खरीद नेटवर्क का हिस्सा थीं।

## कांगो में 2.5 करोड़ लोग कर रहे खाद्य संकट का सामना: संयुक्त राष्ट्र

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र ने कहा है कि कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य (डीआरसी) में लगभग 2.5 करोड़ यानी कुल आबादी का 20 प्रतिशत से ज़्यादा लोग गंभीर खाद्य संकट का सामना कर रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र महासचिव के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने बुधवार को एक दैनिक ब्रीफिंग में कहा कि डीआरसी खाद्य असुरक्षा से सबसे जयादा प्रभावित देशों में से एक है और पूर्वी हिस्से में स्थिति विशेष रूप से गंभीर है। उन्होंने कहा कि नवीनतम एकीकृत खाद्य सुरक्षा चरण वर्गीकरण विश्लेषण के अनुसार, 2026 की पहली छमाही में यह संख्या लगभग 2. 7 करोड़ तक पहुंचने का अनुमान है। दुजारिक ने कहा कि मानवीय मामलों के समन्वय के लिए संयुक्त राष्ट्र कार्यालय (ओसीएचए) उत्तरी किवु प्रांत के बेनी और लुबेरो क्षेत्रों और इतुरी प्रांत में नागरिकों पर लगातार हो रहे हमलों को लेकर बेहद चिंतित है। इस साल की शुरुआत से इन दोनों प्रांतों में कथित तौर पर 1000 से जयादा लोग मारे गए हैं। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य सेवाओं पर इसका प्रभाव विनाशकारी रहा है।

## बलूचिस्तान में बगावत की आग भड़कने से दहशत

■ प्रांत के सारे ग्रामीण इलाकों में इंटरनेट सेवा बंद रहेगी

**कराची।** पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में गृहयुद्ध जैसे हालात गहराते जा रहे हैं। पाकिस्तानी सेना की ओर से आम नागरिकों की हत्याओं और बलोच नेताओं के अपहरण की घटनाओं के बीच बलूचिस्तान में मोबाइल इंटरनेट सेवा बंद कर दी गई है।

गृह मंत्रालय की ओर से जारी सुरक्षा अलर्ट के बाद राजधानी क्वेटा को छोड़कर पूरे बलूचिस्तान प्रांत में इंटरनेट बैन लगा दिया गया है। बलूचिस्तान प्रांत की सरकार के गृह विभाग की ओर से बुधवार (12 नवम्बर, 2025) को जारी अलर्ट के बाद 16 नवम्बर, 2025 तक के लिए मोबाइल इंटरनेट को बैन कर दिया गया। राष्ट्रीय राजमार्ग एन-70 के लोरलाई खंड तक गाड़ियों की आवाजाही पर भी रोक लगा दी गई है। ये रोक 14 नवम्बर तक जारी रहेगी। अधिकारियों ने इस बारे में जानकारी देते हुए कहा कि सेवाओं पर प्रतिबंध लगाने का ये फैसला प्रांत में सुरक्षा अलर्ट और मौजूदा परिस्थितियों को देखते हुए लिया गया है। अधिकारियों ने ये भी एलान किया कि क्वेटा के कैंटोनमेंट इलाके के सारे स्कूल सुरक्षा कारणों से 16 नवम्बर तक बंद रहेंगे। बलूचिस्तान प्रांत के अधिकारियों ने कहा कि प्रांत के सारे ग्रामीण इलाकों में इंटरनेट सेवा बंद रहेगी। क्वेटा में ये प्रति. बंध लागू नहीं होगा। हालांकि बुधवार को क्वेटा में कई इंटरनेट यूजर्स ने सेवाओं के काम न करने की शिकायत दर्ज कराई थी। गृह विभाग की ओर से सारे जिला प्रशासनों, पुलिस और संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि इस फैसले को तत्काल लागू कराया जाए। इसके साथ ही जनता के लिए वैकल्पिक व्यवस्था करने का भी निर्देश दिया। बलूचिस्तान में लंबे समय से बलोच आर्मी की ओर से पाकिस्तानी सेना को निशाना बनाया जाता रहा है। वहीं जवाबी कार्रवाई पाकिस्तानी सेना भी बलोच नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ आम नागरिकों पर भी जुल्म ढाने में कोई कोताही नहीं बरतती है। 18 सितम्बर, 2025 को पाकिस्तानी सेना ने बलूचिस्तान के जेहरी इलाके में एयरस्ट्राइक की थी, जिसमें 3 आम नागरिक मारे गए थे।

## तुर्की सैन्य विमान दुर्घअना में मारे गए 20 सैनिकों के शव मिले

**अंकारा।** जॉर्जिया में तुर्की के सैन्य विमान हादसे में मारे गए सभी 20 सैनिकों के शव मिले गए हैं। तुर्की रक्षा मंत्रालय ने गुरुवार को यह जानकारी दी। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि लॉकहीड सी-130 हरक्यूलिस सैन्य परिवहन विमान जॉर्जिया में दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। राष्ट्रपति रेचेप तैयप एर्दोगन ने बुधवार को कहा था कि दुर्घटना में मारे गए 19 सैनिकों के शव मिल गए हैं। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि अज़रबैजान-जॉर्जियाई सीमा पर सैन्य परिवहन विमान दुर्घटना स्थल पर तलाशी अभियान में 20वें मृत सैनिक का शव बरामद कर लिया गया है।

# बांग्लादेश में 15 फरवरी तक होंगे संसदीय चुनाव

## अंतरिम पीएम मोहम्मद यूनुस का ऐलान, 17 नवम्बर को शेख हसीना को सजा सुनाई जाएगी

**ढाका।** बांग्लादेश में अगले साल फरवरी में 15 तारीख से पहले संसदीय चुनाव होंगे। अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस ने देश को संबोधित करते हुए इसकी जानकारी दी। वहीं, शेख हसीना के खिलाफ दर्ज मानवता के खिलाफ अपराध मामले में आज फैसले की तारीख का ऐलान हो गया है। ढाका की इंटरनेशनल क्राइम्स ट्रिब्यूनल (आईसीटी) 17 नवम्बर, सोमवार को अपना फैसला सुनाएगी।

आज फैसले से पहले आईसीटी के आसपास सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। फैसले के खिलाफ अवामी लीग ने लाकडाउन का ऐलान किया था। इसके जवाब में बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) और बांग्लादेश जमात-ए-इस्लामी के कार्यकर्ता गुरुवार को ढाका के कई इलाकों में सड़कों पर उतर आए और कुछ जगहों पर



जुलूस भी निकाले। दूसरी तरफ बांग्लादेश की राजधानी ढाका में आज दोपहर करीब 1 बजे प्रदर्शनकारियों ने अवामी लीग के मुख्यालय में आग लगा दी।

ढाका ट्रिब्यून के मुताबिक करीब 10 से 15 लोगों ने इमारत की चौथी मंजिल पर लकड़ियां, पेपर कार्टन और अन्य सामान इकट्ठा करके आग लगा दिया। 5 अगस्त को अवामी लीग सरकार गिरने के बाद भी इसी इमारत में आग लगाई गई थी। अवामी लीग को बांग्लादेश को बैन किया जा चुका है।

यूनुस ने यह भी घोषणा की कि जुलाई चार्टर पर जनमत संग्रह (रेफरेंडम) भी संसदीय चुनाव के दिन कराया जाएगा, जिस दिन संसदीय चुनाव होंगे। उन्होंने कहा कि मकसद देश में लोकतांत्रिक प्रक्रिया को मजबूत करना है। जुलाई 2025 में, देश के राजनीतिक दलों और नागरिक संगठनों के बीच एक 'जुलाई चार्टर' नाम का संविधान सुधार प्रस्ताव बना था। इसमें 4 अहम चीजें तय करने की को. शिश हुई थी। बांग्लादेश के चीफ एडवाइजर मोहम्मद यूनुस ने आज घोषणा की कि राष्ट्रीय चुनाव और जुलाई चार्टर पर जनमत संग्रह दोनों एक ही दिन होंगे। सरकार ने यह फैसला मौजूदा राजनीतिक संकट को सुलझाने के प्रयास के तहत लिया है। यूनुस ने गुरुवार दोपहर राष्ट्र के नाम संबोधन में कहा कि जनमत संग्रह में जनता से जुलाई चार्टर को लागू करने के आदेश पर राय मांगी जाएगी।

# पाक से 3 महीने में बिजनेस बंद करेगा अफगान

## तालिबान ने अफगानी व्यापारियों को अल्टीमेटम दिया, कहा: कोई दूसरा रास्ता तलाशें

**ढाका।** पाकिस्तान के साथ तनाव के बीच अफगानिस्तान की तालिबान सरकार ने व्यापारियों और उद्योग. पतियों से बिजनेस के दूसरे रास्ते तलाशने को कहा है।

अफगानिस्तान के उपप्रधानमंत्री मुल्ला अब्दुल गनी बरादर ने कहा कि, पाकिस्तान के साथ सीमा बंद होने से व्यापार ठप हो गया है। उन्होंने बताया कि इससे हर महीने करीब 200 मिलियन अमेरिकी डालर (लगभग 1700 करोड़ रुपये) का नुकसान हो रहा है। बरादर ने सीमा बंदी को 'आर्थिक युद्ध' करार दिया। उन्होंने पाकिस्तान से आने वाली दवाओं की खराब क्वालिटी की भी आलोचना की। साथ ही लेन-देन खत्म करने के लिए 3 महीने का समय दिया है। वहीं,



■ व्यापार मंत्री नूरुद्दीन अजीजी ने व्यापारियों से मध्य एशियाई देशों की ओर रुख करने की अपील की

व्यापार मंत्री नूरुद्दीन अजीजी ने व्यापारियों से मध्य एशियाई देशों की ओर रुख करने की अपील की। अजीजी ने कहा कि पाकिस्तान ने अक्सर बाधाएं खड़ी की हैं, खासकर फलों के निर्यात के मौसम में। ये रुकावटें बिना किसी बुनियादी या तार्किक आधार के हैं, और ये दोनों देशों के लिए नुकसानदेह हैं। दोनों देशों के बीच तोरखम और स्पिन बोल्डक सहित पांच प्रमुख क्रासिंग एक महीने से ज्यादा से बंद हैं। उपप्रधानमंत्री बरादर ने कहा कि अफगानिस्तान को अक्सर राजनीतिक दबाव के तहत निशाना बनाया जाता है। व्यापार संबंधों और शरणार्थियों की कठिनाइयों का इस्तेमाल राजनीतिक मकसद को पूरा करने के लिए किया जाता है। उन्होंने जोर देकर कहा कि यह नकारा नहीं जा सकता कि व्यापार के मामले में सभी देश आपस में निर्भर हैं। पाकिस्तान अफगानिस्तान को सीमेंट, दवाइयां, आटा, स्टील, कपड़े, फल और सब्जियां निर्यात करता है, जबकि वो सीमा पार से कोयला, साबुन पत्थर, मेवे और ताजे फल आयात करता है। फल, सब्जियां, मांस, डेयरी जैसे प्रोडक्ट एक-दूसरे को भेजते हैं। बरादर ने कहा कि अगर पाकिस्तान व्यापार मार्गों को फिर से खोलने का इरादा रखता है, तो उसे इस बात की पुख्ता गारंटी देनी होगी कि किसी भी कारण से या किसी भी परिस्थिति में सीमाएं फिर से बंद नहीं होंगी। यह बयान दोनों देशों के बीच चल रहे तनाव के बीच आया है। जो हाल के हफ्तों में सीमा पर हुई झड़पों से और बढ़ गया है।

## कनाडा ने रूस के खिलाफ लगाए गए प्रतिबंध

**ओटावा।** कनाडा ने रूस के ऊर्जा क्षेत्र, सैन्य क्षमताओं और साइबर बुनियादी ढांचे से जुड़े व्यक्तियों और संस्थाओं के खिलाफ प्रतिबंध लगाने की घोषणा की है।

कनाडा की विदेश मंत्री अनीता आनंद ने बुधवार को एक प्रेस विज्ञप्ति में घोषणा की कि ये उपाय देश के विशेष आर्थिक उपाय (रूस) विनियमों के तहत 13 व्यक्तियों और 11 संस्थाओं को लक्षित करते हैं। विज्ञप्ति के अनुसार, ये उपाय रूस की पारंपरिक और हाइब्रिड सैन्य क्षमताओं को कम करने के साथ-साथ उसके ऊर्जा राजस्व और वित्तीय संसाधनों को भी प्रभावित करने पर केंद्रित हैं। लक्षित लोगों में रूस के ड्रोन कार्यक्रम से जुड़े कई व्यक्ति और संस्थाएं शामिल हैं। इसमें कहा गया है कि ये उपाय पहली बार कनाडा द्वारा उन संस्थाओं पर प्रतिबंध लगाने का भी संकेत देते हैं जो यूक्रेन के खिलाफ रूसी हाइब्रिड रणनीतियों में कथित तौर पर इस्तेमाल किए जाने वाले साइबर बुनियादी ढांचे की आपूर्ति करती हैं। इसके अतिरिक्त, प्रतिबंधों में कई रूसी तरलीकृत प्राकृतिक गैस संस्थाओं के साथ-साथ रूस के छाया बेड़े के हिस्से के रूप में वर्णित 100 जहाजों को भी सूचीबद्ध किया गया है। विज्ञप्ति में कहा गया है कि ये कदम अमेरिका, यूरोपीय संघ और ब्रिटेन द्वारा हाल ही में घोषित प्रतिबंधों के अनुरूप उठाए गए हैं।


यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ



पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108